# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, शनिवार, 9 अगस्त 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 84 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


## देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

1942 : महात्मा गांधी को ब्रिटिश सरकार ने गिरफ्तार किया।

1945 : अमेरिका ने नागासाकी पर परमाणु बम गिराया।

1971 : भारत-रूस मैत्री संधि पर हस्ताक्षर।

1999 : रूस में खुफिया सेवा के प्रमुख ब्लादिमीर पुतिन को कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त किया।

2005 : नासा का मानवयुक्त अंतरिक्ष यान कैलिफ़ोर्निया स्थित एयरबेस पर सकुशल उतरा।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व विधायक संजीव सिंह को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** झरिया के पूर्व विधायक और भाजपा नेता संजीव सिंह को नीरज सिंह हत्याकांड में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है। यह मामला पिछले 8 वर्षों से झारखंड की राजनीति और कानून व्यवस्था का केंद्र बना हुआ था। संजीव सिंह फिलहाल रांची के रिम्स अस्पताल में इलाजरत हैं। वहीं, उनका स्वास्थ्य परीक्षण जारी है।

### दो दिनों से लापता व्यक्ति का शव कुएं में मिला

**गुमला (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के घाघरा थाना क्षेत्र के गम्हरिया गांव में एक व्यक्ति का शव गांव के ही कुएं में मिला है। मृतक की पहचान गम्हरिया निवासी अवधेश उरांव के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार अवधेश बुधवार रात लगभग 12 बजे के करीब घर से निकला था। उसके बाद वह घर नहीं लौटा। मृतक के परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। शुक्रवार सुबह जब कुछ ग्रामीण पूना भगत के कुएं में पानी भरने गए तो उन्होंने कुएं के अंदर पानी में एक शव उपलाता देखा।

### सड़क दुर्घटना में किशोर की मौत

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के कोलडीहा में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक नाबालिग की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान मुफ्फसील थाना क्षेत्र के पहाड़ीडीह निवासी 16 वर्षीय मोहम्मद कुर्बान अंसारी के रूप में हुई है। घटना के अनुसार तीनों नाबालिग एक स्कूटी पर सवार होकर मॉर्निंग वॉक के लिए कोलडीहा के रास्ते गिरिडीह स्टेडियम जा रहे थे। इसी दौरान कोलड़ीहा पेट्रोल पंप के पहले एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी को टक्कर मार दी।

### तालाब में डूबने से युवती की मौत

**गुमला (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के भरनो थाना क्षेत्र के महुगांव में एक दुखद घटना सामने आई है। गुरुवार की देर शाम 18 वर्षीय युवती संतोषी कुमारी की तालाब में डूबने से मौत हो गई। संतोषी खेतीबारी से काम करके लौट रही थी। इसके बाद वह गांव के तालाब में हाथ-पैर धोने गई थी। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह पानी में डूब गई। जब परिजनों और ग्रामीणों को इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने युवती को पानी से बाहर निकाला लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और संतोषी की मौत हो चुकी थी।

### मानसूनी बारिश से 72% से अधिक हुई धान की रोपनी

**रांची(नबिटा ब्यूरा)।** झारखंड पर इस वर्ष मानसून कुछ ज्यादा ही मेहरबान हैं। 17 जून से रांची सहित राज्य के ज्यादातर जिलों में प्रायः हर दिन बारिश हो रही है। इन सबके बीच सबसे अधिक राहत देने वाली खबर यह है कि धान की फसल का आच्छादन 07 अगस्त तक लक्ष्य का 72% पार कर गया है।

## केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में पांच प्रस्तावों पर लिया गया फैसला

# पीएम उज्ज्वला योजना के तहत 12 हजार करोड़ रुपये की मंजूरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत 2025-26 के लिए 12,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी को मंजूरी दे दी। इससे 10.33 करोड़ परिवारों को लाभ मिलेगा। रक्षाबंधन से ठीक पहले लिए गए इस फैसले से बड़े पैमाने पर देश की महिलाओं को लाभ पहुंचेगा। इसके साथ ही केंद्रीय कैबिनेट ने तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) को 30,000 करोड़ रुपये की एलपीजी सब्सिडी को मंजूरी दे दी है। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कैबिनेट में लिए इन फैसलों की जानकारी दी। देश भर के गरीब परिवारों की वयस्क महिलाओं को मुफ़्त एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने के लिए मई 2016 में पीएमयूवाई योजना शुरू की गई थी। 1 जुलाई तक, भारत में लगभग 10.33 करोड़ पीएमयूवाई कनेक्शन हैं। सरकार की ओर से एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के लाभार्थियों को प्रति वर्ष 9 रिफिल (और 5 किलोग्राम सिलेंडर के लिए आनुपातिक रूप से आनुपातिक) के लिए 14.2 किलोग्राम सिलेंडर पर



300 रुपये की लक्षित सब्सिडी को मंजूरी दी है जिस पर 12,000 करोड़ रुपये का व्यय होगा। भारत अपनी एलपीजी आवश्यकता का लगभग 60 प्रतिशत आयात करता है। कैबिनेट बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना को समावेशी विकास के लिए विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का उद्देश्य जनता के जीवन में बदलाव लाना है। अब तक 10.33 करोड़ उज्ज्वला कनेक्शन दिए जा चुके हैं। कैबिनेट ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पीएम उज्ज्वला लाभार्थियों के लिए 12,060 करोड़ रुपये की सहायता को मंजूरी दी है। श्री वैष्णव ने कहा कि कैबिनेट ने 4200 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ बहु-विषयक शिक्षा और तकनीकी शिक्षा में अनुसंधान सुधार योजना के लिए बजटीय सहायता को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत राज्य सरकार के संस्थानों को सहायता दी जाएगी। पूरे देश के 175 इंजीनियरिंग संस्थानों और 100 पॉलिटेक्निक को इसके तहत लाभ मिलेगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया 2014 से पहले उत्तर-पूर्व में बहुत सारे विवाद, आंदोलन हुआ करते थे। पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में संवाद के माध्यम से विकसित समाधानों के माध्यम से 10,000 कैडर आत्मसमर्पण कर चुके हैं और मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं। कैबिनेट ने असम और त्रिपुरा के लिए विशेष विकास पैकेजों की मौजूदा केंद्रीय क्षेत्र योजना के तहत चार नए घटकों को मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि इसका कुल खर्च 7,250 करोड़ रुपये जिसमें केंद्र- 4,250 करोड़ रुपये खर्च करेगा और राज्य- 3,000 करोड़ रुपये देगी। कैबिनेट ने तमिलनाडु में 4-लेन मरक्कनम-पुदुचेरी के निर्माण को भी मंजूरी दी है जिसकी लंबाई 46 किमी होगी। इसमें कुल 2,157 करोड़ रुपये की पूंजी लगेगी।

## फरार आरोपियों के घरों पर चिपकाया इश्तेहार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**धनबाद।** जिले के बरवाअड्डा थाना अंतर्गत न्यू कॉलोनी में शुक्रवार को पुलिस टीम ने पांच फरार आरोपियों के घरों पर न्यायालय द्वारा जारी इश्तेहार चिपकाए। यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश पर की गई है। इश्तेहार में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि आरोपियों के कोर्ट में उपस्थित न होने की स्थिति में कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने फरार चल रहे नामजद अभियुक्त मनोज कुमार यादव, रवि संगम यादव, रामजी प्रसाद, रोशन कुमार यादव और राजकुमार यादव के घरों पर यह नोटिस लगाए हैं। ये सभी आरोपी बरवाअड्डा थाना कांड संख्या 149/2023 के तहत दर्ज मामले में वांछित हैं। सूत्रों के अनुसार वर्ष 2023 में इन पांचों आरोपियों पर अपने ही रिश्तेदारों के साथ मारपीट करने का आरोप है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से सभी आरोपी फरार चल रहे हैं। पुलिस को उनकी कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी है। बार-बार समन और गिरफ्तारी वारंट के बावजूद आरोपी कानून से बचते रहे। काफी समय से गिरफ्त से बाहर चल रहे आरोपियों को अदालत में पेश न होते देख, न्यायालय ने उनके खिलाफ दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 82 के तहत इश्तेहार जारी करने का आदेश दिया। इसके पालन में बरवाअड्डा पुलिस ने आरोपियों के घरों पर सार्वजनिक रूप से नोटिस चिपकाया है। नोटिस में चेतावनी दी गई है कि यदि वे निर्धारित समयावधि में न्यायालय या थाना में समर्पण नहीं करते, तो सीआरपीसी की धारा 83 के अंतर्गत कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। एएसआई बिजय कुजूर ने बताया कि सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इश्तेहार चिपकाने के बाद अब पुलिस आगे की कार्रवाई के लिए न्यायालय की अगली प्रक्रिया का इंतजार कर रही है।

## स्वतंत्रता दिवस पर झंडोत्तोलन में शामिल नहीं होंगे सीएम हेमंत सोरेन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची के ऐतिहासिक मोराबादी मैदान में इस बार स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बिना आयोजित होगा। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) प्रवक्ता मनोज पांडेय ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री 15 अगस्त को अपने दिवंगत पिता और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के श्राद्धकर्म में व्यस्त रहेंगे। वे 16 अगस्त को रांची लौटेंगे। आमतौर पर मोराहाबादी मैदान में स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री ही ध्वजारोहण करते हैं और राज्यवासियों को संबोधित करते हैं लेकिन इस बार उनकी अनुपस्थिति में झंडोत्तोलन की जिम्मेदारी किसी अन्य मंत्री को दी जाएगी। सूत्रों के मुताबिक यह जिम्मा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू या मंत्री दीपिका पांडेय सिंह को सौंपी जा सकती है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। राज्य सरकार की ओर से मुख्य समारोह की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सतर्कता बरतते हुए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की है। कार्यक्रम में स्कूलों के बच्चे सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे जबकि पुलिस, अर्धसैनिक बलों और एनसीसी की टुकड़ियां परेड में शामिल होंगी। मोराहाबादी मैदान में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह झारखंड की परंपरा का हिस्सा है। हर साल मुख्यमंत्री यहां ध्वजारोहण करते हैं लेकिन इस बार 'बाबा' शिबू सोरेन के निधन के बाद हो रहे श्राद्धकर्म के कारण मुख्यमंत्री की गैरमौजूदगी में यह परंपरा एक अपवाद के साथ निभाई जाएगी।

### शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की स्थिति काफी गंभीर

**दुमका(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड सरकार में शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की स्थिति काफी गंभीर है। यह जानकारी स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने जानकारी दी है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि उनका ब्रेन डेड हो चुका है लेकिन बॉडी फंक्शन कर रही है। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने बताया कि नई दिल्ली के अपोलो अस्पताल में ब्रेन के सीनियर चिकित्सक उनका इलाज कर रहे हैं। डॉक्टर्स से लगातार मेरी बात हो रही है। इसके साथ ही रिपोर्ट भेजकर यूएस से भी सजेशन मंगाया गया है। जिस पर रविवार को काम होगा। हम लोग अपनी तरफ से बेहतर से बेहतर व्यवस्था देने में जुटे हैं।

## सभी सरकारी कार्यों में तत्परता और निरंतरता बनी रहे : हेमंत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इन दिनों अपने जीवन के सबसे कठिन दौर से गुजर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन को पांच दिन हो चुके हैं लेकिन शोक और पीड़ा अब भी गहरी है। आंखों से आंसू थम नहीं रहे, मन बेचैन और व्यथित है। इसके बावजूद सीएम हेमंत रामगढ़ जिले के नेमरा स्थित अपने पैतृक आवास से एक ओर पारंपरिक विधि-विधान के साथ अंतिम रस्में निभा रहे हैं तो दूसरी ओर राज्य के शासन-प्रशासन का काम भी संभाल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने शोक की घड़ी में भी राज्यहित के कार्यों को प्राथमिकता दी है। जरूरी संचिकाओं पर निर्णय लेने से लेकर वरीय अधिकारियों के साथ लगातार संवाद बनाए रखा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सभी कार्यों में तत्परता और निरंतरता बनी रहे तथा आम जनता की समस्याओं का तत्काल समाधान हो। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा है कि किसी भी कार्य में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और उन्हें हर पल अद्यतन सूचनाएं भेजी जाएं ताकि आवश्यकतानुसार निर्देश दिए जा सकें। मुख्यमंत्री ने भावुक होते हुए कहा कि बाबा के निधन के बाद जिस तरह राज्य की जनता ने उनके परिवार के साथ खड़े होकर संबल दिया उसी से उन्हें यह शक्ति मिली कि वे इस कठिन समय में भी अपने दायित्वों को निभा सकें। उन्होंने कहा कि यह जनता का विश्वास ही है जो उन्हें व्यक्तिगत पीड़ा के बीच भी राजधर्म निभाने की प्रेरणा दे रहा है। हेमंत सोरेन ने याद किया कि शिबू सोरेन हमेशा कहा करते थे कि सार्वजनिक जीवन में जनता के लिए हमेशा खड़ा रहना चाहिए। वे संघर्ष की मिसाल थे और कभी झुके नहीं। संसद से लेकर सड़क तक, उन्होंने झारखंड के लिए लड़ाई लड़ी और कभी निजी स्वार्थ को प्राथमिकता नहीं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा ने उनसे राज्य के भविष्य के लिए कई वचन लिए थे और वे इन वचनों को पूरा करने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिशोम गुरु भले शारीरिक रूप से अब हमारे बीच नहीं हैं लेकिन वे हमेशा पथप्रदर्शक और मार्गदर्शक बने रहेंगे।

## दो शातिर चोर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोकारो।** शहर में लगातार हो रही चोरियों का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में एक रांची के रिम्स अस्पताल में वार्ड बॉय के रूप में कार्यरत था। एसपी हरविंदर सिंह के निर्देश पर गठित विशेष छापामारी टीम ने डीएसपी नगर आलोक रंजन के नेतृत्व में कार्रवाई की। पुलिस ने सबसे पहले रांची के बरियातू थाना क्षेत्र के देसवाली टोला से 37 वर्षीय बिनोद सोरेंग उर्फ रघु नुण्डा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने बोकारो शहर में हुई कई चोरियों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। बिनोद के किराए के मकान से पुलिस ने चोरी का सामान बरामद किया। उसकी निशानदेही





पर माराफारी झोपड़ी कॉलोनी निवासी 21 वर्षीय महेश कुमार उर्फ लल्ला को भी गिरफ्तार किया गया। महेश ने भी चोरी में शामिल होने की बात स्वीकार की। दोनों आरोपियों के पास से सोने-चांदी के आभूषण, एप्पल कंपनी का लैपटॉप, एयरपॉड, मोबाइल फोन, 7,700 रुपए नकद और 300 रुपए के सिक्के, पीतल के बर्तन, पावर बैंक तथा दरवाजा तोड़ने के उपकरण बरामद किए गए हैं। जांच में पता चला है कि बिनोद सोरेंग का पहले भी आपराधिक इतिहास रहा है। वह बीएस सिटी थाना से जेल जा चुका है। उसके खिलाफ वर्ष 2025 में बीएस सिटी थाना में गृहभेदन के कुल आठ मामले दर्ज हैं।

## आइइडी विस्फोट में सीआरपीएफ के दो जवान गंभीर रूप से घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**चाईबासा।** झारखंड के चाईबासा जिले में नक्सल प्रभावित सारंडा जंगल के दीघा इलाके में शुक्रवार को सर्च ऑपरेशन के दौरान आईईडी ब्लास्ट में कोबरा बटालियन के दो जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। सीआरपीएफ की टीम इलाके में नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान चला रही थी तभी नक्सलियों द्वारा जमीन में छिपाकर रखे गए आईईडी बम में विस्फोट हो गया। जानकारी के मुताबिक ब्लास्ट की चपेट में आने से दोनों जवान बुरी तरह घायल हो गए। साथियों ने तुरंत उन्हें प्राथमिक उपचार दिया और फिर बेहतर इलाज के लिए हेलीकॉप्टर के माध्यम से रांची के मेडिका अस्पताल भेजा गया। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। विस्फोट की आवाज सुनते ही बाकी जवानों ने सतर्कता बरतते हुए इलाके की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही उच्च अधिकारी मौके के लिए रवाना हो गए हैं। सुरक्षा बल अब पूरे क्षेत्र की गहन तलाशी ले रहे हैं ताकि नक्सलियों की किसी भी संभावित साजिश को नाकाम किया जा सके।

## स्कूल से ड्रॉप आउट बच्चों को फिर से पढ़ाई से जोड़ने की तैयारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सरकार ने राज्य के उन बच्चों को दोबारा स्कूल से जोड़ने की एक बड़ी योजना शुरू की है, जो किसी कारण से पढ़ाई छोड़ चुके हैं। राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के तहत चल रही इस पहल में 6 से 18 साल के उन बच्चों को लक्ष्य बनाया गया है जो स्कूल से बाहर हैं। इस काम में सरकार गैर-सरकारी संगठनों और कॉर्पोरेट सेक्टर से सहयोग लेना चाहती है। खास बात यह है कि यह सहयोग बिलकुल गैर-वित्तीय होगा यानी सरकार इनसे पैसों की मांग नहीं कर रही, बल्कि काम में भागीदारी चाहती है। इस योजना के तहत सबसे पहले राज्यभर में स्कूल से बाहर बच्चों की पहचान (चिन्हीकरण) की जाएगी। फिर उन्हें नजदीकी स्कूलों में नामांकित किया जाएगा। क्योंकि बहुत से बच्चों ने लंबे समय से पढ़ाई नहीं की है, इसलिए उन्हें शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत विशेष शिक्षण कार्यक्रम के जरिए पढ़ाई में वापस लाने का प्रयास होगा। इस अभियान में भागीदार बनने वाले संगठन सरकार के पहले से चल रहे कार्यक्रमों जैसे कि



प्रयास कार्यक्रम और जीरो ड्रॉप आउट पंचायत योजना से भी जुड़ सकेंगे। इस पूरे अभियान की निगरानी और समन्वय के लिए रांची स्थित झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद कार्यालय में एक राज्य स्तरीय पीएमयू कोषांग बनाया जाएगा। इस टीम में सरकारी प्रतिनिधियों के साथ-साथ एनजीओ और कॉर्पोरेट सेक्टर के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। यह टीम योजना की दिशा तय करेगी, मॉनिटरिंग करेगी और जरूरी फैसले भी लेगी। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने राज्य और देश भर के उन संगठनों व कंपनियों से अपील की है जो शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देना चाहते हैं। ऐसे सभी इच्छुक संगठन 18 अगस्त 2025 तक ऑनलाइन लिंक के माध्यम से पंजीकरण करा सकते हैं। परियोजना परिषद के निदेशक शशि रंजन ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत विशेष शिक्षण कार्यक्रम के जरिए पढ़ाई में वापस लाने का यह प्रयास है। इन पंजीकृत संगठनों के साथ 22 अगस्त 2025 को बैठक आयोजित की जाएगी, जिसकी अध्यक्षता राज्य परियोजना निदेशक करेंगे। इस बैठक में योजना की विस्तृत जानकारी दी जाएगी और यह तय होगा कि कौन संस्था किस स्तर (विद्यालय/प्रखंड/जिला) पर काम करेगी। सरकार का मानना है कि हर बच्चे को शिक्षा का अवसर मिलना चाहिए और समाज के सभी हिस्सों को इसमें भूमिका निभानी चाहिए। स्कूल से बाहर बच्चों को दोबारा मुख्यधारा में लाना एक सामाजिक जिम्मेदारी भी है। झारखंड की यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति और समग्र शिक्षा अभियान की सोच को जमीन पर उतारने की दिशा में एक ठोस कदम है।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT

DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY

GLOBAL VISION

(A Complete Solution in Professional Services)

: Regd. Office/ Head Office :

Manaitand, Near Water Tank

Dhanbad, Jharkhand- 826001

Command Office : Jagat Trade Centre, Patna

Contact No.- 9835333441, 8210823092

E-Mail : globalvision96@yahoo.in

# खगड़िया में 4 नदियों का जलस्तर बढ़ा: 51 नावों से राहत कार्य जारी

## कार्यपालक अभियंता तटबंधों की कर रहे निगरानी



**खगड़िया, एजेंसी।** खगड़िया में बाढ़ का पानी धीरे-धीरे कई इलाकों में फैल रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने राहत और बचाव कार्यों को पूरी सक्रियता के साथ शुरू कर दिया है। जिले में बागमती, कोसी, बूढ़ी गंडक और गंगा सभी प्रमुख नदियों का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर चुका है। बागमती का जलस्तर 36.37 मीटर है, जो खतरे के निशान से 0.74 मीटर ऊपर है। कोसी 34.59 मीटर पर है, जो खतरे के निशान से 0.74 मीटर ऊपर है। बूढ़ी गंडक 37.72 मीटर पर है, जो खतरे के निशान से 1.12 मीटर ऊपर है। गंगा का जलस्तर 35.69 मीटर है, जो खतरे के निशान से 1.62 मीटर ऊपर है। प्रशासन इन जलस्तरों पर लगातार नजर रख रहा है और सभी संबंधित विभागों को अलर्ट पर रखा गया है।

### जलजमाव के कारण सड़क से संपर्क टूटा

गोगरी अंचल के झिकटिया पंचायत वार्ड-17, बोरना पंचायत 11 वार्ड, बन्नी पंचायत और गोगरी पंचायत के हिस्से जलमग्न हो गए हैं। कुछ क्षेत्रों में सड़क संपर्क पूरी तरह टूट चुका है। प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्रों में नावों की व्यवस्था कर राहत पहुंचाई है। भूरिया दियारा कटघरा में पुल पर पानी आने के कारण भी नाव चलाई जा रही है। प्रभावित लोगों ने पॉलिथीन शीट्स की मांग की है, जिसे प्रशासन ने प्राथमिकता पर लिया है। जिले में कुल 51 नावों का संचालन हो रहा है। ये नावें प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने के साथ जरूरी सामान की आपूर्ति भी कर रही हैं। रहीमपुर मध्य, दक्षिणी और उत्तरी पंचायतों में भी पानी घुस आया है। यहां पहले से ही 9 नावें चलाई जा रही हैं।

### कार्यपालक कर रहे तटबंधों की निगरानी

परबत्ता अंचल के कुल्हरिया, भरसो, माधवपुर, तेमथा करारी, दरियापुर और भेलवा पंचायतों में भी नाव चलाने की व्यवस्था की गई है। बांधों की निगरानी और पेयजल की व्यवस्था के लिए एफसीडी-1 के कार्यपालक अभियंता द्वारा सभी तटबंधों की निगरानी की जा रही है। वहीं, दरियापुर भेलवा में चापाकल लगाने की जरूरत को देखते हुए डीएम नवीन कुमार ने पीएचईडी विभाग को तुरंत कार्रवाई का निर्देश दिये है। प्रशासन बाढ़ को लेकर पूरी तरह सतर्क है डीएम नवीन कुमार ने अंचल अधिकारियों और अनुमंडल पदाधिकारी को प्रभावित क्षेत्रों में नियमित दौरा कर राहत सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### प्रशासन ने इमरजेन्सी नंबर किया जारी

पॉलिथीन शीट्स और नावों की अतिरिक्त जरूरत होने पर जिला आपदा प्रभारी से तत्काल समन्वय करने को कहा गया है। वहीं एक संपर्क के लिए एक इमरजेन्सी नंबर - 06244-222384 जारी किया गया है। खगड़िया जिला प्रशासन हर स्थिति पर पैनी नजर बनाए हुए है और हरसंभव राहत पहुंचाने के लिए पूरी तत्परता के साथ जुटा हुआ है

# सीट शेयरिंग से पहले ही बिहार कांग्रेस में टिकट दावेदारों पर मंथन, अजय माकन करेंगे स्क्रीनिंग



**पटना, एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए महागठबंधन में सीट बंटवारा होने से पहले ही कांग्रेस ने टिकट दावेदारों की स्क्रीनिंग शुरू करने जा रही है। पार्टी ने इसके लिए संभावित उम्मीदवारों के लिए सभी सीटों से पहले ही आवेदन ले लिए हैं। अब कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमिटी के चेयरमैन अजय माकन टिकट दावेदारों से मिलेंगे और उनसे बात करेंगे। उनकी टीम 13 और 14 अगस्त को दो दिन बिहार में रहेगी। पटना स्थित कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में दावेदारों की स्क्रीनिंग की जाएगी। कमेटी के सदस्य कांग्रेस की ओर से बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर नियुक्त पर्यवेक्षकों की राय भी जानेंगे। साथ ही पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों से विचार-विमर्श किया जाएगा। उसके बाद प्रत्याशियों के चयन को अंतिम रूप दिया जाएगा। टिकट बंटवारे से पहले ही कांग्रेस ने संभावित सीटों पर प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया शुरू की है, ताकि प्रत्याशी अपने क्षेत्र में जाकर प्रचार में जुट जाएं।

### 50 से कम सीटों से कम पर नहीं मानेगी कांग्रेस

कांग्रेस ने पिछ्ला विधानसभा चुनाव आरजेडी और वाम दलों के साथ महागठबंधन में रहकर 70 सीटों पर लड़ा था। इंडिया गठबंधन (महागठबंधन) में दलों की संख्या बढ़ने के बाद कांग्रेस को इस बार कम सीटें मिलने का अनुमान है। हालांकि, तब भी पार्टी 50-55 सीट से कम पर समझौते के मूड में नहीं है। इन्हीं, संभावित सीटों पर प्रत्याशी चयन को अंतिम रूप दिया जा रहा है। स्क्रीनिंग कमेटी में चेयरमैन अजय माकन के अलावा परिणीति शिंदे, इमरान प्रतापगढ़ी, कुणाल चौधरी को शामिल किया गया है। पदेन सदस्य के रूप में कृष्णा अल्लावरु, राजेश राम, शकील अहमद खान, मदन मोहन झा, देवेंद्र यादव, शाहनवाज और सुशील पासी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार पुलिस के दारोगा ने फांसी लगा की खुदकुशी, 2 साल पहले हुई थी शादी, मीडिया सेल का था प्रभारी

**गया जी, एजेंसी।** बिहार पुलिस के एक दारोगा ने गले में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृत दारोगा अनुज कश्यपर गया जी एसएसपी कार्यालय में तैनात था। शुक्रवार को वह अपने कमरे में फंदे से लटकता हुए मिले। गया जी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। आत्महत्या के कारणों को लेकर पुलिस छानबीन कर रही है। मृत दारोगा अनुज कश्यप सहरसा जिले के बनगांव का निवासी थे। वह 2019 बैच का दारोगा थे जो 2022 से गया एसएसपी ऑफिस में तैनात थे। अनुज कश्यप को मीडिया सेल का प्रभारी बनाया गया था। बताया जा रहा है कि दो साल पहले अनुज की शादी हुई थी लेकिन वे गया जी में अकेले रहते थे। दारोगा के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गयी है। एसएसपी आनंद कुमार ने कहा है कि मामले की छानबीन की जा रही है। एफएसएल की टीम को घटना स्थल पर भेजा गया है। परिजनों और साथी अफसरों से भी जानकारी जुटाई जा रही है।

### ई-रिक्शा चालक हत्याकांड में आरोपित का सरेंडर

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सिकंदरपुर थाना पुलिस की लगातार छापेमारी से पड़ रहे दबाव के बाद गुरुवार को ई-रिक्शा चालक बैद्यनाथ पटेल हत्याकांड के आरोपित मो. अरमान ने न्यायालय में सरेंडर कर दिया। उसकी गिरफ्तारी की मांग को लेकर मृतक के परिजन व मोहल्लावासी आक्रोशित थे। सिकंदरपुर थानेदार रमन कुमार ने बताया कि अब इस मामले में आगे की छानबीन व कार्रवाई होगी। उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी। बता दें कि धक्का देने के बाद बैद्यनाथ सड़क पर गिर गया था और उसकी मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दम घुटने से मौत की बात बताई गई है।

### मझौलिया में एक ही हाउस होल्डिंग पर दर्जनभर मतदाताओं के नाम

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर विधानसभा क्षेत्र के मझौलिया में एक ही हाउस होल्डिंग पर एक दर्जन से अधिक मतदाताओं का नाम सूची में शामिल किया गया है। इसमें होल्डिंग नंबर 81 में उन मतदाताओं को भी शामिल कर लिया गया है जो दूसरे घरों में रहते हैं। बताया जा रहा है कि इस मकान में छह मतदाता हैं, जबकि अन्य मकानों में रहनेवाले मतदाताओं के निवास को लेकर भी यही मकान दर्शाया गया है। इसको लेकर इस मकान के मूल मालिक परेशान हैं। उन्हें कई तरह की चिंता होने लगी है। जिले में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा को लेकर जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने गुरुवार को सभी ईआरओ व एईआरओ की वीडियो कांफ्रेंसिंग से बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी प्रखंडों और नगर निकायों में फील्ड विजिट कर विशेष कैंपों की निगरानी करें तथा प्रपत्र छह, सात एवं आठ में प्राप्त आवेदनों की समेकित रिपोर्ट प्रतिदिन कार्यालय को उपलब्ध कराएं। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुपालन को अनिवार्य बताते हुए कहा कि मतदाता सूची का अद्यतन एक अत्यंत गंभीर और प्राथमिकता वाला कार्य है, जिसकी नियमित समीक्षा और सघन निगरानी की आवश्यकता है। सभी बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) ने अपने क्षेत्र के बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) के साथ मतदान केंद्र स्तर पर बैठक की और प्राप्त दावों व आपत्तियों की जानकारी साझा की। यह बैठक आठ अगस्त को भी होगी।



86 हजार लोगों के लिए ठहरने की व्यवस्था, मुफ्त में ई-रिक्शा की मिलेगी सुविधा

# गयाजी के पितृपक्ष मेला में ड्रोन-सीसीटीवी से होगी निगरानी

**गया, एजेंसी।** गयाजी में पितृपक्ष मेला 2025 को भव्य और व्यवस्थित बनाने की तैयारी जोरों पर है। मेला 6 से 21 सितंबर तक चलेगा और इसकी तैयारियां जून से ही शुरू कर दी गई हैं। मेला आयोजन को लेकर 19 कोषांग (कोष) बनाए गए हैं, जिनकी साप्ताहिक समीक्षा हो रही है। श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए कुल 751 स्थान चिह्नित किए गए हैं, जिनकी कुल क्षमता एक दिन की 86,947 है। इनमें 2500 श्रद्धालुओं के लिए एक बड़ा टेंट सिटी, 37 सामुदायिक भवन (10,430 क्षमता), 106 होटल/रेस्ट हाउस (6,735 क्षमता), 534 धर्मशाला व पंडा आवास (47,142 क्षमता) और 26 पुलिस भवन (7,210 क्षमता) शामिल हैं। मेला क्षेत्र में सफाई, जलापूर्ति, शौचालय, तालाबों की सफाई, सड़क मरम्मत, स्वास्थ्य सेवाओं, दवा उपलब्धता, रोशनी और बिजली की व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है। सभी डार्क स्पॉट पर लाइट लगाई जा रही है। हाईमास्ट, स्ट्रीट लाइट और रोप लाइट का काम अंतिम चरण में है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 16 पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। मेला अवधि में 158 रिंग बस और 65 निशुल्क ई-रिक्शा चलाए जाएंगे।

**ड्रोन-सीसीटीवी से होगी निगरानी :** जिला पुलिस ने मेला क्षेत्र को 43 जोन और 209 सेक्टर में बांटकर तीन पालियों में पुलिस बल की तैनाती की रूपरेखा तैयार की है। 70 पुलिस शिविरों में मे आई हेल्प यू काउंटर स्थापित होंगे। निगरानी के लिए वॉच टावर, ड्रोन, सीसीटीवी (160 कैमरे) और लगातार गश्ती का प्रावधान किया गया है। जिला प्रशासन 'अतिथि देवो भवः' के मूल मंत्र पर काम करने का आह्वान सभी बड़े छोटे कर्मियों से किया है। यही नहीं पिंडदानियों से संवाद, साफ-सफाई, बेसहारा पशु व्यवस्था को दुरुस्त करने की अपील की है।

# पटना में इंस्पेक्टर का भाई लापता

## एफआईआर दर्ज, 22 नवंबर को होनी थी शादी

### आखिरी बार 5 अगस्त को सीसीटीवी फुटेज में जाते दिखे



**फुलवारीशरीफ/ पटना, एजेंसी।** पटना के अगमकुआं थाना क्षेत्र से महिला इंस्पेक्टर के भाई और स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग के ठेकेदार आनंद गुप्ता उर्फ मंटू 5 अगस्त से लापता हो गए हैं। परिजनों ने अपहरण की आशंका जताई है। आनंद की शादी 22 नवंबर को होनी थी और जनवरी में उनका इंगेजमेंट हो चुका था। माता-पिता के बचपन में ही गुजर जाने के बाद बहनों ने ही अपने भाई को पाल-पोसकर बड़ा किया था और अब वह उनकी शादी कराकर अपना फर्ज पूरा करना चाहती थीं।

### अगमकुआं थाने में लापता दर्ज

परिजनों ने अगमकुआं थाने में लापता होने का मामला दर्ज कराया है। थाना प्रभारी नीरज कुमार पांडेय ने बताया कि तकनीकी अनुसंधान और सीसीटीवीफुटेज से पता चला है कि आनंद 5 अगस्त की रात बड़ी पहाड़ी के पास से गुजरे थे। इसके बाद उनका कोई फुटेज नहीं मिला है। लापता युवक की बहन शिल्पी कुमारी ने बताया कि वह पटना के जक्कनपुर में महिला हेल्पलाइन में काउंसलर हैं और वर्तमान में जिला प्रशासन कार्यालय में डेपुटेशन पर कार्यरत हैं। उनकी एक बहन कंचन कुमारी पटना में इंस्पेक्टर के पद पर हैं। शिल्पी ने बताया कि उनके भाई आनंद, स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग में बड़े पैमाने पर सरकारी टेंडर का काम करते हैं। मधुबनी में उनका एक बड़ा पैथोलॉजी लैब भी है, जो एक दोस्त के साथ पार्टनरशिप में चलता है।

### 2020 में पिता का हो चुका है निधन

आनंद, तीन बहनों में सबसे छोटे हैं। पिताजी होम्योपैथिक के डॉक्टर थे, जिनका निधन 2020 में हो गया था। शिल्पी कुमारी ने बताया कि मंटू अपने घर से 5 अगस्त की रात लगभग 8:30 बजे आशियाना से निकलकर अपनी कार से ड्राइवर के साथ बड़ी पहाड़ी पर जरूरी काम से गए थे।

### गाड़ी में इंतजार करता रहा ड्राइवर

2 घंटे तक ड्राइवर गाड़ी में इंतजार करता रहा, लेकिन मंटू वापस नहीं लौटे। फोन करने के बाद भी जब कोई रिप्लाई नहीं मिला तो ड्राइवर गाड़ी में ही सो गया। सुबह जब उसकी नींद खुली तो उसने इसकी सूचना मंटू के परिवार वाले लोगों को दी। इसके बाद मंटू के पार्टनर नीतीश कुमार से भी परिवार के लोगों ने पूछताछ की, लेकिन तीन दिनों बाद भी मंटू उर्फ आनंद गुप्ता का कोई सुराग नहीं मिला है।

# महागठबंधन की बैठक में चुनाव बहिष्कार पर चर्चा नहीं

### मुकेश सहनी बोले- मजबूती से लड़ेंगे, लोकतंत्र पर भरोसा



**पटना, एजेंसी।** दिल्ली में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आवास पर इंडिया गठबंधन की बैठक हुई जिसमें आरजेडी के तेजस्वी यादव, विकाशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के मुकेश सहनी समेत इंडिया अलायंस के विभिन्न घटक दलों के नेता शामिल हुए। मीटिंग के बाद मुकेश सहनी ने मीडिया से वार्ता में कहा कि जनता के वोट की चोरी रोकना है।

तेजस्वी यादव के चुनाव वहिष्कार को लेकर वीआईपी चीफ ने कहा कि इस पर अभी बहुत चर्चा नहीं हुई है। हमलोग लोकतंत्र पर भरोसा करते हैं। मजबूती से लड़ाई लड़ेंगे। बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले एसआईआर का विरोध कर रहे तेजस्वी यादव ने कहा था कि महागठबंधन चुनाव वहिष्कार पर विचार कर सकता है। मुकेश सहनी ने कहा कि इंडिया अलायंस की बैठक में 17 अगस्त से बिहार में राहुल गांधी के नेतृत्व में शुरू होने वाली यात्रा को लेकर विचार विमर्श किया गया।

इस यात्रा का समापन 1 सितंबर को पटना में होगा। फिलहाल जनता के वोट की रक्षा करने का निर्णय हमलोगों ने लिया है। जो काम चुनाव आयोग का होना चाहिए वह नहीं किया जा रहा । लोगों के नाम काटे जा रहे है। गरीब, पिछड़ा, दलिते के पास एक ही ताकत है वोट का अधिकार। इसे भी छीना जा रहा है। हमारे ही वोट से देश के प्रधानमंत्री और राज्य के मुख्यमंत्री बनते हैं। अगर काम अच्छा नहीं करेंगे तो पांच साल में बदलने का अधिकार होता है। वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा कि बिहार में बीजेपी का खेल नहीं चलने वाला है। हम लोग पहले से ही सजग हैं। बैठक में इन्हीं सभी बातों पर चर्चा की गई। बैठक में राहुल गांधी ने कर्नाटक और अन्य प्रदेशों में हुई ऐसी त्रुटियों के बारे में जानकारी दी। बिहार की जनता जागरुक है। बिहार में भी प्रत्येक बूथ पर नजर रखी जायेगी ताकि कोई गड़बड़ी नहीं की जा सके।

गुरुवार रात एसआईआर और वोट चोरी के मुद्दे पर राहुल गांधी के आवास पर इंडिया गठबंधन की बैठक हुई जिसमें सभी विपक्षी दलों ने एकजुट होकर मुकाबला करने का फैसला किया। गठबंधन की बैठक में राहुल गांधी ने कर्नाटक की महादेवपुरा विधानसभा सहित विभिन्न राज्यों में मतदाता सूची में हुई धांधली को लेकर प्रस्तुति दी। इससे पहले दिन में कांग्रेस नेता ने बीते कुछ वर्षों में हुए विधानसभा और लोकसभा चुनावों की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए चुनाव आयोग को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव आयोग के साथ मिलकर चुनाव चोरी कर रही है।

# एम्बुलेंस नहीं मिलने पर ठेले पर मरीज को पहुंचाया अस्पताल

**जमुई, एजेंसी।** जमुई में स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खुल गई है। सदर शहर के महिसौड़ी मोहल्ले निवासी मो. अख्तर की 65 वर्षीय पत्नी का इलाज पश्चिम बंगाल के कोलकाता में चल रहा था। बुधवार की रात वह इलाज कराकर अपने घर जमुई लौटी थीं। गुरुवार को अचानक उन्हें सांस लेने में दिक्कत होने लगी। परिजनों ने एम्बुलेंस के लिए फोन लगाया। लेकिन लाइन बिजी रहने के कारण एम्बुलेंस नहीं मिल पाई। मजबूरी में परिजन पड़ोस में मौजूद एक तीन पहिया ठेले पर महिला मरीज को लेकर अस्पताल पहुंचे। अस्पताल के इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद भी परिजनों को शव वाहन नहीं मिल पाया। उन्हें कई तरह की औपचारिकताएं पूरी करने को कहा गया। किसी ने जीविका काउंटर पर जाने को कहा तो किसी ने 102 डायल करने की सलाह दी।

**ठेले से घर ले गए शव :** परेशान परिजन अंत में शव को उसी ठेले पर रखकर घर ले जाने को मजबूर हुए। इस घटना ने सदर अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिला स्वास्थ्य विभाग बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का दावा करता है। लेकिन हकीकत में मरीजों को आवश्यक सेवाएं नहीं मिल पा रही हैं।

# दरभंगा में दादा-पोता समेत 3 की मौत: 3 अलग-अलग इलाके में सड़क दुर्घटना

### गाड़ी ने बाइक में मारी टक्कर, 4 लोग घायल

**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा में गुरुवार देर रात को अलग-अलग जगहों पर तीन सड़क हादसा हुआ। इन घटनाओं में दादा-पोते समेत दो लोगों की मौत हो गई है। जबकि, 4 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी हादसों की वजह तेज रफ्तार और लापरवाह वाहन चालक बताए जा रहे हैं। जाले थाना क्षेत्र क्षेत्र एसएच-97 पर अतरबेल के पास पकटोला आईटीआई के पास गुरुवार देर शाम एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी। बाइक पर सवार 72 साल के राम शरण शर्मा (पिता- स्व. सोमन शर्मा), निवासी - बिहारी गांव, राढ़ी दक्षिणी पंचायत, अपने पोते के साथ जाले बाजार से खरीदारी कर घर लौट रहे थे।टक्कर इतनी भीषण थी कि राम शरण शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका पोता गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे जाले थानाध्यक्ष संदीप कुमार पाल ने घायल को जाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

### पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया है और दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया है। अज्ञात वाहन की तलाश में पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। थानाध्यक्ष ने कहा कि लापरवाह ड्राइविंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों की पहचान होते ही कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस हादसे से गांव में शोक की लहर है। ग्रामीणों ने राम शरण शर्मा को मिलनसार और शांत स्वभाव का बताया।

### बाइक ने बाइक में मारी टक्कर

दूसरी घटना केवटी-जयनगर एनएच-527क्कपर ननौरा और दोमे चौक के बीच की है,



जहां एक तेज रफ्तार बाइक ने सामने से आ रही दूसरी बाइक में टक्कर मार दी। इस टक्कर में पीछे बैठी 41 साल की शाहजहां बेगम, पति नूर आलम, निवासी - भतौड़ा गांव की मौके पर ही मौत हो गई। नूर आलम अपनी पत्नी को दरभंगा से बाइक पर लेकर घर लौट रहे थे कि यह हादसा हुआ। टक्कर मारने वाला बाइक सवार मौके से फरार हो गया, लेकिन उसकी बाइक को पुलिस ने जब्त कर लिया है। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

### नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाने की मांग

इस घटना से भतौड़ा गांव में मातम पसरा हुआ है। ग्रामीणों ने तेज रफ्तार पर नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की है। लहेरियासराय-बहेड़ी मुख्य सड़क पर अनार कोठी पावर हाउस के पास हुई, जहां दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। एक बाइक पर सवार दो लोग अनार कोठी के बताए जा रहे हैं, हालांकि उनकी पहचान अब तक नहीं हो पाई है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक सवार लगभग 50 मीटर दूर जा गिरे। एक बुजुर्ग सवार के सिर में गंभीर चोट आई है और उसकी सांसें उल्टी दिशा में चल रही थीं, जिससे उसकी हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है।

### पुलिस ने घायलों को डीएमसीएच भेजा

स्थानीय लोगों की सूचना पर पतोर थाना, 112 की गाड़ी और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को डीएमसीएच भेजा गया। मोटरसाइकिलों को जब्त कर थाना लाया गया है। घटनास्थल को पुलिस ने खाली कराया। लगातार हो रहे सड़क हादसों से लोगों में आक्रोश है।

# नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई, तीन बंकर ध्वस्त, नक्सली सामग्री बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चाईबासा।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता हाथ लगी है। चाईबासा के कुख्यात सारंडा जंगल के हेंडेकुली क्षेत्र में सुरक्षा बलों की संयुक्त कार्रवाई में तीन नक्सली बंकरों को ध्वस्त कर दिया गया है। इन बंकरों से भारी मात्रा में नक्सली सामग्री, हथियारों से जुड़े उपकरण और दैनिक उपयोग की वस्तुएं बरामद की गई हैं।



**गुप्त सूचना पर शुरू हुआ था ऑपरेशन**

पुलिस अधीक्षक कार्यालय को 6 अगस्त को गुप्त सूचना मिली थी कि भाकपा (माओवादी) संगठन के उग्रवादी हेंडेकुली के जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में विस्फोटक सामग्री एवं अन्य संसाधन छिपाकर रखे हुए हैं। इस इनपुट के बाद 7 अगस्त को झारखंड पुलिस, कोबरा 209 बटालियन, सीआरपीएफ और झारखंड जगुआर की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन शुरू किया।

**बंकरों से बरामद हुईं संदिग्ध सामग्रियां**

सघन तलाशी अभियान के दौरान हेंडेकुली के जंगल में बने तीन नक्सली बंकरों का पता चला। सभी बंकरों को ध्वस्त कर दिया गया। इनसे भारी मात्रा में हथियारों के उपकरण, आईईडी बनाने में प्रयुक्त सामग्री, दैनिक जरूरत की वस्तुएं और नक्सली साहित्य बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, बरामद सामानों की जांच की जा रही है और आगे की कार्रवाई जारी है।

**नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान**

पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने बताया कि सारंडा और कोल्हान क्षेत्र में माओवादी संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, चंदन लोहरा, अमित हांसदा उर्फ अपटन, जयकांत, रापा मुंडा समेत कई नक्सली सक्रिय हैं। ये सभी क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधियों की योजना बना रहे थे। ऐसे में इन पर कार्रवाई जरूरी थी।

**सुरक्षा बलों की रणनीति सख्त**

चाईबासा पुलिस और सुरक्षाबलों की रणनीति अब नक्सलियों के आखिरी गढ़ को पूरी तरह समाप्त करने की है। लंबे समय से नक्सलियों का मजबूत ठिकाना रहा सारंडा जंगल अब सुरक्षा बलों की घेराबंदी में है। लगातार चल रहे सर्च ऑपरेशन और सैनिटाइजेशन अभियान को इस कार्रवाई के रूप में बड़ी सफलता मानी जा रही है। यह अभियान सुरक्षा बलों की सतर्कता, कुशल रणनीति और जमीनी सूचनाओं की पुष्टि का सटीक उदाहरण है, जिससे नक्सल प्रभावित क्षेत्र में शांति बहाली की उम्मीद और बलवती हो रही है।

# देवघर में बढ़ा वायरल फीवर का प्रकोप अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** सावन में लगातार हो रही बारिश ने मौसम में अचानक बदलाव ला दिया है, जिससे देवघर जिले में मौसमी बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ गया है। तापमान में उतार-चढ़ाव और बारिश के कारण वायरल फीवर, सर्दी-खांसी, मलेरिया, टाइफाइड और डायरिया जैसे रोगों के मामलों में इजाफा देखा जा रहा है।

**जिला अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की भीड़**

देवघर के सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में इन दिनों ओपीडी और इमरजेंसी में मरीजों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। सिविल सर्जन डॉ. युगल प्रसाद चौधरी के अनुसार, सावन के मौसम में वायरल फीवर के मरीजों की संख्या में हर साल वृद्धि होती है। सामान्य मरीजों को पैरासिटामोल और सर्दी-खांसी की दवाइयां दी जा रही हैं, जबकि गंभीर मरीजों को हायर एंटीबायोटिक्स दिए जा रहे हैं। ये सभी दवाएं जिले के सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध हैं।

**ग्रामीण क्षेत्रों में डायरिया और मलेरिया के मामले बढ़े**

देवघर के सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में डायरिया और डीसेंट्री के मरीजों की संख्या में काफी तेजी से इजाफा हुआ है। बारिश के बाद मच्छरों के प्रकोप से डेंगू और मलेरिया जैसे रोगों के केस भी सामने आ रहे हैं। ग्रामीण अस्पतालों में मरीजों की भीड़ से चिकित्सा व्यवस्था पर दबाव बढ़ा है।

**स्वास्थ्य विभाग चला रहा जागरूकता अभियान**

जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को घरों के आसपास साफ-सफाई रखने और पानी जमा न होने देने की सलाह दी जा रही है। विशेष रूप से टायर, गमलों, छतों व जलजमाव वाले स्थलों पर नजर रखने और आवश्यकतानुसार ब्लीचिंग पाउडर व दवा का छिड़काव करने की हिदायत दी गई है।

**सावधानी ही बचाव का उपाय**

चिकित्सकों का कहना है कि बदलते मौसम में सतर्कता बरतना बेहद जरूरी है। बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार व्यक्तियों को विशेष सावधानी रखने की आवश्यकता है। समय पर इलाज और साफ-सफाई से इन बीमारियों से बचाव संभव है।

देवघर में मौसमी बीमारियों का बढ़ता ग्राफ चिंता का विषय है, लेकिन सतर्कता और स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों से स्थिति पर नियंत्रण संभव है।

# एपीके इंस्टॉल कराकर शिक्षक के परिवार से 63 हजार की साइबर ठगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** साइबर अपराधियों ने औरंगाबाद जिले में अब नया और बेहद खतरनाक तरीका अपनाकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया है। ताजा मामला जिले के राजपुर निवासी डीएवी स्कूल के शिक्षक विमलेश कुमार सिंह के परिवार से जुड़ा है। ठगों ने उनके बेटे और पत्नी के मोबाइल को हैक कर 63 हजार रुपये की बड़ी ठगी कर ली। इस घटना में सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि ठगों ने देश के एक प्रतिष्ठित ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जस्ट डायल का इस्तेमाल कर फर्जी नंबर उपलब्ध कराया और फिर एक इय्ख फाइल भेजकर मोबाइल हैक कर लिया। दो दिन बाद पीड़ितों के बैंक खातों से रुपये गायब हो गए।

**डॉक्टर का अपॉइंटमेंट लेने के चक्कर में फंस गया युवक**

4 अगस्त को शिक्षक का बेटा साहिल कुमार बनारस के एक डॉक्टर से अपॉइंटमेंट लेना चाहता था। उसने इंटरनेट पर डॉक्टर मधुकर का नंबर सर्च किया, जहां उसे जस्ट डायल के माध्यम से एक नंबर मिला। जब साहिल ने उस नंबर पर कॉल किया, तो सामने वाले ने खुद को डॉक्टर का सहायक बताया और कहा कि अपॉइंटमेंट के लिए 5 की पर्ची कटानी होगी। ठग ने साहिल को एक एपीके फाइल भेजी और कहा कि इसे इंस्टॉल करके 5 का भुगतान करना होगा। साहिल ने वैसा ही किया, लेकिन पेमेंट असफल रहा। इसके बाद उसने अपनी मां मालती कुमारी सिंह (शिक्षिका, सेंट मेरी स्कूल) के मोबाइल में भी वही फाइल इंस्टॉल की, जहां दोबारा पेमेंट नहीं हो पाया। दोनों ने सोचा कि तकनीकी कारणों से भुगतान नहीं हो पाया और मामला वहीं छोड़ दिया। 7 अगस्त को जब साहिल और उनकी मां ने अपने बैंक खातों की जांच की, तो उनके होश उड़ गए। साहिल के बैंक ऑफ महाराष्ट्र खाते से 14,997 और उनकी मां के केनरा बैंक खाते से 53,000 रुपये की अवैध निकासी हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही शिक्षक विमलेश कुमार सिंह ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज की और स्थानीय थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। बताया गया कि दो दिन पहले ही डीएवी स्कूल की एक अन्य शिक्षिका से भी 6 लाख से अधिक की ठगी हुई थी। इससे स्पष्ट है कि जिले में साइबर अपराधियों की सक्रियता बढ़ती जा रही है और सुरक्षा व्यवस्था कमजोर होती जा रही है। साइबर विशेषज्ञों के मुताबिक, फर्जी इय्ख फाइलें अक्सर स्पाइवेयर या हैकिंग टूल होती हैं। इन्हें इंस्टॉल करते ही मोबाइल फोन पूरी तरह हैक हो जाता है और ठग बैंकिंग ऐप्स, मैसेज, ओटीपी, पासवर्ड सहित निजी डाटा तक पहुंच बना लेते हैं।

## जर्जर हाईटेंशन तार से बढ़ी दुर्घटना की आशंका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** ग्राम पंचायत संडा के वार्ड संख्या नौ में सड़क से महज कुछ उंचाई पर झूलता जर्जर हाईटेंशन तार लोगों की परेशानी का सबब बना हुआ है। पूर्व मुखिया प्रतिनिधि असलम अंसारी ने बताया कि हाईटेंशन तार जमीन से मजा आठ फुट की उंचाई पर झूल रहा है। जिसके कारण हमेशा किसी अप्रत्याशित दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। वार्ड सदस्य ने बताया कि संबंधित विभाग के पदाधिकारियों से फोन कर कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया परंतु अधिकारियों से संपर्क नहीं हो पाया। ग्रामीणों ने अविलंब तार बदलने और उसे निर्धारित ऊंचाई पर स्थापित करने की मांग की है। विद्युत विभाग के कनीय अभियंता प्रिय कंचन निराला से बात करने पर उन्होंने बताया कि मामले को संज्ञान में लेकर जल्द से जल्द समस्या का निष्पादन किया जाएगा।

# कांवरियों की सेवा करने के बाद निःशुल्क सेवा शिविर का समापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सावन माह में गंगा जल लेकर पैदल बाबा धाम जाने वाले कांवरियों की एक माह तक निशुल्क सेवा करने के बाद आज सेवा शिविर का समापन कर दिया गया। नीलकंठ महादेव सेवा समिति औरंगाबाद के द्वारा यह सेवा शिविर बांका जिले में कुमरसार नदी से तीन किलोमीटर आगे जोरीपार में लगाया गया था। समिति के द्वारा इस स्थान पर लगातार पांच वर्षों से सेवा शिविर लगाया जा रहा है जहां सुलतानगंज से पैदल गंगा जल लेकर बाबा धाम जाने वाले हजारों कांवरियों को प्रतिदिन तीन समय निशुल्क भोजन के साथऽसाथ हर प्रकार की सुविधाएं दी जाती हैं। संस्था के संस्थापक लखन प्रसाद ने बताया कि सेवा शिविर के संचालन में समिति के सभी लोगों का भरपूर सहयोग मिलता है। बिना सभी के सहयोग से इतना बड़ा कार्य संभव नहीं हो सकता है। सेवा शिविर का समापन विधि विधान से पूजा-अर्चना करने के बाद की गई। वहीं इस शिविर में सहयोग करने वाले सभी लोगों को सम्मानित भी किया गया। संस्थापक नीरज कुमार उर्फ लप्पू गुप्ता ने बताया कि आगे भविष्य में इसी स्थान पर समिति एक भव्य धर्मशाला का निर्माण कराएगी ताकि पूरे वर्ष बाबाधाम जाने वाले शिव भक्तों को हर तरह की सेवा दी जा सके। उन्होंने बताया कि शिविर में कांवरियों के ठहरने, आधुनिक मशीन द्वारा दर्द निवारण की सुविधा, उत्तम चिकित्सा व्यवस्था, दवा एवं एम्बुलेंस सहित, प्रतिदिन डाक बम सेवा, प्रतिदिन भक्ति जागरण, प्रतिदिन शुद्ध एवं सात्विक भोजन की उत्तम व्यवस्था, फलहारी कांवरियों के लिए अलग व्यवस्था, प्रतिदिन चाय, नींबू शर्बत, मिनिरल वाटर एवं गर्म पानी का कुण्ड समेत स्वच्छ सुलभ शौचालय की व्यवस्था की गई थी।



# एसएस कॉलेज जहानाबाद में मेंहदी एवं राखी प्रतियोगिता आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** स्थानीय एस. एस. कॉलेज के दर्शन शास्त्र विभाग के तत्वावधान में रक्षा बंधन पर्व की पूर्व संध्या पर राखी एवं मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें काफी संख्या में उत्साहित छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं ने जहां मनमोहक राखी बना कर सबों का ध्यान अपनी ओर खींचा, वहीं उन्होंने अपने हाथों में सुंदर डिज़ाइनों की मेंहदी लगाकर अपनी उत्कृष्ट कलात्मकता का प्रदर्शन किया। मौके पर उपस्थित दर्शन शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मधु सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति में राखी एवं मेंहदी का विशेष महत्व है, क्योंकि इसे प्राकृतिक श्रृंगार, सौभाग्य, समृद्धि और प्रेम का प्रतीक माना गया है।



उन्होंने आज के इस आयोजन को सामूहिकता का उत्सव बताया। उन्होंने उपस्थित छात्राओं को भाई - बहनों के परस्पर अटूट व उत्कट प्रेम के पर्व रक्षाबंधन की शुभकामनाएं और बधाई भी दी। सांस्कृतिक व कलात्मक महत्व के इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शोभा कुमारी को प्राप्त हुआ, वहीं द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः सुरूची कुमारी एवं पूजा भारती रहीं। इस अवसर पर वरीय शिक्षक डॉ. श्रीनाथ शर्मा के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर में लगे पेड़ों को रक्षासूत्र भी बांधा गया। इस अवसर पर उपस्थित रहने वालों में डॉ. विनोद कुमार राय, प्रो. प्रवीण दीपक, डॉ. सुनीता तिवारी, डॉ. नम्रता कुमारी, डॉ. अविनाश कुमार, डॉ. मनीषा प्रिया, डॉ. पूजा भारती शामिल रहे।

## विसुनगंज थाना का जहानाबाद एसपी ने किया औचक निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** शुक्रवार को जिले के एसपी विनीत कुमार ने मखदुमपुर प्रखंड के विसुनगंज थाना परिसर का औचक निरीक्षण किया। साथ में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर भी उपस्थित थे। इस दौरान एसपी ने थानाध्यक्ष को थाना परिसर की साफ सफाई, लंबित कांड का निष्पादन, पुलिस गस्ती में तेजी लाने एवं वाणावर पहाड़ में चल रहे श्रावणी मेला पर विशेष नजर रखने की बात कही। मौके पर थानाध्यक्ष फूलचंद यादव समेत थाना में मौजूद सभी पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भाई की कलाई पर आज सजेगी बहना के प्यार की डोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** रक्षाबंधन भाई बहन के प्रेम का पावन त्यौहार माना जाता है। आज शनिवार को रक्षाबंधन का शुभ मुहूर्त प्रातः 5:39 से लेकर 1:34 तक माना जा रहा है। रक्षाबंधन सावन पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस दिन बहनें अपने भाई के कलाई पर रक्षा सूत्र जिसे राखी कहा जाता है बांधकर अपने भाई के दीर्घायु होने की कामना करती है। रक्षाबंधन को भाई-बहन के अटूट प्रेम के प्रतिक त्योहार के रूप में माना जाता है। रक्षाबंधन के अवसर पर बहनें पहले से ही अपने भाई के लिए राखी खरीद कर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाने को तैयार हैं। इधर रक्षाबंधन को लेकर बाजार तरह-तरह के डिजाइनर राखियों से भरा पड़ा है। वहीं मिठाई के दुकानों में भी शुक्रवार को लोगों की खासी भीड़ देखी गई। जहां तक राखियों की बात की जाए तो पहले बड़े आकार के डिजाइनर राखियों का अधिक प्रचलन और मांग होती थी लेकिन बदलते समय के साथ राखी का स्वरूप भी छोटा और अधिक आकर्षक हो गया है। बाजार में 5 रुपए से लेकर 500 रुपए तक की राखी दुकानदार बेच रहे हैं। कई बहनें अपने भाई को कीमती राखी भी बांध रही हैं जो सोने और चांदी से बनी हुई है। लिहाजा राखी को लेकर ज्वेलरी की दुकानों में भी ग्राहकों की भीड़ देखने को मिल रही है। देखा जाए तो राखी के त्यौहार पर भाई भी अपने बहन को उपहार स्वरुप कुछ न कुछ जरूर देते हैं। इसमें इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स,कपड़े, ज्वैलरी आदि शामिल है। इन दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ रक्षाबंधन पर देखने को मिल रही है।चूंकि रक्षाबंधन पर भाई भी अपने बहनों को कुछ ना कुछ उपहार देते हैं इसलिए बाजार में उपहार खरीदने को लेकर काफी भीड़ दिख रही थी। रक्षाबंधन पर शादीशुदा महिलाएं अपने मायके जाकर अपने भाई को राखी बांधती है इसलिए मोटर वाहन ट्रेन मार्ग पर भी यात्रियों की भीड़ पिछले एक दो दिनों से काफ़ी देखने को मिल रही है। रक्षाबंधन के शुभ मुहूर्त के संबंध में आचार्य डॉक्टर श्रीनिवास शर्मा बताते हैं कि रक्षाबंधन भी सनातन धर्म के अन्य प्रमुख पर्वों की तरह शुभ मुहूर्त में मनाने की परंपरा रही है। उन्होंने बताया कि रक्षाबंधन के दिन शुभ मुहूर्त में राखी बांधना शुभ और फलदाई होता है।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना संख्या : टीआरडी-एडीए-ई-टेंडर-15-2025, दिनांक 07.08.2025।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से सहायक विद्युत अभियंता/टीआर/बोकारो स्टील सिटी, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा नीचे उल्लिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं: **कार्य का विवरण:** आद्रा मंडल में कैटेनरी प्रोफ़ाइल में सुधार के लिए ओएचई मास्ट की बदली। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 3,96,32,850.09। उपर्युक्त ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय है **29.08.2025 को अपराह्न 3.00 बजे** तथा निविदा **29.08.2025 को अपराह्न 3.00 बजे** के बाद खोली जाएगी। उपर्युक्त ई-निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।
(PR-501)


# बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** एकल अभियान मदनपुर के संच के तहत एकल विद्यालय केन्द्र रानी कुआं में विधालय के छात्र-छात्राओं के बीच शैक्षणिक पाठ्य पुस्तकें और सामग्रियां वितरण किया गया। संच के सचिव दिलीप कुमार गुप्ता ने बताया कि एकल अभियान द्वारा संचालित सभी केन्द्र के आचार्य एवं आचार्या को बच्चों के लिए पठन-पाठन सामग्री उपलब्ध करा दी गई है जिसका वितरण पारदर्शिता पूर्ण तरीके से प्रत्येक केन्द्र में किया जा रहा है। मदनपुर संच एकल के प्रधान संरक्षक जितेन्द्र सिंह परमार के द्वारा रानी कुआं केन्द्र के बच्चों के बीच कॉपी कलम का वितरण किया गया। मदनपुर प्रखंड बीस सूत्री समिति के सदस्य मिथिलेश कुमार ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया। उपस्थित बच्चों व उनके अभिभावकों को संबोधन में कहा जितेन्द्र सिंह परमार ने कहा कि एकल द्वारा संचालित यह केन्द्र बच्चों के गुण स्वभाव को देखते हुए उनके मन मानस में सनातन संस्कृति के प्रति आस्था तथा राष्ट्रभक्ति निर्माण का एक वृहद प्रयोगशाला है। मां की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि माताएं सिर्फ संतान की जन्मदात्री ही नहीं है बल्कि सृष्टि की सर्वेश्वरी है। केन्द्र की आचार्य रेणु देवी ने भारत माता की जय घोष के साथ आयोजन को संपन्न किया गया।

# जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय के निर्देश पर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2025 के अंतर्गत दावा/आपत्ति दाखिल करने के संदर्भ में अहर्ता प्राप्त नागरिकों को जागरूक करने हेतु मतदाता जागरूकता रथ को उप विकास आयुक्त डॉ प्रीति द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति द्वारा मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक टीम को भी प्रस्थान कराया गया। ये रथ एवं टीम जिले के सभी प्रखंडों एवं पंचायतों में भ्रमण कर आम जन को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत एवं दावा आपत्ति करने की प्रक्रिया की जानकारी देंगे। रथ पंचायत स्तर पर भ्रमण करते हुए यह बताएगा कि दावा/आपत्ति दाखिल करने की अवधि 1 अगस्त से 1 सितंबर 2025 निर्धारित है।अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 30 सितंबर 2025 को किया जाएगा। इस दौरान बताया गया कि योग्य मतदाता प्रपत्र-6 (नया नाम जोड़ने हेतु)प्रपत्र 7(नाम विलोपन ) एवं प्रपत्र-8 (त्रुटि सुधार/संशोधन हेतु) भरकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज या संशोधित करा सकते हैं।

## तीन शिक्षकों के सहारे 575 बच्चों का भविष्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** मदनपुर प्रखंड के कचहरी रोड़ में संचालित राजकीय कन्या मध्य विद्यालय में शिक्षकों का अभाव है। प्रधानाध्यापक सहित चार शिक्षकों के सहारे 575 नामांकित छात्र-छात्राओं का शिक्षण कार्यक्रम विद्यालय में किया जा रहा हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमलेश कुमार केशरी ने बताया कि वर्ग एक से वर्ग 8 तक क्लास चलता है। यहां कुल 9 शिक्षक पदस्थापित हैं जिसमें छह शिक्षक अन्य सरकारी कार्यों में प्रतिनियुक्ति है। ब्लॉक में एक शिक्षक, बीआरसी में आपरेटर के रूप में कार्य कर रहे है। इसके साथ ही कुछ शिक्षक प्रशिक्षण कार्य में हैं। इधर, मतदाता पुनरीक्षण कार्य में भी लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि बीईओ को मामले की जानकारी दी गई। ताकि बच्चों के शिक्षण कार्यक्रम में कोई दिक्कत न हो। 575 छात्रों पर तीन शिक्षक हैं। प्रधानाध्यापक के कई कार्य होते हैं। अन्य कार्यों के निपटाने के बाद बच्चों का क्लास भी लेते हैं। इस बावत पर बीईओ संजीव कुमार सिंह ने बताया कि 350 से अधिक शिक्षक मतदाता पुनरीक्षण कार्य में लगाए गए हैं। फिलहाल, शिक्षक उपलब्ध नहीं है।

# घर-घर जाकर बीएलओ द्वारा संकलन किया जा रहा है फॉर्म

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 के प्रारूप प्रकाशन के उपरांत 221 नवीनगर विधानसभा क्षेत्र हेतु भूमि सुधार उपसमाहर्ता सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-भूमि सुधार उपसमाहर्ता, औरंगाबाद ने की, जिसमें मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान भूमि सुधार उप समाहर्ता ने बताया कि प्रारूप प्रकाशन के उपरांत क्षेत्र के बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर फॉर्म संकलन का कार्य किया गया है। हालांकि कई मामलों में दस्तावेजों की कमी देखी गई है, ऐसे मामलों में संबंधित बीएलओ अब पुनः जाकर दस्तावेज संकलित कर रहे हैं। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से इस अभियान में सक्रिय सहभागिता की अपील की, जिस पर सभी दलों ने सहमति जताते हुए प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत प्रखंड कार्यालयों एवं नगर परिषद कार्यालय में विशेष शिविर लगाए गए हैं, जिनमें नागरिक फॉर्म 6 (नया नाम जोड़ने हेतु), फॉर्म 7 (नाम विलोप हेतु) और फॉर्म 8 (संशोधन हेतु) भर सकते हैं। इन शिविरों में गणना प्रपत्रों से संबंधित सूचनाएं भी प्रदान की जा रही हैं।

**प्रपत्रों के साथ जरूरी संलग्नक**

निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी श्वेतांक लाल ने स्पष्ट किया कि फॉर्म 6 के साथ अनिवार्य रूप से 'अनुबंधक डी' संलग्न करना होगा। साथ ही जाति, आय एवं निवास प्रमाण-पत्र शीघ्र निर्गत करने के लिए संबंधित अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं, ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में यह भी बताया गया कि 221 नबीनगर विधानसभा क्षेत्र का लिंगानुपात मात्र 872 है, जो कि राज्य के औसत से काफी कम है। यह एक गंभीर विषय है, जिसको ध्यान में रखते हुए महिला मतदाताओं को जोड़ने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। कॉलेजों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं पंचायत स्तर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ताकि महिलाएं एवं युवा मतदाता अपने नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकें।

# स्तनपान दिवस पर बच्चों को वितरित किया पौष्टिक आहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्तनपान सप्ताह के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर हेल्दी बच्चों को पौष्टिक आहार सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह, बीसीएम सनी कुमार और स्वास्थ्य प्रबंधक ललन प्रसाद ने किया। इस अवसर पर माताओं को स्तनपान से होने वाले शारीरिक, मानसिक और रोग प्रतिरोधक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। चिकित्सकों ने कहा कि शिशु के पहले छह माह तक केवल मां का दूध ही सर्वोत्तम आहार है। कार्यक्रम में बीएमसी सुभाष कुमार, अकाउंटेंट राजेश कुमार, एएनएम आशा सिंहा, जीएनएम प्रियंका कुमारी, प्रीति कुमारी, वैजयंती माला, सुमन कुमारी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे। सभी ने सामूहिक रूप से माताओं को स्तनपान के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।


**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**हावड़ा मंडल के तहत वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों की संविदा की सुपुर्दगी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चौथी मंजिल, रेल यात्री निवास बिल्डिंग, हावड़ा स्टेशन के निकट, पिन-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है : **कार्य का नाम:** वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों की संविदा की सुपुर्दगी। नीलामी सूचीपत्र **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। **●सूचीपत्र सं. : पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-25-25; ●नीलामी आरम्भ होने की तारीख एवं समय:** 21.08.2025 को दोपहर 12.00 बजे। **सिक्वेंस सं.; लॉट सं.; विवरण** क्रमशः निम्नलिखित हैं: **एए/1;** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-बीसीए-39-25-1; सिर्फ रेलवे कर्मचारियों के प्रयोग के लिए हावड़ा स्टेशन (पुराना एवं नया परिसर) तथा नई डीआरएम बिल्डिंग के बीच चलने के लिए हावड़ा स्टेशन में विज्ञापन के अवसर के साथ पांच (05) वर्षों की अवधि के लिए दो (02) बैटरी संचालित कारों के प्रावधान, संचालन एवं रखरखाव के लिए संविदा की सुपुर्दगी। **एबी/1;** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-मोबस्टोर-38-25-1; हावड़ा स्टेशन पुराना परिसर में तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए मोबाइल एवं सहायक उपकरणों के कियोस्क की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव के लिए संविदा की सुपुर्दगी।

(HWH-235/2025-26) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल अभियंता/सी, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं : **सीनि. डीईएन/एचक्यू/हावड़ा। ई-निविदा सं. : 104 _2025-26, दिनांक 23.07.2025; कार्य का विवरण:** 5 आर संयंत्रों के लिए 4 वर्षों की अवधि हेतु टर्नकी आधार पर एईएन/एचक्यू/हावड़ा के अधीन सॉर्टिंग यार्ड कोचिंग कॉमप्लेक्स, टिकियापाड़ा कोचिंग कॉमप्लेक्स एवं ईएमयू कारशेड में पेय जल के लिए रसायनों की आपूर्ति के साथ आरओ (आरओईएस) संयंत्र का संचालन, रखरखाव, मरम्मत एवं ओवरहॉलिंग। **अनुमानित लागत:** रु. 97,45,790.85; **बयाना राशि:** रु. 1,94,900; **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 48 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 18.08.2025 को अपराह्न 2.00 बजे तक। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, चूंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ई-निविदा के संबंध में बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के जरिए स्वीकार किया जाएगा। टिप्पणी: आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-236/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 08-08-2025 21:40 Page 1



# गंगा और सोन ने दिखाए रौद्र रुप

## लोग पलायन को मजबूर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जिले में गंगा और सोन नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि के कारण दानापुर दियारा के निचले हिस्से में बाढ़ का पानी तेजी से फैल गया है। इस बाढ़ ने छह पंचायतों को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया है। निचले इलाकों के घरों में पानी घुसने से लोग घर छोड़कर शहर की ओर पलायन करने को मजबूर हैं। इन पंचायतों का शहर मुख्यालय से संपर्क पूरी तरह टूट चुका है और नाव ही अब लोगों की एकमात्र जीवन रेखा बन गई है।

जानकारी के अनुसार, दानापुर दियारा के पानापुर, मानस, पुरानी पानापुर, हेतनपुर, पतलापुर समेत कई गांव बुरी तरह प्रभावित हैं। खेतों में लगी पूरी फसल डूब चुकी है। बाढ़ के पानी के कारण सबसे बड़ी समस्या पीने के शुद्ध पानी, भोजन और मवेशियों के चारे की हो गई है। ग्रामीण डरे-सहमे हालात का सामना कर रहे हैं और सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं। कई परिवार दानापुर शहर में बने बाढ़ राहत कैंपों में भी पहुंचने लगे हैं ताकि अपनी और अपने बच्चों की जान बचा सकें।



स्थानीय लोगों का कहना है कि बाढ़ की इस भयावह स्थिति में भी प्रशासन की ओर से नाव, स्वास्थ्य सुविधा या पशुओं के लिए चारे का कोई ठोस इंतजाम नहीं किया गया है। लोग नाव के सहारे किसी तरह दानापुर पहुंच रहे हैं, लेकिन नाव संचालक एक पशु लाने के लिए 1000 रुपये तक वसूल रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकार ने उन्हें भगवान भरोसे छोड़ दिया है।

मनेर के पश्चिमी दियारा में रामघाट पुल और तिवारी टोला पुल के पास सड़कें बाढ़ के पानी में डूब गई हैं, जिससे छह पंचायतों का मनेर शहरी क्षेत्र से संपर्क टूट गया है। रामपुर दियारा, भवानी टोला, हुलासी टोला, सुअरमरवा, रामबाद, पतीला, चौरासी, हाथी टोला, मुंजी टोला, हल्दी छपरा, इस्लामगंज, महावीर टोला, छिहत्तर और रतन टोला समेत डेढ़ दर्जन से अधिक गांव बाढ़ से जूझ रहे हैं।

दानापुर अनुमंडल अधिकारी दिव्य शक्ति ने बताया कि गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, लेकिन सरकार राहत कार्य में पूरी तरह मुस्तैद है। बाढ़ पीड़ितों के लिए 42 नाव चलाई जा रही हैं और दानापुर में बलदेव स्कूल समेत दो राहत कैंप संचालित किए जा रहे हैं। साथ ही मवेशियों के लिए चारे की व्यवस्था भी की जा रही है और आगे भी हरसंभव मदद दी जाएगी।

# कमला नदी में डूबने से तीन की मौत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मधुबनी।** रहिका मजरही में कमला नदी पर बने फाटक में खेल खेल में शुक्रवार की शाम करीब 4 बजे तीन बच्चियों की डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि एक बच्ची की सांस चल रही थी, उसे स्वजन पीएचसी लेकर आए। जहां चिकित्सक और आक्सीजन नहीं होने के कारण बच्ची की मौत का आरोप लगाकर लोगों ने रहिका-दरभंगा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी पर कार्रवाई करने एवं स्वजन को मुआवजा देने की मांग पर डटे हुए हैं। अस्पताल में सीओ सुरेश कुमार व रहिका थाना पुलिस आक्रोशित लोगों से वार्ता कर जाम हटाने का प्रयास कर रही है। सूची भेजे जाने तक जाम नहीं हटा था।

# बाप-बेटे को तेल छिड़कर जलाया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** जिले के कदवा थाना क्षेत्र के कुर्सेल पंचायत के कचौरा गांव में गुरुवार की रात एक ऐसी दर्दनाक घटना घटी जिसने पूरे इलाके को सन्न कर दिया। अज्ञात अपराधियों ने हैवानियत की हद पार करते हुए घर में घुसकर पिता-पुत्र पर पेट्रोल छिड़क दिया और जिंदा आग के हवाले कर दिया। इस घटना में 12 वर्षीय सुनील मंडल की मौके पर ही जलकर मौत हो गई, जबकि उसके पिता राम कल्याण गंभीर रूप से झुलस गए हैं और उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। उन्हें इलाज के लिए भागलपुर रेफर किया गया है। घटना के कारणों को लेकर फिलहाल पुलिस ने आधिकारिक तौर पर कुछ भी स्पष्ट नहीं किया है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि हाल के दिनों में घर के सामने से गुजरने वाली सड़क को लेकर विवाद चल रहा था। आशंका जताई जा रही है कि इसी विवाद ने इस जघन्य वारदात को जन्म दिया। ग्रामीणों के मुताबिक, कुछ दिन पहले इस विवाद ने तूल पकड़ा था और तभी से तनाव का माहौल बना हुआ था।

- बेटे की मौत, पिता गंभीर
- गांव में दहशत का माहौल

इस खौफनाक हमले के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। लोग घरों से बाहर निकलने से कतरा रहे हैं और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने शक के आधार पर एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। कटिहार एसपी शिखर चौधरी ने भी घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि जांच जारी है और आरोपियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।

मासूम सुनील मंडल की मौत के बाद गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया है। परिजन रो-रो कर बदहवास हैं और न्याय की गुहार लगा रहे हैं। ग्रामीण भी इस घटना से आक्रोशित हैं और मांग कर रहे हैं कि दोषियों को जल्द से जल्द कड़ी सजा दी जाए, ताकि भविष्य में कोई इस तरह की हैवानियत करने की हिम्मत न कर सके।

# पति का हाथ पैर तोड़ पत्नी प्रेमी संग फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले के बोचहा थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां शादी के 20 साल बाद एक महिला अपने सगे भांजे संग फरार हो गई। इतना ही नहीं, फरारी से पहले महिला और भांजे ने मिलकर पति पर जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया और घर से नकदी, लाखों के जेवर व जमीन के कागजात लेकर भाग निकले।

गोद लिया भांजा बना प्रेमी, दो साल से चल रहा था अवैध संबंध

जानकारी के अनुसार, चौपर मदन गांव के नवल किशोर पटेल की शादी वर्ष 2005 में खुशबू देवी से धूमधाम से हुई थी। सब कुछ ठीक चल रहा था, तभी नवल की बहन की मौत हो गई। बहन का छह साल का बेटा नीरज, जिसे मामा-मामी ने गोद लेकर पाला। वह समय के साथ घर का हिस्सा बन गया। परवरिश के दौरान नीरज और खुशबू के बीच नजदीकियां बढ़ीं और पिछले दो साल से दोनों के बीच अवैध संबंध का सिलसिला शुरू हो गया। नवल को जब इसकी भनक लगी, तो उन्होंने समझाने की कोशिश की। लेकिन खुशबू ने धमकी दी कि अगर यह बात किसी को बताई, तो उसकी लाश ही घर लौटेगी।

27 जुलाई को खुशबू और नीरज ने फरार होने की योजना बनाई। वे घर से नकदी, सोने-चांदी के जेवर और जमीन के कागजात लेकर निकलने की फिराक में थे। नवल ने जब उन्हें रोकने की कोशिश की, तो दोनों ने मिलकर लोहे की रॉड और धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस हमले में नवल का पैर टूट गया और उन्हें गंभीर चोटें आईं। हमलावरों का इरादा उनकी जान लेने का था, लेकिन शोर सुनकर ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर उनकी जान बचाई।हमले के बाद खुशबू नीरज और अपने बेटे को लेकर घर से फरार हो गई।

# 45 बदमाशों की पुलिस ने की लिस्ट तैयार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर कुख्यात अपराधियों और माफियाओं की अवैध संपत्तियों की जब्ती को लेकर कार्रवाई तेज कर दी गई है। भोजपुर जिले में अब तक 45 अपराधियों और माफियाओं को चिह्नित कर सूची तैयार कर ली गई है। पहले यह संख्या लगभग 35 थी, लेकिन अब 10 और नाम इसमें जोड़े गए हैं।

अब तक चार नशा तस्करों के विरुद्ध कोर्ट में जब्ती की अनुशंसा की गई है, लेकिन सिर्फ एक के विरुद्ध कोर्ट से नोटिस जारी हुआ है। इसकी पुष्टि भोजपुर एसपी राज ने की है।

पूर्व में गांजा तस्करी में आरोपित सिद्धनाथ कुमार (निवासी-हाटपोखर, थाना-जगदीशपुर), एनडीपीएस एक्ट में चार्जशीटेड देवपातो देवी (पत्नी-श्याम किशोर राम उर्फ काका, निवासी-गौसगंज, थाना-टाउन) और पंकज सिंह उर्फ भिखारी सिंह (निवासी-मसाढ़, गजराजगंज ओपी) शामिल हैं।

**कई अन्य की संपत्तियों की चल रही जांच, अवैध संपत्तियां होगी जब्त**

इसके अलावा, शराब तस्करी में चार्जशीटेड हरि सिंह उर्फ बाघा सिंह उर्फ अभिनंदन (निवासी - ईश्वरपुरा, थाना -करनामेपुर) के विरुद्ध कोर्ट में जब्ती का प्रस्ताव समर्पित किया गया है।

अन्य चिन्हित अपराधियों की संपत्तियों की जांच चल रही है। इसमें उनकी खरीदी गई संपत्तियों से लेकर आय के स्रोत और आयकर रिटर्न की जांच शामिल है। अवैध आय के पुख्ता प्रमाण मिलने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 107 के तहत संपत्ति जब्ती का प्रस्ताव कोर्ट में भेजा जाएगा।

# विधायक उतरे सड़क पर

**समस्तीपुर।** बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ समस्तीपुर के विभूतिपुर के सीपीएम विधायक अजय कुमार शुक्रवार को अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ सड़क पर उतर आए। समाहरणालय के सामने दरभंगा-पटना मार्ग पर उन्होंने जमकर विरोध प्रदर्शन किया, जिसके कारण सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन घंटों बाधित रहा।प्रदर्शन के दौरान विधायक अजय कुमार ने आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया के जरिए गरीब, दलित, भूमिहीन और अल्पसंख्यक समुदाय के मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग रोजगार के लिए बाहर गए हैं, उन्हें ह्यमाइग्रेटह्न दिखाकर उनका नाम काटा जा रहा है, जो पूरी तरह गलत है।

विधायक ने कहा कि यह आंदोलन केवल समस्तीपुर तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश में जिला मुख्यालय स्तर पर आज एसआईआर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहा है। उन्होंने चुनाव आयोग से तत्काल इस प्रक्रिया को वापस लेने की मांग की और चेतावनी दी कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।


# चुनाव आयोग ने तेजस्वी प्रसाद यादव को दिया अल्टीमेटम

## 16 अगस्त तक का मिला है समय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने जिस ईपिक कार्ड का हवाला दे गहन पुनरीक्षण के बाद प्रारूप मतदाता सूची से नाम काटने का दावा किया था, वह गंभीर होता जा रहा है।

दीघा के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने शुक्रवार शाम तक आरएबी-2916120 संख्या वाले ईपिक कार्ड का विवरण व उसकी मूल प्रति नहीं मिलने पर तेजस्वी प्रसाद को दूसरा स्मारपत्र भेजा है। इसमें 16 अगस्त की शाम पांच बजे तक फर्जी प्रतीत होते ईपिक कार्ड को जमा कराने का निर्देश दिया गया है।



निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा फर्जी प्रतीत होने वाले ईपिक कार्ड को उपलब्ध कराने को लिखे तीसरे पत्र में मामले की गंभीरता के संकेत दिए हैं।

पहली बार पत्र में कहा गया है कि गत कई वर्षों की मतदाता सूचियों के डेटा बेस मिलान पर भी दो अगस्त को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद द्वारा प्रदर्शित आरएबी-2916120 ईपिक कार्ड निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किया नहीं पाया गया। प्रतीत होता है कि आपके द्वारा प्रदर्शित ईपिक कार्ड फर्जी है। यही नहीं, फर्जी सरकारी दस्तावेज बनाना एवं प्रयोग करना कानूनी अपराध है।

तेजस्वी प्रसाद यादव ने गहन पुनरीक्षण के बाद एक अगस्त को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची में आरएबी2916120 नंबर के ईपिक कार्ड दिखाकर नाम अंकित नहीं होने व विलोपित करने की बात कही थी।

जांच में पाया गया कि उनका नाम है और वैध ईपिक नंबर आरएबी0456228 है, जिसका इस्तेमाल 2015 व 2020 में राघोपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन में भी किया था।

विशेष गहन पुनरीक्षण में बीएलओ को दिए गणना प्रपत्र में भी इसी नंबर का ईपिक कार्ड दिया गया था। ऐसे में आरएबी2916120 नंबर के ईपिक कार्ड की जांच के लिए मूल प्रति की जरूरत है।

# चार आंखों वाली मछली लोगों के लिए बनी कौतूहल का विषय

## लोगों ने माना दक्षिण अमेरिका की नदियों में पायी जाती है यह मछली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** सिमरी प्रखंड की नियाजीपुर पंचायत में इन दिनों एक अनोखी मछली चर्चा का विषय बनी हुई है। गर्जन पाठक के डेरा के समीप बाढ़ के पानी में एक ऐसी मछली देखी गई है, जिसकी आंखें चार हैं और रंग बेहद विचित्र है।

इस असामान्य दृश्य ने ग्रामीणों को हैरत में डाल दिया है। लोग इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं और इसकी तस्वीरें व वीडियो इंटरनेट नेटवर्क पर तेजी से वायरल हो रहे हैं।

पूर्व मुखिया रामाशंकर बिंद ने बताया कि उन्होंने अपने जीवन में कभी ऐसी मछली नहीं देखी। उनके अनुसार, यह मछली न तो हमारे इलाके की सामान्य प्रजातियों में से है, और न ही इसके रंग-रूप में कोई समानता स्थानीय मछलियों से मिलती है।



उन्होंने इसे प्रकृति का अद्भुत करिश्मा बताया। स्थानीय ग्रामीणों का मानना है कि बाढ़ के चलते गंगा और अन्य जल स्रोतों से कई तरह की दुर्लभ प्रजातियां इलाके में पहुंच रही हैं।

कुछ लोगों ने आशंका जतायी कि यह कोई विदेशी प्रजाति भी हो सकती है, जो पर्यावरणीय असंतुलन का संकेत हो सकती है। हालांकि अब तक मत्स्य विभाग या जीव वैज्ञानिकों की कोई टीम मौके पर नहीं पहुंची है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि इस मछली का वैज्ञानिक परीक्षण कराया जाए, ताकि इसके बारे में सही जानकारी मिल सके।

इस मछली को सकर माउथ कैटफिश कहा जाता है। यह मछली मूल तौर पर दक्षिण अमेरिका की नदियों में पायी जाती है। लोग एक्वेरियम में पालने के लिए इसे खरीदते हैं और इसका आकार बढ़ जाने पर कई बार इसे नजदीक के जल स्रोतों में छोड़ देते हैं।

इस मछली के लिए एक्वेरियम बड़े साइज का होना चाहिए, क्योंकि इसका आकार बढ़ने पर यह 15 इंच तक लंबी हो सकती है। ऐसा माना जाता है कि यह मछली भारतीय नदियों के पारिस्थितिकि तंत्र को प्रभावित कर सकती है और स्थानीय जल जीवों की कुछ प्रजातियों के लिए नुकसानदेह साबित हो सकती है।

# लापता युवक का शव बरामद

**पटना।** जिले के दानापुर अनुमंडल के खगौल थाना क्षेत्र अंतर्गत दल्लू चक से अपहृत युवक विशाल कुमार का शव को पुलिस ने रूपसपुर नहर से बरामद किया है। शव की बरामदगी के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल दानापुर भेज दिया है। वही आक्रोशितों ने रूपसपुर नहर के मार्ग पर विरोध प्रदर्शन करते हुए सड़क को जाम कर दिया है। जाम की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाने बुझाने के लिए जुटी हुई है। आक्रोशित लोगों ने अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

घटना के संबंध में स्थानीय लोगों और परिजनों का कहना है कि 5 अगस्त की शाम को अपने दोस्त के घर पर बर्थडे पार्टी में शामिल होने के लिए विशाल गया हुआ था। इसके बाद से वह लापता हो गया। परिवार के सदस्यों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं भी अता पता नहीं चल सका था। इस मामले में विशाल के परिवार वालों ने खगौल थाना में लिखित शिकायत कर उसकी तलाश की गुहार लगाई थी।

# बाढ़ के पानी में अलग-अलग जगहों पर तीन डूबे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा/बड़हरा।** भोजपुर जिले के अलग-अलग जगहों पर गुरुवार को बाढ़ के पानी में तीन लोग डूब गए। बाद में एक-एक कर तीनों शवों को बरामद कर लिया गया। धोबहा थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव में गुरुवार की सुबह बाढ़ के पानी में डूबने से एक मासूम बच्ची की मौत हो गई। मृत बच्ची की पहचान दरियापुर गांव निवासी लक्ष्मण खरवार की चार वर्षीय पुत्री कोमल कुमारी के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह कोमल खेलते-खेलते घर से बाहर निकल गई थी। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह बाढ़ के पानी में गिरकर डूब गई। मौके पर मौजूद एक ग्रामीण ने उसे पानी से बाहर निकाला और तुरंत स्वजनों को सूचना दी। स्वजन बच्ची को लेकर आनन-फानन में सदर अस्पताल, आरा पहुंचे, जहां डाक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

इसके बाद स्वजनों ने अस्पताल में मौजूद पुलिस पदाधिकारी को घटना की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। कोमल चार भाई-बहनों में सबसे छोटी थी। परिवार में मां ममता देवी, बहनें सोनम, पूनम और भाई मनु हैं। घटना के बाद पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। बाघीपाकड़ पंचायत के मुखिया समीर कुमार उर्फ मिथुन ने बताया कि गांव में बाढ़ का पानी घुसा हुआ है, जिससे लगातार दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। उन्होंने प्रशासन से जल्द राहत व सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है।

इधर आरा के कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के गुंडी गांव में घर से खेलने निकले एक किशोर की बाढ़ के पानी में डूबने से मौत हो गई। उसका शव गुरुवार की सुबह गांव स्थित एक प्राइवेट स्कूल के पास झाड़ियों में मिला।

मृतक 13 वर्षीय भोला गोड़ गुंडी गांव वार्ड नंबर-नौ निवासी श्याम लाल गोड़ के का पुत्र था, जो पांचवीं कक्षा का छात्र था। मृतक के पिता श्याम लाल गोड़ के अनुसार, बुधवार को दोपहर करीब 12 बजे भोला घर से खेलने निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा।

स्वजनों ने भकुरा, पैगा और दुबे छपरा सहित कई गांवों में उसकी तलाश की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। गुरुवार सुबह भी खोजबीन के दौरान गांव के ही प्राइवेट स्कूल के पास झाड़ियों में एक शव बरामद किया गया। मौके पर पहुंचे स्वजनों ने शव की पहचान भोला के रूप में की। राजद नेता रघपुति यादव ने परिवार से मिल ढांढस बंधाया।

उन्होंने जिला प्रशासन से मुआवजा की मांग की है। भोला अपने दो भाई-बहनों में सबसे बड़ा था। परिवार में माता किरण देवी, दो बहनें नीतू और ऋतु, तथा एक छोटा भाई शिवजी है। मां और परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है।

वहीं जाटी,आरा/बड़हरा के कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के बलुआं छलका के समीप गुरुवार को बाढ़ के पानी की तेज धार में एक 19 वर्षीय युवक बह गया। डूबे युवक की पहचान बलुआं पचायत के खवासपुर गांव निवासी मो. सलामुद्दीन के पुत्र राजा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, राजा अपने तीन दोस्तों के साथ बलुआ बाजार गया था। बाजार से लौटने के दौरान वे सभी बलुआ छलका के समीप से गुजर रहे थे।

इसी दौरान बाढ़ के पानी की तेज धार में राजा का संतुलन बिगड़ गया और वह बह गया। उसके दोस्तों ने शोर मचाया तो आस-पास के लोग मौके पर जुटे और युवक की तलाश शुरू कर दी।

ग्रामीणों ने काफी देर तक अपने स्तर से खोजबीन की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। इसके बाद प्रशासन को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और तलाशी अभियान शुरू किया। देर शाम क युवक का मिलने की सूचना है। स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# एशियन रग्बी अंडर-20 सेवन्स चैंपियनशिप का आगाज








**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**राजगीर (नालंदा)।** बिहार की खेल राजधानी बनते ही राजगीर में शुक्रवार को एशियन रग्बी अंडर-20 सेवन्स चैंपियनशिप का रंगारंग शुभारंभ हुआ। राजगीर खेल परिसर में आयोजित भव्य उद्घाटन समारोह में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता ने संयुक्त रूप से प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।

इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन के साक्षी बने हजारों दर्शक, जिनमें स्थानीय नागरिक, खेल प्रेमी और विभिन्न देशों से आए प्रतिभागी शामिल रहे।

रग्बी इंडिया के अध्यक्ष और प्रख्यात अभिनेता राहुल बोस ने सीएम नीतीश कुमार की दूरदर्शिता की प्रशंसा करते हुए कहा कि बिहार में विश्वस्तरीय खेल सुविधाएं विकसित कर देश के सामने एक मिसाल पेश की गई है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल बिहार बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का क्षण है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ही इस प्रतियोगिता के लोगो और शुभंकर का अनावरण कर इसे एक विशेष पहचान दी थी।

इस टूर्नामेंट में भारत, चीन, हांगकांग, संयुक्त अरब अमीरात, कजाखस्तान, उज्बेकिस्तान, श्रीलंका, मलेशिया और नेपाल से कुल 16 महिला व पुरुष टीमें भाग ले रही हैं। इसमें 192 खिलाड़ी, 32 कोच, और 50 तकनीकी पदाधिकारी हिस्सा ले रहे हैं।

भारतीय पुरुष टीम में बिहार के गोल्डन कुमार और सागर प्रकाश, जबकि महिला टीम में आरती कुमारी, अनशु कुमारी, अल्पना कुमारी और गुड़िया कुमारी जैसी होनहार खिलाड़ियों ने जगह बनाई है। पुरुष टीम की कमान सुमित कुमार रॉय, और महिला टीम की कप्तानी भूमिका शुक्ला के हाथों में है।

राजगीर का खेल परिसर आज देश के अत्याधुनिक स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर का परिचायक बन चुका है। 45,000 दर्शकों की क्षमता वाले मुख्य स्टेडियम के साथ यहां इनडोर हॉल, एथलेटिक्स ट्रैक, स्विमिंग पूल, हॉकी, फुटबॉल, टेनिस व बैडमिंटन जैसे खेलों की अंतरराष्ट्रीय मानकों वाली सुविधाएं उपलब्ध हैं।

इस अवसर पर खेल विश्वविद्यालय के कुलपति शिशिर सिंहा, खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी. राजेंद्र, खेल निदेशक महेंद्र कुमार, जिलाधिकारी कुंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक भारत सोनी और रग्बी इंडिया के अध्यक्ष राहुल बोस समेत कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं।

CMYK

# अमित शाह एवं नीतीश कुमार ने अमृत भारत एक्सप्रेस के परिचालन का किया शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर।** गृह एवं सहकारिता मंत्री, अमित शाह एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा सीतामढ़ी से नई दिल्ली के लिए एक नई अमृत भारत ट्रेन सेवा का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। आज इसका परिचालन सीतामढ़ी से 05599 सीतामढ़ी-दिल्ली उद्घाटन स्पेशल के रूप में किया गया। दिल्ली और सीतामढ़ी के मध्य गाड़ी सं. 14048/14047 दिल्ली-सीतामढ़ी-दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस का नियमित परिचालन दिल्ली से 09.08.2025 से प्रत्येक शनिवार को तथा सीतामढ़ी से 10.08.2025 से प्रत्येक रविवार को किया जाएगा। गाड़ी सं. 14048 दिल्ली-सीतामढ़ी अमृत भारत एक्सप्रेस 09.08.2025 से प्रत्येक शनिवार को दिल्ली से 14.00 बजे खुलकर गाजियाबाद, टुंडला, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज, सिसवा बाजार, बगहा, नरकटियागंज, सिकटा, रक्सौल, बैरगनिया स्टेशनों पर रुकते हुए अगले दिन 10.45 बजे सीतामढ़ी पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 14047 सीतामढ़ी-दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस 10.08.2025 से प्रत्येक रविवार को सीतामढ़ी से 22.15 बजे खुलकर उपरोक्त स्टेषनों पर रूकते हुए अगले दिन 22.40 बजे दिल्ली पहुंचेगी। विदित हो भारतीय रेल की ओर से बिहार को मिलने वाली यह सातवीं अमृत भारत ट्रेन है। इससे पहले जब देश में पहली बार अमृत भारत ट्रेनें बनकर तैयार हुई थी तो उनका परिचालन दरभंगा से वाया अयोध्या आनंद विहार टर्मिनल तथा मालदा टाउन से सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलुरूके बीच किया गया था। सहरसा और मुंबई के मध्य अमृत भारत एक्सप्रेस के परिचालन का प्रारंभ प्रधानमंत्री द्वारा किया गया था। इसके अलावा पटना और नई दिल्ली के बीच प्रतिदिन अमृत भारत एक्सप्रेस के साथ-साथ मोतिहारी से आनंद विहार के लिए, दरभंगा से लखनऊ तथा भागलपुर, गया, सासाराम के रास्ते मालदा टाउन से लखनऊ के लिए अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है जिससे बिहार के लोगों को काफी लाभ मिल रहा है। अमृत भारत ट्रेनों का निर्माण मेक इन इंडिया प्रोग्राम के तहत इंटीग्रेटेड कोच फैक्ट्री में किया गया है। इसे खास तौर पर मध्य एवं निम्न आय वर्ग के लोगों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है जिसमें स्लीपर और जनरल क्लास के डिब्बे लगे हुए हैं। आधुनिक सुविधाओं से लैस अमृत भारत ट्रेन के नए संस्करण में कई-नई सुविधाएं भी प्रदान की गई है जिससे अमृत भारत 2.0 पहले से कहीं ज्यादा सुविधाजनक और हाईटेक हो गई है। अमृत भारत ट्रेन लो बजट में यात्रा करने का एक सुविधाजनक और विश्वसनीय माध्यम बन गई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाल ही में जानकारी दी थी कि देश में 100 नए अमृत भारत रेक निर्माणाधीन हैं जिन्हें भारतीय रेल के विभिन्न रुटों पर चलाया जाएगा। अमृत भारत 2.0 ट्रेन के कोच में फोल्डेबल स्नैक्स टेबल, मोबाइल होल्डर, फोल्डेबल बटल होल्डर जैसी सुविाएं प्रदान की गई हैं। इनमें हवाई जहाज की तर्ज पर रेडियम एलिमिनेटेड फ्लोरिंग स्ट्रिप, एयर स्प्रिंग बडी जैसी सुविधाएं प्रदान की गई है जिससे सफर आरामदायक होता है। इस ट्रेन के प्रत्येक शौचालय में इलेक्ट्रो न्यूमेटिक फ्लशिंग प्रणाली, ऑटोमेटिक सप डिस्पेंसर और एरोसल आधारित फायर सप्रेशन सिस्टम लगाया गया है जिससे स्वच्छता और सुरक्षा को मजबूती प्राप्त होगी। शौचालयों के निर्माण में शीट मेटल कंपाउंड सामग्री का उपयोग किया गया है जिससे रखरखाव आसान होगा। अमृत भारत 2.0 ट्रेन में 130 किमी/घंटा रफ्तार देने की क्षमता है। भारतीय रेल के इतिहास में पहली बार ट्रेन में सेमी-ऑटोमैटिक कपलर का उपयोग किया गया है जो न केवल यात्रा को सुगम बनाती है, बल्कि कनेक्शन को भी सुविधाजनक बनाती है। लोकोमोटिव के साथ यह रेक स्थिरता के साथ उच्चतम गति और बेहतर संचालन सुनिश्चित करता है।

## सीतामढ़ी में विश्व स्तरीय सीता मंदिर शिलान्यास पर डॉ. प्रेम कुमार ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के सहकारिता मंत्री एवं भाजपा के वरीय नेता डॉ. प्रेम कुमार ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और बिहार की एनडीए सरकार को सीतामढ़ी जिले के पुनौरा धाम में जगत जननी माता सीता की जन्मस्थली पर विश्व स्तरीय मंदिर निर्माण का शिलान्यास करने के लिए बधाई दी है। डॉ. कुमार ने कहा कि अमित शाह ने पुनौरा धाम के पुनरुद्धार और भव्य मंदिर निर्माण का शिलान्यास कर विश्वभर में फैले हिंदू श्रद्धालुओं को अनुपम और अद्वितीय सौगात दी है। उन्होंने कहा कि 881 करोड़ 87 लाख रुपये की लागत से बनने वाला यह मंदिर आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण होगा और इसे भक्तों एवं पर्यटकों के लिए आकर्षण और भक्ति-शक्ति के केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पहल से न केवल सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान को नया आयाम मिलेगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को दर्शन, पूजन और आशीर्वचन प्राप्त करने का सुलभ अवसर मिलेगा जिससे राज्य के राजस्व में भी वृद्धि होगी। डॉ. कुमार ने कहा बिहार की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक तरक्की के साथ-साथ अब आर्थिक विकास भी तेज होगा। यह कदम विकसित भारत के सपने को साकार करने में बिहार की महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करेगा।

## एसबीआई फाउंडेशन के प्रबंध निदेशक ने वैशाली जिले के 'ग्राम सेवा' गांवों का किया दौरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर।** एसबीआई फाउंडेशन के प्रबंध निदेशक संजय प्रकाश ने वैशाली जिले के मरीचाराम और अलावलपुर गांवों का दौरा किया जहां समग्र ग्रामीण विकास परियोजना 'ग्राम सेवा' का क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने परियोजना की प्रगति की समीक्षा की, समुदायों से बातचीत की और उनकी प्रतिक्रिया ली। एसबीआई फाउंडेशन ने क्षेत्र में समग्र ग्रामीण विकास गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए मार्च 2024 के दौरान सीएसआर परियोजना शुरू की थी। यह परियोजना बीएआईएफ डेवलपमेंट रिसर्च फाउंडेशन (एनजीओ) के साथ साझेदारी में तीन वर्षों की अवधि के लिए क्रियान्वित की जा रही है। पिछले डेढ़ वर्षों में छात्रों, किसानों और महिलाओं के लाभ के लिए विविध विकासात्मक गतिविधियां संचालित की गई हैं। शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सरकारी मिडिल स्कूल में स्मार्ट क्लासरूम, कंप्यूटर लैब और साइंस लैब स्थापित की गई हैं। विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं की सुविधा के लिए 'ग्राम सेवा केंद्र' स्थापित किए गए हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 'संजीवनी' स्वास्थ्य शिविर और एम्बुलेंस सेवाएं भी प्रदान की जा रही हैं। स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए 'स्वच्छता साथी' नामक कचरा संग्रहण वाहन आस-पड़ोस में घूम रहा है।

## बिहार टेक्सटाइल एवं लेदर पॉलिसी से उद्योगों को मिल रहा नया आयाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने राज्य में औद्योगिक विकास और रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'बिहार टेक्सटाइल एवं लेदर पॉलिसी' लागू की है। इस नीति के तहत निवेशकों को आकर्षित करने और उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए कई प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं। नीति के अनुसार पूंजीगत अनुदान के रूप में प्लांट एवं मशीनरी पर 30 करोड़ रुपये तक अधिकतम 30 प्रतिशत की सहायता दी जा रही है। इसके साथ ही उद्योगों को ब्याज दर में 10-12 प्रतिशत अथवा वास्तविक ब्याज दर पर छूट दी जा रही है। एफसीआई पर 50 प्रतिशत की छूट अथवा 20 करोड़ रुपये तक का अनुदान दिया जा रहा है। इसके अलावा 10 लाख रुपये तक पेटेन्ट अनुदान भी प्रदान किया जा रहा है। बिजली शुल्क में 2 रुपये प्रति यूनिट की छूट दी जाएगी। कर संबंधी प्रोत्साहन के तहत 100% एसजीएसटी की प्रतिपूर्ति और स्टाम्प ड्यूटी, पंजीकरण शुल्क और भूमि समपरिवर्तन शुल्क पर 100 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। प्रतिवर्ष 10 लाख रुपये तक माल भाड़ा प्रतिपूर्ति की सुविधा उपलब्ध होगी। रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए भी विशेष प्रावधान किए गए हैं, जिसके तहत ईपीएफ और ईएसआई भुगतान का 300 प्रतिशत की प्रतिपूर्ति दी जाएगी और साथ ही 5000 रुपये प्रति माह प्रति कर्मचारी को सहायता दी जा रही है।

## नाबार्ड द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष पर चार राज्यों के लिए क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सहकारिता मंत्रालय द्वारा सहकारिता विभाग, बिहार एवं नाबार्ड के संयुक्त तत्वावधान में दीपनारायण सिंह सहकारी प्रशिक्षण संस्थान, पटना में एक दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पैक्सों को बहुद्देशीय बनाए जाने, पैक्सों के माध्यम से विश्व की सबसे बड़ी अन्न भण्डारण योजना की प्रगति एवं पैक्सों को कम्प्यूटरीकृत किये जाने की प्रगति की समीक्षा के साथ-साथ कई विभागों के आपसी समन्वय से निश्चित समय पर योजना के कार्यान्वयन को गति प्रदान करना था। आज की एक दिवसीय कार्यशाला में भारत सरकार के संयुक्त सचिव सिद्धार्थ नाथ जैन, सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार सरकार धर्मेन्द्र सिंह, निबंधक, सहयोग समितियां, पटना, अंशुल अग्रवाल, मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड, सुब्रत कुमार नंदा, संजय कुमार गुप्ता, विनय कुमार सिन्हा, डॉ. मिलिन्द, उप महाप्रबंधक, नाबार्ड, गोवर्द्धन सिंह रावत उपस्थित रहे। साथ ही सचिव, सहकारिता मंत्रालय, आशीष कुमार भूटानी एवं नाबार्ड के चेयरमैन के.बी. शाजी ऑनलाइन माध्यम से इस कार्यशाला में जुड़े।

## दशरथ मांझी कौशल विकास योजना के तहत 40 प्रशिक्षुओं को मिला रोजगार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग की अधीनस्थ संस्था बिहार महादलित विकास मिशन द्वारा संचालित दशरथ मांझी कौशल विकास योजना के अंतर्गत कुल 40 प्रशिक्षुओं को कोर्स पूर्ण होने पर सर्टिफिकेट और दस प्रशिक्षुओं को प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार के लिए नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए गए हैं। यह प्रशिक्षण आईसेक्ट लिमिटेड के माध्यम से डोमेन स्किलिंग श्रेणी में दिया गया है जिसमें रोजगारोन्मुखी विषयों पर विशेष फोकस किया गया। कार्यक्रम के दौरान अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के उप निदेशक (मुख्यालय) राणा वैद्यनाथ कुमार सिंह, क्षेत्रीय उप निदेशक (कल्याण) पटना प्रमंडल प्रमोद कुमार और पटना के जिला कल्याण पदाधिकारी सह जिला परियोजना पदाधिकारी संजीव कुमार रत्न ने प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र और ऑफर लेटर प्रदान किए। अधिकारियों ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें अपने कौशल का उपयोग कर समाज एवं राज्य के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

## राखी महोत्सव में सैकड़ों बहनों ने बांधी राजेश राम को राखी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में राखी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आयी बहनों ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम को राखी बांधकर इस पर्व को हर्षोउल्लास के साथ मनाया। राखी महोत्सव में विधायक प्रतिमा कुमारी दास, नीतू सिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्ष शरवत जहां फातमा ने राजेश राम को राखी बांधकर राखी महोत्सव का शुरूआत किया। इस अवसर पर राज्य भर से डाक से आये हजारों राखी को उपस्थित बहनों ने प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के कलाई पर बांधी। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम की धर्मपत्नी रेखा दास के साथ सैकड़ों बहनें उपस्थित थी। राखी बांधने के पश्चात बहनों ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को लम्बी उम्र, स्वस्थ जीवन और जनसेवा में सफलता की शुभकामनाएं दी। राजेश राम ने भी सभी बहनों को उपहार स्वरूप शुभ आशीर्वाद और स्नेह प्रदान किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व प्रेम, विश्वास और आपसी सौहार्द का प्रतीक है। यह पर्व हमें नारी सम्मान, सुरक्षा और भाईचारे का संदेश देता है। बहनों द्वारा बांधी गयी राखी केवल एक धागा नहीं बल्कि हमारी सामाजिक मूल्यों और पारिवारिक संस्कृति की पहचान है। कांग्रेस पार्टी सदैव महिलाओं के अधिकारों, उनकी सुरक्षा और सम्मान के लिए प्रतिबद्ध रही है। समाज में हर बहन, बेटी सुरक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर बने यही रक्षाबंधन का सच्चा अर्थ है। मैं सभी बहनों को इस पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं और उनके स्नेह और विश्वास के लिए आभार प्रकट करता हूं।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय के तत्वावधान में वित्तीय समावेशन संतृप्ति एवं जागरूकता अभियान का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विदित हो कि वित्तीय सेवाएं विभाग द्वारा ग्राम पंचायत (जीपी) और शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) में वित्तीय समावेशन (एफआई) योजनाओं के संतृप्ति हेतु 01 जुलाई, 2025 से 30 सितंबर, 2025 तक तीन महीने की अवधि के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के प्रमुख लक्ष्यों में पीएमजेडीवाई के तहत बैंकिंग सेवाओं से वंचित वयस्कों के लिए बैंक खाते खोलना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना के तहत नामांकन बढ़ाना, रि-केवाईसी, खातों में नामांकन, डिजिटल धोखा-धड़ी की रोकथाम पर जागरूकता कार्यक्रम आदि शामिल हैं। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना द्वारा ऊर्जा ऑडिटोरियम, पटना में एक वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन भारतीय रिजर्व बैंक, पटना के क्षेत्रीय निदेशक सुजीत कुमार अरविंद तथा बैंक के कार्यपालक निदेशक नितेश रंजन द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में बिहार ग्रामीण बैंक के चेयरमैन मुकुल सहाय, भारतीय रिजर्व बैंक, पटना के महाप्रबंधक प्रभात कुमार, मुख्य महाप्रबंधक जी.के. सुधाकर राव, अंचल प्रमुख, पटना गुणा नंद गामी, उप अंचल प्रमुख, पटना रणजीत सिंह एवं विजय कुमार रॉय, क्षेत्र प्रमुख, पटना मुकेश कुमार उपस्थित रहे।

## आइपीआरडी के दो निशानेबाजों ने 35वीं राज्य निशानेबाजी प्रतियोगिता में जीते पदक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** सरकार के सूचना एवं जन संपर्क विभाग में कार्यरत दो निशानेबाजों ने 35वीं राज्य निशानेबाजी प्रतियोगिता 2025 में शानदार प्रदर्शन कर गौरव बढाया है। विभाग के दो सहायक प्रशाखा पदाधिकारी रंजीत कुमार भारती और प्रवीण कुमार ने 1 से 6 अगस्त तक नालंदा के हरनौत में मौजूद इंडोर शूटिंग रेंज और पटना के बिक्रम में एसएस शूटिंग एकेडमी में संयुक्त रूप से आयोजित प्रतियोगिता में ये पदक जीते। रंजीत कुमार भारती ने 25 मीटर के स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में एकल और टीम स्पर्धा में दो स्वर्ण पदक हासिल किए। इसके अलावा उन्होंने 25 मीटर के स्पोर्ट्स पिस्टल टीम स्पर्धा में कांस्य पदक भी अपने नाम किया। वहीं, प्रवीण कुमार ने भी 25 मीटर के स्पोर्ट्स पिस्टल टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। प्रतियोगिता से लौटने पर सूचना एवं जन संपर्क विभाग के निदेशक वैभव श्रीवास्तव ने दोनों विजेताओं को फिर से पदक पहनाकर सम्मानित किया और उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर विभाग के अपर सचिव राजीव कुमार सिंह और संयुक्त निदेशक रवि भूषण सहाय ने भी निशानेबाजों को उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

## ग्रीन डे में सावन की हरियाली संग खिले नन्हें चेहरे



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** टेंडर हार्ट इंटरनेशनल स्कूल में ग्रीन डे का उल्लासपूर्ण आयोजन हुआ जिसमें मॉन्टेसरी एवं प्राइमरी वर्ग के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने सावन के पावन माह और हरियाली को समर्पित विविध गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता जिसमें बच्चों ने हरी सब्जियां, फल, कांवरिया, भगवान शिव और माता पार्वती के रूप में मंच पर जीवंत प्रस्तुतियां दीं। काशवी सिन्हा ने कैप्सिकम, ज्ञान कुमार सिंह ने पेड़, और उमाएमा ने फूलगोभी का रूप धारण कर सबका मन मोह लिया।

## खादी मॉल में 'राखी पर लाइव मधुबनी पेंटिंग' कार्यक्रम का समापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अंतर्गत संचालित खादी मॉल, पटना में 'राखी पर लाइव मधुबनी पेंटिंग' कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह आयोजन रक्षाबंधन त्योहार के अवसर पर बिहार की समृद्ध लोककला मधुबनी पेंटिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था। यह कार्यक्रम 2 अगस्त 2025 से 8 अगस्त 2025 तक आयोजित किया गया। इस विशेष अवसर पर स्थानीय एवं नवोदित कलाकारों ने राखी से जुड़े विषयों पर 7 दिनों तक खादी मॉल में लाइव मधुबनी चित्रकारी की जिसे मॉल में आए दर्शकों और खरीददारों ने अत्यंत उत्साह के साथ लाइव डेमो देखा। उनके मार्गदर्शन और प्रेरणादायक शब्दों ने युवाओं को पारंपरिक कला की ओर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में बोर्ड के सहायक लेखा पदाधिकारी अभय सिंह एवं मॉल प्रबंधक रमेश चौधरी द्वारा प्रतिभागी कलाकार सुप्रिया सिन्हा, द होप ट्रस्ट और निशा पारसरमका को उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति एवं सहभागिता के लिए प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस आयोजन से न केवल कलाकारों को मंच मिला, बल्कि आमजन को भी बिहार की सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ। खादी मॉल, पटना द्वारा इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य पारंपरिक कला एवं शिल्प को पुनर्जीवित करना और स्थानीय कलाकारों को सशक्त बनाना है।

## स्तनपान को लेकर महिलाओं को किया जागरूक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** रोटरी क्लब ऑफ गया युवा की तरफ से स्तनपान कराने के संबंध में महिलाओं को जानकारी देने के संबंध में के बी मेमोरियल हॉस्पिटल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर डॉ नन्द किशोर गुप्ता ने वहा मौजूद महिलाओं को स्तनपान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। मौके पर मौजूद महिलाओं ने सभी बातों को अच्छे से समझा और प्रश्न भी पूछे। महिलाओं के बीच सेनिट्री पैड, प्रोटीन पाउडर अन्य सामग्री भी बांटा गया। इस मौके पर रोटरी युवा की अध्यक्ष राहुल महाजन, मुख्य आयोजनकर्ता रोटेरियन मुकेश गुप्ता, कमल, ममता, आदित्य एवं अन्य कई सदस्य मौजूद थे।

## गिग वर्कर्स और बंधुआ श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा के लिए दो समझौतों पर हुए हस्ताक्षर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राज्य में गिग वर्कर्स और बंधुआ श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन से जोड़ने के उद्देश्य से इंटरनेशनल जस्टिस मिशन और इंडस एक्शन इनिसिएटिव के साथ श्रम संसाधन विभाग ने शुक्रवार को दो अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। श्रम संसाधन विभाग की यह एक ऐतिहासिक पहल बताई जा रही है। श्रम संसाधन विभाग के प्रतिबिंब सभागार में शुक्रवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 'जागरूकता' नामक प्रेरणादायक जिंगल का भी विमोचन किया गया जिसका उद्देश्य समाज में श्रमिकों के अधिकारों के प्रति जनजागरण फैलाना है। राज्य के श्रमायुक्त राजेश भारती ने इस पहल को गिग वर्कर्स और बंधुआ श्रमिकों के सामाजिक एकीकरण की दिशा में मील का पत्थर बताया और कहा कि इससे उन्हें न केवल सम्मानजनक जीवन मिलेगा, बल्कि उन्हें समाज की मुख्यधारा से भी जोड़ा जा सकेगा। उन्होंने बताया कि बिहार प्लेटफॉर्म आधारित गिग कामगार (निबंधन, सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण) विधेयक हाल ही में विधानसभा और विधान परिषद द्वारा पारित किया गया है। इसके तहत एक बोर्ड का गठन किया जाएगा जो गिग वर्करों की सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा प्रदान करेगा। उन्होंने इंडस एक्शन और आईजेएम की द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह भागीदारी भविष्य की नीतियों के निर्माण में अत्यंत सहायक होगी। कार्यक्रम के दौरान बंधुआ मजदूरी के उन्मूलन के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए जिंगल 'जागरूकता' का भी औपचारिक विमोचन किया गया। यह जिंगल आम लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रचार माध्यमों के जरिये प्रसारित किया जाएगा जिससे बंधुआ प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ व्यापक जनमत तैयार किया जा सके।

## एक ही छत के नीचे 25 हजार से ज्यादा उत्पाद, पटना में ग्रैंड ट्रेड फेयर शुरू



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ज्ञान भवन में शुक्रवार को इंडिया इंटरनेशनल ग्रैंड ट्रेड फेयर-2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। महापौर सीता साहू ने दीप प्रज्ज्वलित कर मेले का उद्घाटन किया। 8 से 17 अगस्त तक चलने वाले इस दस दिवसीय मेले में देश-विदेश के हजारों उत्पाद एक ही छत के नीचे देखने और खरीदने को मिलेंगे। मेला रोज सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक आम जनता के लिए खुला रहेगा। करीब एक लाख वर्ग फुट में फैले इस वातानुकूलित मेले में 15 राज्यों और 7 देशों के व्यापारी और शिल्पकार भाग ले रहे हैं। यहां 25 हजार से अधिक अनूठे उत्पाद प्रदर्शित किए जा रहे हैं जिनमें हस्तशिल्प, हैंडलूम, फर्नीचर, होम डेकोर, परिधान, ज्वेलरी, इलेक्ट्रॉनिक्स और खानपान शामिल हैं।

संपादकीय

# महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के लिए उन्हें ही ठहरा दिया जाता है जिम्मेदार

महिलाओं की सुरक्षा को लेकर उठने वाले सवालों पर सरकारें आमतौर पर भविष्य में सब कुछ ठीक कर देने के आश्वासनों की औपचारिकता पूरी करने में कोई कमी नहीं करतीं, लेकिन जब जमीनी कार्रवाई के स्तर पर कुछ ठोस हासिल की बात होती है, तब सच्चाई सामने आ जाती है। हालत यह है कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चलाए जाने वाले अभियानों में या तो दृष्टि की कमी साफ दिखती है या फिर हद दर्जे की लापरवाही बरती जाती है। कई बार महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के लिए प्रकारांतर से उन्हें ही जिम्मेदार ठहरा दिया जाता है। गुजरात के अहमदाबाद से आई यह खबर हैरान करती है कि यातायात पुलिस की ओर से सुरक्षा अभियान के तहत जागरूकता फैलाने के लिए जिस तरह के संदेशों वाले पोस्टर लगाए गए, उससे यही पता चलता है कि या तो ऐसे आयोजन संचालित करने वाले के पास न्यूनतम संवेदना और समझ नहीं है या फिर वे एक आपराधिक मानसिकता का बचाव कर रहे हैं। गौरतलब है कि अहमदाबाद में यातायात पुलिस की ओर से सुरक्षा अभियान के लिए कथित तौर पर जो पोस्टर लगाए गए थे, उनमें बलात्कार या सामूहिक बलात्कार से बचने के लिए महिलाओं को 'देर रात पार्टी में' या 'अपने दोस्त के साथ अंधेरे और सुनसान इलाके में' न जाने की सलाह दी गई थी। यह महिलाओं के खिलाफ होने वाले जघन्य अपराधों के प्रति एक बेहद जड़, संकीर्ण और प्रतिगामी दृष्टिकोण है। जाहिर है, इस मामले ने तूल पकड़ना शुरू किया, तब अहमदाबाद यातायात पुलिस ने सफाई दी कि ऐसे संदेशों वाले पोस्टरों में उनका हाथ नहीं है। सवाल है कि अगर यातायात पुलिस की जानकारी या सहमति के बिना किसी कथित गैरसरकारी संगठन ने ऐसे पोस्टर लगाए तो सार्वजनिक स्थानों पर लगाए जाने से पहले किसी जिम्मेदार अधिकारी ने इसकी जांच क्यों नहीं की? सामाजिक मनोविज्ञान की हालत यह है कि महिलाओं की सुरक्षा के नाम पर काम करने वाले किसी गैरसरकारी संगठन की भी दृष्टि इस कदर संकीर्णता और जड़ता से ग्रस्त है। अफसोस की बात है कि जो संगठन और सरकारी महकमे महिलाओं की सुरक्षा के लिए काम करने का दावा करते हैं, उनके भीतर इतनी भी बुनियादी संवेदनशीलता और समझ नहीं है कि वे किसी अपराध के लिए पीड़ित को ही कठघरे में खड़ा न करें।

*9 अगस्त को 133वीं जन्म-जयंती पर विशेष*

# गांधी के आह्वान पर स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े थे शिवपूजन सहाय



डा. ध्रुव कुमार

शिवपूजन सहाय हिंदी के उन गिने -चुने साहित्यकार-पत्रकारों में अग्रणी स्थान रखते हैं, जिनके कारण हिंदी की साहित्यिक पत्रकारिता को एक नई ऊंचाई मिली। लगभग 42 वर्षों के अपने साहित्यिक जीवन में उन्होंने अनेक पुस्तकों और पत्र-पत्रिकाओं का संपादन किया । इस दौरान उन्होंने भाषा परिवर्तन, भाषा परिष्कार, वर्तनी और शैली के अनेक मानदंड स्थापित किए। साहित्यिक पत्रकरिता और रचनात्मक लेखन के जरिए पूरी दुनिया में हिंदी को सम्मान दिलाने वाले शिवपूजन सहाय एक सच्चे राष्ट्रभक्त थे। बिहार के शाहाबाद जनपद के वनवास नामक गांव में 9 अगस्त 1893 को एक सामान्य किसान परिवार में जन्में शिवपूजन सहाय को 1914 में महज 20 वर्ष की अवस्था में आरा के टाउन स्कूल में अध्यापक की नौकरी मिल गई थी। यह वो दौर था, जब भारतीय जनमानस अंग्रेजों की हुकूमत से कराह रहा था। युवा शिवपूजन के दिल में भी देशभक्ति हिलोरें मार रही थी और यही कारण है कि 1920 में महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन के शुरू होते ही वे राष्ट्रीय स्कूल के अध्यापक पद से त्यागपत्र देकर भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े। वे बचपन से ही बहुत कुशाग्र थे। उन्होंने आरा के कायस्थ जुबली एकेडमी से 1912 में मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। छात्र अवस्था में ही उनका झुकाव लेखन की ओर हो गया था। उनकी रचनाएं उन दिनों शिक्षा, लक्ष्मी, मनोरंजन और पाटलिपुत्र आदि बिहार की प्रमुख पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होने लगी थी। वे वस्तुतः पत्रकार थे। स्वतंत्रता आंदोलन में कूदने के पश्चात उनके पत्रकारीय जीवन की शुरुआत हुई और 1921 में आगरा से प्रकाशित होने वाले

मासिक पत्र ÷ मारवाड़ी सुधार ÷ का संपादन किया। दो साल के उपरांत वे अपने साहित्यिक गुरु ईश्वरी प्रसाद शर्मा की प्रेरणा से सन् 1923 में कोलकाता पहुंचे और वहां मतवाला- मंडल में सम्मिलित हो गए। इस मंडल में उन दिनों मिर्जापुर के महादेव प्रसाद सेठ, नवजादिक लाल श्रीवास्तव, पांडेय बेचन शर्मा % उग्र % और सूर्यकांत त्रिपाठी निराला शामिल थे। मतवाला से इनकी संपादन प्रतिभा निखरी। कोलकाता प्रवास में उन्होंने मतवाला के अतिरिक्त मौजी, आदर्श, गोलमाल, उपन्यास-तरंग और समन्वय आदि कई पत्रों के संपादन में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। कलकत्ता में इनके नाम का यश इतना फैला कि उन्हें लखनऊ से ÷ माधुरी ÷ में संपादन कार्य में सहयोग के लिए बुलावा आ गया और वे 1925 में लखनऊ पहुंचे। लेकिन अगले साल फिर वापस कोलकाता पहुंचकर % मतवाला - मंडल % में शामिल हो गए। लखनऊ में ही उनकी मुलाकात प्रेमचंद से हुई। प्रेमचंद भी माधुरी के संपादन में सहयोग कर रहे थे। प्रेमचंद, शिवपूजन सहाय की संपादन- कला से बहुत प्रभावित हुए और उन्हें अपने अप्रकाशित उपन्यास % रंगभूमि % के मुद्रण, संपादन और प्रूफ संशोधन का कार्य सौंप दिया। वस्तुत~ रंगभूमि उपन्यास की छपाई का कार्य शिवपूजन सहाय के नेतृत्व में ही हुआ था। मतवाला के बाद शिवपूजन सहाय भागलपुर के समीप सुल्तानगंज से प्रकाशित होने वाली ÷ गंगा ÷ नामक साहित्यिक पत्रिका के संपादन का कार्यभार संभाला। इसके उपरांत पुस्तक भंडार के संचालक आचार्य रामलोचन शरण बिहारी के निमंत्रण पर उनके प्रकाशनों के संपादन और वितरण में सहयोग सहयोगी के रुप में दरभंगा के लहरियासराय चले गये, जहां उन्होंने कई वर्षों तक कार्य किया। इसी बीच पुस्तक भंडार के प्रकाशन के कार्यों के संबंध में उनका कई बार काशी भी आना-जाना हुआ और इस दौरान बनारस के कई सुप्रसिद्ध साहित्यकारों से उनका संपर्क हुआ। इस संपर्क का परिणाम यह हुआ कि उन्हें काशी से प्रकाशित मासिक पत्र जागरण के संपादन - प्रकाशन का दायित्व मिला। काशी में उन दिनों प्रेमचंद, जयशंकर प्रसाद, विनोद शंकर व्यास आदि अनेक साहित्यकार सक्रिय थे। जिनके साथ शिवपूजन सहाय का संपर्क और सहयोग बढ़ता गया। प्रेमचंद से तो वे लखनऊ से ही परिचित थे। काशी से वे 1933 में % जागरण % का दायित्व विनोद शंकर व्यास को सौंप कर वापस दरभंगा ( लहरियासराय ) लौट गए। इस बार लहरियासराय में उन्होंने पुस्तक भंडार की ओर से प्रकाशित होने वाले बाल पत्रिका ÷ बालक ÷ का संपादन कई वर्षों तक अत्यंत कुशलतापूर्वक किया।

उनके संपादन में यह बाल पत्रिका राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित हुई। 1939 में उन्होंने पुस्तक भंडार से अवकाश ग्रहण कर छपरा के राजेंद्र कॉलेज में हिंदी के प्राध्यापक हो गए। लेकिन इनके अंदर का संपादक और पत्रकार शिक्षण कार्य से संतुष्ट नहीं हुआ और 1946 में एक वर्ष का अवकाश लेकर पटना चले आए और पुस्तक भंडार द्वारा प्रकाशित साहित्यिक पत्रिका ÷ हिमालय ÷ का संपादन किया। हिमालय के संपादन के दौरान उनके द्वारा लिखी गई टिप्पणियों पर साहित्य जगत में खूब चर्चा होती। उनकी लेखनी से साहित्य जगत में हलचल मची रहती। राजेंद्र कॉलेज छपरा से अवकाश ग्रहण करने के बाद 1950 में शिवपूजन सहाय जब पटना लौटे तो बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन ने उन्हें अपनी शोध प्रधान त्रैमासिक पत्रिका ÷ साहित्य ÷ का दायित्व सौंपा । ÷ साहित्य ÷ के संस्थापक- संपादक के रूप से शुरू होकर अपने जीवन के अंतिम क्षण तक उन्होंने % इसका संपादन किया। इस पत्रिका ने शोध और शिक्षा के क्षेत्र में जो नए मानदंड प्रस्तुत किए वह हिंदी जगत में आज भी अतुल्यनीय है।

उनकी संपादन कला से सम्मोहित उनके साथ लंबे समय तक कार्य कर चुके आचार्य श्रीरंजन सूरिदेव उनके व्यक्तित्व का आकलन इन शब्दों में किया था - ÷ उन्होंने एक पत्रकार - संपादक के रूप में जिस उत्साह से हिंदी सेवा का व्रत लिया था, उसी उत्साह और दृढ़ता से उसे निभाया भी। हिंदी प्रेम उनकी धमनियों में लहू की तरह प्रवाहित होता रहता था। वे आचार्य महावीर प्रसाद जैसे संपादकाचार्य की परंपरा में अग्रणी कवि के रूप में हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में आए और द्विवेदी जी के आदर्शों के अनुरूप अपने को ढाल कर उन्होंने पूरी निष्ठा और दायित्व चेतना के साथ समर्पित और स्तरीय संपादन - कार्य का एक नया प्रतिमान खड़ा कर दिया। वे एक संवेदनशील रचनाकार, समीक्षक, विद्वान संपादक और एक मार्मिक कलमकार के रूप में प्रतिष्ठित होते गए। उनकी संपादन कला और क्षमता अद्वितीय थी। ÷

शिव पूजन सहाय का जीवन एक ऐसे कर्मयोगी का जीवन था, जिन्होंने अनवरत कर्मरत रहने का अपना जीवन - लक्ष्य निर्धारित कर लिया हो। अनेक पुस्तकों और पत्र-पत्रिकाओं के संपादन के जरिए उन्होंने भाषा परिष्कार, वर्तनी और शैली के जो मानदंड प्रस्तुत किए, वे आज भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जितने उन दिनों थे।

उनकी साहित्यिक सेवाओं के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने के लिए 1960 में भारत सरकार ने उन्हें ÷ पद्मभूषण ÷ की उपाधि प्रदान की। उन्हें 1962 में भागलपुर विश्वविद्यालय ने डी.लिट. की उपाधि से विभूषित किया, तो 1961 में पटना नगर निगम ने ÷ नागरिक सम्मान ÷ आयोजित कर उनके साहित्य - कर्म का अभिनंदन करते हुए अपनी कृतज्ञता ज्ञापित की।

अपने साहित्यिक जीवन में उन्होंने साहित्य की प्रायः सभी विधाओं को अपनी सृजनशीलता से समृद्ध किया।

21 जनवरी 1963 को 70 वर्ष की आयु में उन्होंने पटना में आखिरी सांस ली।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं )**

**रक्षाबंधन पर विशेष**

# संस्कृति एवं धर्म की रक्षा का संकल्प है- रक्षाबंधन



प्रतिष्ठाचार्य विजय जैन

पर्व हमारे लिए प्रकाश देते हैं, प्रेरणा देते हैं। पर्व का अर्थ यही है कि जो किसी को जोड़ दे। यह पर्व कभी हमें संस्कृति से जोड़ता है। तो कभी इतिहास से जोड़ेता है। कभी-कभी धार्मिक और सामाजिक परम्पराओं से जोड़ता हैं। रक्षाबंधन पर्व ही नहीं अपितु महापर्व है। महापर्व इसलिए है क्योंकि सांस्कृतिक हो ऐतिहासिक हो धार्मिक और सामाजिक भी हो। फिर इतिहास के पन्ने पलटते हैं तो हमें हुँमायु और मेवाड़ की महारानी कर्मवती की घटना याद आती है। जब मेवाड़ पर शेरशाह सूरी ने आक्रमण किया तब मेवाड़ की सुरक्षा में स्वयं को असमर्थ पाकर वीरांगना रानी कर्मवती ने रक्षा के लिए अपने मुँह बोले भाई बादशाह हुॅमायु को रक्षासूत्र भेजा। हुॅमायु ने अपनी बहन के द्वारा भेजे हुए रक्षासूत्र का सम्मान रखते हुए शेरशाह सूरी से बहन कर्मवती के राज्य की रक्षा की एवं उस रक्षासूत्र की लाज रखी। जो इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है।

यह पर्व दूसरों के दुख में सम्मिलित होने का पर्व है। अपनी पीढ़ा से पशु पक्षी भी कराह उठते हैं। लेकिन इंसान पर पीढ़ा से सिहर उठे वह धरती पर देवता के समान है। भारत त्योंहारों का देश है त्योहारों के माध्यम से संस्कृति को संरक्षण एवं संवर्द्धन प्रदान किया जाता है। रक्षाबंधन पर्व भारतीय संस्कृति का सबसे महान पर्व है क्योंकि किसी पर्व में हम घर को सजाते हैं तो किसी त्योंहार में नये कपड़े पहने की परम्परा है किन्तु रक्षाबंधन ही एक मात्र पर्व है जो हमें दूसरों के प्रति वात्सल्य एवं करूणा का संदेश देता है।

महिलायें समाज का अभिन्न अंग है इनके बिना मानव जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। इसके बाद भी कुछ दूषित मानसिकता वाले पुरूषों व मनचले युवकों द्वारा पूरी महिला समाज भय और आतंक के माहौल में जीने को मजबूर है आज बलात्कार व छेड़छाड़ की घटनायें सुनने एवं देखने को टीवी एवं दैनिक पत्रों के माध्यम से प्रतिदिन मिलती है। यह पर्व हमें पुनः जागृत करने एवं संस्कृति से जोड़ने के लिए आता है। महिलाओं की इज्जत एवं अपनी बहिन बेटियों की सुरक्षा के लिए समाज के सभी वर्ग के लोगों को एक सूत्र में बधनें की आवश्यकता है तभी हम पुनः एक सभ्य और सुरक्षित समाज का निर्माण कर सकते हैं भारतीय संस्कृति में बहिन बेटियों को दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती व देवी का दर्जा दिया जाता है। नवरात्रों में हम बालिकाओं को बुला करके भोजन कराके व उनके चरणों की पूजा करके अपने व्रत की पूर्ति करते हैं।

प्रतिष्ठाचार्य श्री विजय कुमार जैन ने आगम के अनुसार बताया कि जैन धर्म में रक्षाबंधन पर्व का महत्व बहुत ही विशेष है। जैन मान्यता के अनुसार यह पर्व संस्कृति और धर्म की रक्षा का पर्व है एक समय हस्तिनापुर नगरी में अकम्पनाचार्य आदि 700 मुनियों के ऊपर 4 मंत्रियों ने भीषण उपसर्ग किया वह मुनिराज जहॉ बैठे तप कर रहे थे उनको चारों तरफ से घेर करके अग्नि जला करके हवन का नाम देकर के उन पर प्राणघातक उपसर्ग कर रहा था जैन मुनि उपसर्ग समझ करके ध्यान में लीन हो गये एवं उपसर्ग निवारण होने तक आहार और जल का त्याग कर दिया। उसी समय विष्णु कुमार मुनि जो कि तपस्या में लीन थे उन्हें क्षुल्लक पुष्पदंत महाराज ने सम्बोधन किया कि हे महामुनि हस्तिनापुर नगरी में 700 मुनियों के ऊपर उपसर्ग किया जा रहा जिसका निवारण इस समय सिर्फ आपके द्वारा ही हो सकता है। चूंकि आपको तप करते-करते अनेक प्रकार की शक्तियॉ प्राप्त हो चुकी हैं जिनके माध्यम से आप तत्क्षण वायु मार्ग से जा करके उनकी रक्षा कर सकते हैं।

बिना समय गवाये विष्णु कुमार मुनि बामन का रूप धर करके हस्तिनापुर नगरी में पहुँच जाते है एवं उच्च स्वर से संस्कृत के श्लोकों का उच्चारण करने लग जाते हैं। बामन का आकषर्ण रूप देखकर चारों मंत्री मुग्ध हो जाते है एवं उनसे मन चाहा वरदान मांगने का निवेदन करते हैं। बामन राज वरदान में तीन पैर धरती मांग लेते हैं। वो चारों मंत्री मन ही मान सोचते हैं कि बामन चाहता तो इस समय हम से पूरा गांव मांग सकता था लेकिन मात्र तीन पैर धरती ही मांग रहा है। उन्होंने निवेदन किया बामनराज आप अपने पैरों से ही तीन पग धरती नाप लें। अपनी शक्तियों से बामन ने इतना बड़ा आकार बनाया कि पहला पैर सुमेरू पर्वत पर दूसरा पैर मानुषोत्तर पर्वत पर रखा तीसरा पैर रखने की जगह नहीं बची पूरी धरती दो पैर में ही नाप ली। वे सभी हाहाकार करने लगे हे भगवन हमारी रक्षा कीजिए अपने वास्तिविक रूप में आ करके हमें दर्शन दीजिए।

उस समय विष्णुकुमार मुनि ने संबोधन दिया कि तुम्हार यज्ञ व्यर्थ है जिसमें तुम इन मुनियों को जिन्दा जला रहे हो और उस समय महामुनि विष्णुकुमार मुनि के द्वारा उनकी रक्षा की गई एवं सभी ग्राम वासियों ने आ करके उन सभी मुनियों को बचा करके उनकी यथा योग्य सेवा की एवं धुंऐ से कंठ रूध गया था इसलिए मीठी सिवई की खीर बना करके सभी साधुओं को आहार कराया। तभी से यह रक्षा बंधन महापर्व मनाया जाने लगा। वह दिन श्रावण शुक्ला पूर्णिमा का पावन दिवस था।

वर्तमान में यह पर्व भाई-बहिनों तक ही सीमित रह गया। इस दिन बहनें अपने भाईयों को रक्षासूत्र (राखी) बांधती हैं और वे उसके फलस्वरूप उन्हें उपहार व राशि प्रदान करते हैं। लेकिन इस त्योंहार से जुड़े हुए इतिहास को नहीं जान पाते हैं यह त्योंहार वात्सल्य एवं रक्षा का पर्व है जो हमें भाईचारे का संदेश देता है कि हमें सर्वप्रथम अपने राष्ट्र, राज्य, ग्राम की रक्षा का संकल्प लें तत्पश्चात् एक दूसरे की रक्षा का संकल्प लें। उसके पश्चात् अपने घर में इस पर्व को मनाकरके खुशहाली लायें यही इस पर्व का संदेश है।

**( लेखक प्रतिष्ठाचार्य विजय कुमार जैन *कुंडलपुर, नालंदा,* *प्रबंध मंत्री-दि.* *जैन त्रिलोक शोध संस्थान,* *जम्बूद्वीप-हस्तिनापुर* *महामंत्री-तीर्थंकर ऋषभदेव जैन विद्वत् महासंघ )**

# उत्तरकाशी के धराली गांव में आई प्राकृतिक आपदा से धधकते सवाल?

**( कमलेश पांडे )**

उत्तरकाशी जैसे उत्तराखंड के जनपदों में ब्रेक के बाद प्राकृतिक आपदा आती रहती है। इसलिए यहाँ पर निरंतर/लगातार आफत आते रहने से शोधकर्ताओं को और भी अधिक ध्यान देने की जरूरत है। ऐसा इसलिए कि हाल के बरसों में उत्तराखंड इस तरह की प्राकृतिक आपदाओं के केंद्र में रहा है।

भारत वर्ष में विज्ञान और अध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। बावजूद इसके ब्रेक के बाद यहां आने वाली प्राकृतिक आपदाओं के बारे में सटीक अनुमान लगा पाना अब भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। एआई के अप्रत्याशित विकास के बावजूद शोधकर्ताओं की उदासीनता और लापरवाही से विषयगत सफलता अभी तक हासिल नहीं की जा सकी है। इसलिए सरकार, निजी उद्यमियों और शोधार्थियों को इस ओर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। खासकर मौसम विज्ञान और पर्यावरण ज्योतिष के अनुसंधान कर्ताओं को इस ओर ज्यादा फोकस करने की जरूरत है। इससे समय रहते ही हमें सटीक भविष्यवाणी करने में मदद मिलेगी और ऐसी आपदाओं के बाद होने वाली भारी धन-जन की हानि भी रोकने में मदद मिलेगी। और यदि ऐसा संभव हुआ तो यह भारत के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि भी होगी।



बताते चलें कि उत्तराखंड राज्य के उत्तरकाशी जनपद के धराली गांव में आई अकस्मात बादल फटने जैसी आपदा प्रकृति और आये दिन बिगड़ते पारिस्थितिकी संतुलन की एक और गंभीर चेतावनी है। चूंकि पर्वतीय प्रदेशों में ऐसी चेतावनियों की एक लंबी श्रृंखला है, जो हमें चीख चीख कर यह बताती है कि पर्यावरण और विकास के बीच संतुलन साधने की कितनी जरूरत है? खासकर, देश के पहाड़ी राज्यों, यथा उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश आदि पर्वतीय प्रदेशों को लेकर ऐसी नीति बननी चाहिए, जिससे पहाड़ और इंसानों के बीच चिरस्थायी संतुलन बना रहे। इसलिए यह सवाल उठता है कि आखिरकार कुदरत की चेतावनी को हमलोग कब समझेंगे? और सिर्फ समझेंगे ही नहीं, बल्कि उनके अनुरूप ही अपना अग्रगामी व्यवहार भी बदलेंगे। यह ठीक है कि तकनीकी क्रांति और सूचना क्रांति से विकास में अप्रत्याशित गति आई है, लेकिन विकास के भौगोलिक मानदंडों की उपेक्षा की जो सार्वजनिक और व्यक्तिगत कीमत सम्बन्धित लोगों को चुकानी पड़ रही है, वह नीतिगत व प्रशासनिक लापरवाही नहीं तो क्या है? यक्ष प्रश्न बन चुका है। जानकारों का कहना है कि उत्तरकाशी के धराली गांव में खीरगंगा नदी के ऊपरी क्षेत्र में जो बादल फटा, उंससे आये फ्लैश फ्लड ने रास्ते में आने वाली हर चीज को अपनी चपेट में ले लिया। इससे प्रभावित इलाके से आ रहे विडियो दिल दहलाने वाले हैं। चूंकि अभी चारधाम यात्रा का सीजन चल रहा है और यह गांव गंगोत्री वाले रास्ते पर ही पड़ता है, जो श्रद्धालुओं के रुकने का एक अहम पड़ाव भी है। ऐसे में जानमाल की बड़े पैमाने पर हानि होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है।

चूंकि उत्तरकाशी जैसे उत्तराखंड के जनपदों में ब्रेक के बाद प्राकृतिक आपदा आती रहती है। इसलिए यहाँ पर निरंतर/लगातार आफत आते रहने से शोधकर्ताओं को और भी अधिक ध्यान देने की जरूरत है। ऐसा इसलिए कि हाल के बरसों में उत्तराखंड इस तरह की प्राकृतिक आपदाओं के केंद्र में रहा है। आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2021 में चमोली जनपद में, नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान के पास एक ग्लेशियर टूटकर गिर गया था। इसकी वजह से धौलीगंगा नदी में अचानक बाढ़ आ गई और तपोवन विष्णुगाड पनबिजली परियोजना में काम करने वाले कई श्रमिकों को जान गंवानी पड़ी। इसी तरह, साल 2023 की शुरुआत में एक और धार्मिक पर्यटन स्थल जोशीमठ में भूस्खलन ने एक बड़ी आबादी को विस्थापित कर दिया। वहीं, साल 2013 में केदार घाटी में मची भयानक तबाही से लेकर अभी तक, छोटी-बड़ी ऐसी कई प्राकृतिक आपदाएं आ चुकी हैं। इसलिए पुनः सुलगता हुआ सवाल यहां आकर ही ठहर जाती है कि आखिर में पहाड़ से छेड़छाड़ कब रुकेगी? क्योंकि आरोप है कि उत्तराखंड में चल रहे बेशुमार पावर प्रॉजेक्ट्स ने पहाड़ों को खोखला कर दिया है। वहीं, इस दौरान क्षेत्र में बढ़ती आबादी, लाखों पर्यटकों के बोझ, अनियंत्रित निर्माण और घटती हरियाली को मिला दीजिए तो स्थिति विस्फोटक बन जाती है। इसलिए पर्यावरण प्रेमी पहाड़ अनुकूल विकास करने की मांग हमेशा उठाते रहते हैं।

इस बात में कोई दो राय नहीं कि बादल फटना एक प्राकृतिक घटना है, जिस पर इंसानों का कोई जोर नहीं। लेकिन, यह भी एक उद्वेलित करने वाला तथ्य है कि जब पानी के निकलने के रास्तों, नालों-गदेरों के मुहानों पर कंक्रीट के बड़े-बड़े स्ट्रक्चर खड़े हो चुके हैं, तो फिर उन तमाम जगहों पर, जिन रास्तों से पानी को बहना था, आखिर वह कैसे निकलेगा। क्योंकि उन रास्तों पर तो प्रकृति प्रेमी इंसान बस चुका है। स्पष्ट है कि यह जानबूझकर आफत बुलाने जैसा है। इसी के चक्कर में भारी धन-जन की हानि झेलनी पड़ती है और आपदा आने के बाद प्रशासन का जो सिर दर्द बढ़ता है, वह अलग बात है।

इसलिए समकालीन स्थिति-परिस्थितियों को बदलने की जरूरत है। इंसान को संभलने की जरूरत है। सच कहूं तो उत्तराखंड को लेकर यह जारी बहस तकरीबन 5 दशक पुरानी है। वह यह कि विकास किस कीमत पर होना चाहिए? साल 1976 में, गढ़वाल के तत्कालीन कमिश्नर एमसी मिश्रा की अध्यक्षता में गठित एकं कमिटी ने जोशीमठ को बचाने के लिए फौरन कुछ कदम उठाने की सिफारिश की थी- इनमें संवेदनशील जोन में नए निर्माण पर रोक और हरियाली बढ़ाना प्रमुख था।

## संक्षिप्त समाचार

### पदभार संभालते ही एक्शन में दिखे नए अंचल अधिकारी जितेन्द्र प्रसाद

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सदर अंचल कार्यालय में गुरुवार को नवनियुक्त अंचल अधिकारी (सीओ) जितेन्द्र प्रसाद ने विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। कार्यभार प्रभारी अंचल अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश रजक ने उन्हें सौंपा। पदभार ग्रहण करने के बाद जितेन्द्र प्रसाद ने कहा कि अंचल कार्यालय में आने वाले सभी आवेदकों को बेहतर सेवा देना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हर आवेदन को गंभीरता से लिया जाएगा और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर राजस्व कर्मचारी रितेश सिन्हा, रितेश केसरी, राजेश चौधरी, दीनदयाल दास, बबलू अंसारी समेत कई कर्मचारी उपस्थित थे। सभी ने नए सीओ का स्वागत किया और भविष्य में सहयोग का भरोसा दिलाया।

### अर्धसैनिक बल के जवानों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीएपीएफ वारियर्स की ओर से अर्धसैनिक बल के जवानों ने आज स्वैच्छिक रक्तदान किया। बीएसएफ जवान पंकज कुमार के नेतृत्व में ब्लड बैंक गिरिडीह में आयोजित शिविर में सेवारत और सेवानिवृत्त सात जवानों ने रक्तदान किया। मौके पर संस्था के पवन कुमार समेत कई जवान उपस्थित थे।

### कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्व मुख्यमंत्री वर्तमान में राज्यसभा के सदस्य दिशोम गुरु शिबू सोरेन का शुक्रवार को जिला कांग्रेस कार्यालय गिरिडीह में श्रद्धांजलि सभा रखी गई थी इसकी अध्यक्षता कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने कियाल्लउपस्थित कांग्रेसियों ने सर्वप्रथम उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी साथ ही कांग्रेसियों ने उनके किए गए कार्यों को याद करते हुए अपने अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष सतीश केडिया, अशोक विश्वकर्मा, मदनलाल विश्वकर्मा, प्रोफेसर कमलनयन सिंह, उपेंद्र सिंह, दिनेश विश्वकर्मा, ओबीसी जिला अध्यक्ष इतवारी वर्मा,प्रोफेसर मंजूर अंसारी, साबिर खान, बलराम यादव, पंकज सागर, सोहेल कुरेशी, गुलाम मुस्तफा सहित कई कांग्रेसी थे।

### विधायक ने स्कूली बच्चों के बीच किया साइकिल वितरण

**बगोदर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बगोदर प्रखंड के औरा में आदर्श मध्य विद्यालय, में शुक्रवार को "झारखंड साइकिल वितरण योजना" के तहत साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं स्कूली बच्चों के बीच निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बगोदर विधायक नागेंद्र महतो ने 80 छात्रों के बीच साइकिल वितरण किया । छात्राओं को नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए विधायक ने प्रोत्साहित किया। विधायक श्री महतो ने कहा, "यह योजना विद्यार्थियों के लिए न केवल स्कूल आने-जाने को सरल बनाएगी, बल्कि उनकी शिक्षा की निरंतरता को भी सुनिश्चित करेगी।" साथ ही उन्होंने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना किए।कार्यक्रम में पंचायत औरा के उप मुखिया जितेंद्र कुमार,पंचायत समिति प्रतिनिधि योगेंद्र यादव, शिक्षक राम किशोर महतो रवि महतो, प्रयाग महतो, महावीर कुमार महतो, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य एवं विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।

### तीन लीटर चुलाई शराब के साथ युवक गिरफ्तार, जेल

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मटियरिया पुलिस ने गुरुवार की शाम साढ़े सात बजे तीन लीटर देशी चुलाई शराब के साथ युवक को गिरफ्तार किया ।गिरफ्तार युवक की पहचान थाना क्षेत्र के तुरकौलिया गांव निवासी विनोद राम का पुत्र दीपक राम के रूप में हुई है ।थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार युवक को मध निषेध व उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

### भूमि अभिलेख त्रुटि सुधार के लिए 16 अगस्त से महाअभियान

**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक प्रखंड कार्यालय के सभागार में सीओ सुमंत कुमार की अध्यक्षता में भूमि अभिलेख सुधार महाअभियान को लेकर बैठक हुई। इसमें बीडीओ पंकज कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रेशमी प्रकाश सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। सीओ ने बताया कि बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से 16 से 20 अगस्त तक विशेष राजस्व महाअभियान चलाया जाएगा। इसके तहत घर-घर जाकर भूमि संबंधी अभिलेखों की अशुद्धियों का सुधार किया जाएगा। इस अभियान में जमाबंदी सुधार, छूटी हुई जमाबंदी का ऑनलाइन निष्पादन, उत्तराधिकारी नामांतरण और बंटवारा नामांतरण के आवेदन लिए जाएंगे। हल्का स्तर पर आयोजित शिविरों में संबंधित रैयतों को ऑनलाइन जमाबंदी की प्रति भी उपलब्ध कराई जाएगी।

### किराना दुकान से 25 हजार नकदी चोरी

**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक थाना क्षेत्र के बहरौली बाजार स्थित आयुष किराना सह जनरल स्टोर से अज्ञात चोरों ने 25 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। दुकान के मालिक पप्पू साह ने बताया कि शुक्रवार सुबह जब वे दुकान पहुंचे तो देखा कि बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे को तोड़ दिया गया है और अंदर का सामान बिखरा पड़ा है। सीसीटीवी फुटेज में दो नकाबपोश चोर दुकान में घुसकर चोरी करते हुए दिखाई दे रहे हैं। सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### परिवार नियोजन को लेकर नुक्कड़ नाटक के जरिए फैलाई जागरूकता

**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर मोवियस फाउंडेशन व जननी संस्था द्वारा मशरक प्रखंड के विभिन्न गांवों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से परिवार नियोजन को लेकर जागरूकता फैलाई गई। मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समेत आरना, चान्दबरवां, बंगरा जैसे इलाकों में कलाकारों ने प्रेरक नाटक मंचन कर परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थायी विकल्पों की जानकारी दी। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. एस.के. विद्यार्थी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा चलाया जा रहा है, जिसमें योग्य दंपतियों को कॉपर-टी, गर्भनिरोधक गोलियां, नसबंदी सहित अन्य सेवाएं दी जा रही हैं। जिला प्रबंधक संतोष कुमार ने बताया कि इस अभियान में पीएसआई इंडिया, पिरामल स्वास्थ्य आदि संस्थाएं सहयोग कर रही हैं।

### अलग-अलग सड़क हादसों में आधा दर्जन लोग घायल

**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक क्षेत्र में बुधवार को हुए विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं में करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। मुन्नी मोड़ पर बाइक ने एक साइकिल सवार वृद्ध को टक्कर मार दी। घायल की पहचान जैथर निवासी छोटाद्दीन मियां (60) के रूप में हुई। पचरूखवा गांव में ग्राइंडर मशीन से दीवार काटते समय रमेश राम (50) का पैर कट गया, जिसे गंभीर हालत में सदर अस्पताल रेफर किया गया।चरिहारा पुल पर ऑटो की टक्कर से इसुआपुर के अजय कुमार और अनिल कुमार घायल हुए। बंगरा में एनएच 227ए पर बलूआ टोला निवासी पवन सहनी गंभीर रूप से घायल हो गया। सभी घायलों का इलाज सीएचसी मशरक में किया गया।

### डीएम व एसपी ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बुधवार को जिलाधिकारी अमन समीर और एसपी ग्रामीण संजय कुमार ने सदर प्रखंड स्थित इवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। डीएम ने बताया कि आयोग के निर्देश पर मासिक निरीक्षण आवश्यक है, जिसमें सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग, अग्निशमन यंत्र, भवन की सफाई, बिजली-पानी की व्यवस्था आदि की जांच की जाती है। एसपी ने सुरक्षा बलों को चौकसी बरतने और किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को परिसर में प्रवेश नहीं देने का निर्देश दिया। मौके पर निर्वाचन से जुड़े कई अधिकारी व राजनीतिक प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

### संतोष महतो सैकड़ों समर्थकों के साथ वीआईपी में हुए शामिल, महासम्मेलन की घोषणा

**तरैया (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** तरैया के साक्षी रेस्टोरेंट में आयोजित मिलन समारोह में अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार महतो ने सैकड़ों समर्थकों के साथ वीआईपी (विकासशील इंसान पार्टी) की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी सुप्रीमो मुकेश सहनी ने इस अवसर पर भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा "अजगर सांप" की तरह है, जो सहयोगी दलों को ही निगल जाती है। उन्होंने घोषणा की कि आगामी 24 अगस्त को तरैया में अति पिछड़ों का महासम्मेलन आयोजित होगा। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष हरेन्द्र सहनी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वैजनाथ सहनी, प्रदेश सचिव ओमप्रकाश पटेल समेत कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भू-माफिया के बढ़ते आतंक के खिलाफ एकजुट हों : राजेश यादव

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बोरोटांड़ घटना के खिलाफ फॉरवर्ड ब्लॉक ने प्रतिवाद सभा कर चरणबद्ध आंदोलन की शुरूआत की भू-माफियाओं का आतंक हद से ज्यादा बढ़ चुका है। ये किसी भी तरह की जमीन का एग्रीमेंट लेकर सरेआम गुंडो को लेकर जमीन कब्जा करने उतर जाते हैं। इससे गरीब और कमजोर लोगों का हक मारा जा रहा है। कई मामलों में न चाह कर भी रैयतों को अपनी जमीन छोड़नी पड़ती है। कहीं-न-कहीं इन भू-माफियाओं को कुछ तथाकथित सफेदपोश नेताओं/ समाजसेवियों सहित प्रशासन और पुलिस के भी कुछ लोगों का प्रत्यक्ष/परोक्ष सहयोग मिलता है। यह सरासर गलत है और इस अन्याय के खिलाफ आम जनों को एकजुट होना होगा। उक्त बातें आज बेंगाबाद के पूर्व जिप सदस्य एवं ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लाक के जिला संयोजक राजेश यादव ने बोरोटांड़ (महुआर) में हुई एक प्रतिवाद सभा को संबोधित करते हुए कही, जिसका आयोजन वहां पिछले 4 अगस्त को भू-माफियाओं द्वारा भारी संख्या में बाहरी गुंडों के साथ जमीन सीमांकन की आड़ में एक गरीब यादव परिवार को उसकी जमीन से बेदखल करने की नाकाम कोशिश किए जाने के खिलाफ आयोजित की गई थी। श्री यादव ने कहा कि, इस मुद्दे पर स्थानीय लोग चुप नहीं रहेंगे, बल्कि एकजुट होकर आतंक और किसी भी नाजायज गतिविधियों का विरोध करेंगे। उन्होंने पीड़ित परिवार द्वारा थाना में दिए गए आवेदन और मौजूद साक्ष्यों के आधार पर सभी दोषियों को गिरफ्तार करने की भी मांग की। कार्यक्रम को स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि महेंद्र चौधरी, पंचायत समिति सदस्य बासुदेव पासी, वार्ड सदस्य गाजो पंडित, छोटू पासी, शंकर यादव, संजय चौधरी, सुखदेव गोस्वामी आदि ने भी संबोधित करते हुए घटना के दोषियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की है। कार्यक्रम में प्रतिवाद सभा के बाद बोरोटांड़ से महुआर चौक तक एक जुलूस निकाल कर अपराधियों को गिरफ्तार करने तथा भू-माफिया गुंडो के आतंक पर रोक लगाने की मांग करते हुए जोरदार नारेबाजी की गई। साथ ही, इस मुद्दे पर चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया गया, जिसके तहत जिले के पुलिस-प्रशासन के आला अधिकारियों को घटना का संज्ञान देने तथा बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र में एनएच 114/ ए किनारे स्थित सभी गांवों में जन अभियान चलाकर लोगों को संगठित करने की घोषणा की गई आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय पंचायत समिति सदस्य वासुदेव पासी तथा संचालन शिवनंदन यादव ने किया, जबकि मौके पर अन्य के अलावा फॉरवर्ड ब्लॉक नेता शंभू तुरी, रामलाल मंडल, मनोज यादव, बीरेंद्र यादव, सोमर पंडित, जागेश्वर पंडित, बलदेव पंडित, कुंजल पंडित, भूषण पासी, सौरभ वर्मा, विजय वर्मा, संतोष यादव, सुरेश यादव, बसंत यादव, पप्पू यादव, मुकेश यादव, उमा देवी, गोखली देवी, सावित्री देवी, ननकी देवी, उमेश यादव, प्रदीप यादव, चंदन कुमार आदि मौजूद थे।




## बद्रीनारायण डीएवी पब्लिक स्कूल में साइकिल रैली का आयोजन

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सिरसिया स्थित बद्रीनारायण साहा डीएवी पब्लिक स्कूल में सीबीएसई के निदेर्शानुसार 'हर घर तिरंगा अभियान' के अंतर्गत जन-जन में देशभक्ति की भावना का प्रसार करने एवं राष्ट्र ध्वज तिरंगा के प्रति सम्मान एवं गर्व की अनुभूति कराने के उद्देश्य से साइकिल रैली, रंगोली एवं राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया साइकिल रैली को विद्यालय के प्राचार्य सचिन गर्ग ने हरी झंडी दिखाकर विद्यालय के मुख्य द्वार से रवाना किया। यह रैली गिरिडीह शहर के विभिन्न चौक-चौराहों से होते हुए वंदे मातरम्, भारत माता की जय, हर घर झंडा, हाथ तिरंगा, वंदे मातरम् गाएंगे, विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, हम झंडा फहराएंगे' का नारा लगाते हुए पुनः विद्यालय पहुंची इस साइकिल रैली में लगभग 150 छात्रों, शिक्षकों ने एवं अभिभावकों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सचिन गर्ग ने कहा कि "स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के बीच देशभक्ति की भावना एवं राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान का भाव जागृत करने के लिए विद्यालय में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां करवाई जा रही हैं। जिसमें साइकिल रैली भी एक है। इस संबंध में संबंधित सभी पदाधिकारीयों को सूचना दे दी गई थी। प्रशासन का हमें पूर्ण सहयोग मिल रहा है। इसके लिए हम सभी प्रशासनिक अधिकारियों को हृदय से धन्यवाद देते हैं।



## बीएनएस डीएवी की छात्राओं ने पुलिस अधीक्षक को बांधी राखी, मिला सुरक्षा का वचन

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर बद्रीनारायण साहा डीएवी पब्लिक स्कूल, गिरिडीह की नन्ही मुन्नी छात्राओं ने पुलिस कार्यालय पहुंचकर गिरिडीह जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार को रक्षाबंधन की ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए तिलक लगाकर राखी बांधी और उनकी दीघार्यु एवं सेवा भावना की ईश्वर से प्रार्थना की पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार ने छात्राओं की स्नेहपूर्ण भावना एवं खुशी को स्वीकार किया और उनके सुरक्षित एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार ने छात्राओं को उपहार भी भेट किए। उन्होंने छात्राओं को आत्मरक्षा, साइबर क्राइम, महिला हेल्पलाइन संबंधी महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया और बताया कि किसी भी आपात स्थिति में बिना झिझक पुलिस की सहायता ले। पुलिस बल सदैव आमजन विशेष कर छात्राओं एवं महिलाओं की सुरक्षा के लिए तत्पर और समर्पित है। उन्होंने छात्राओं को बालिका सुरक्षा संबंधी आवश्यक हेल्पलाइन नंबरो से भी अवगत कराया। और कहा कि " रक्षाबंधन एक पर्व नहीं बल्कि हमारी सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारियों को याद दिलाने वाला अवसर है।" यह कार्यक्रम पुलिस उपाधीक्षक मो कौशर अली की अगुवाई में संपन्न करवाया गया। विद्यालय के प्राचार्य सचिन गर्ग ने पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार को गुलदस्ता भेंट किया और कहा कि पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार जी ने अपने व्यस्ततम समय में से हमारे विद्यालय की छात्राओं के लिए समय निकाल इसके लिए हम उन्हें हृदय से धन्यवाद देते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहे।




### शिक्षक नसीम अख्तर को ऑपरेशंस रिसर्च में जेपीयू से मिली पीएचडी की उपाधि

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपर ने गणित विषय में उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए नसीम अख्तर को ऑपरेशंस रिसर्च में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनका शोध विषय ह्लस्टडी ऑफ सम कंट्रीब्यूशंस इन ऑपरेशंस रिसर्चह्व रहा, जिसमें उन्होंने गणितीय मॉडलिंग और निर्णय-निर्धारण की आधुनिक तकनीकों पर महत्वपूर्ण अध्ययन किया है। यह शोध कार्य विश्वविद्यालय के गणित विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) मुश्ताक खान के निर्देशन में पूर्ण हुआ। इस उपलब्धि पर शिक्षक डॉ शशि भूषण शाही, कमल कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार पांडेय, मंजीत कुमार तिवारी, मोहम्मद तौकीर अंसारी, सहकर्मियों, विद्यार्थियों व परिजनों ने उन्हें बधाई दी है। वहीं शिक्षक नसीम अख्तर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, पत्नी तबस्सुम आरा, प्राध्यापकों, मार्गदर्शकों व विद्यार्थियों को दिया है।

### दावा आपत्ति को लेकर सहयोग करें राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुमंडल कार्यालय प्रकोष्ठ में शुक्रवार को निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता ने मतदाता सूची प्रारूप के प्रकाशन के बाद दावा आपत्ति की प्रक्रिया को लेकर सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियो के साथ एक बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए ईआरओ सह एसडीओ श्री गुप्ता ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार शुद्ध व पारदर्शी मतदाता सूची के उद्देश्य से गहन पुनरीक्षण का कार्य हुआ है। मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के बाद दावा आपत्ति की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों को दावा आपत्ति से संबंधित विभिन्न प्रपत्रों की जानकारी दी। सर्वेक्षण में छूटे व नया नाम जुड़वाने के लिए मतदाता प्रपत्र 6 भरकर आवश्यक दस्तावेज के साथ अपने बीएलओ के पास जमा करेंगे।वही नाम सुधार अथवा बूथ बदलने के लिए प्रपत्र सात भरकर जमा करना है। जबकि नाम हटवाने और एक राज्य से दूसरे राज्य में नाम स्थानांतरण करवाने के लिए प्रपत्र आठ भर कर जमा करना है।

## ग्रामीण कार्य विभाग पटना की टीम ने की साठी भसुरारी सड़क की जांच

**सड़क की खुदाई कर मोटाई व मेटेरियल का लिया सेंपल**

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के साठी-भसुरारी मुख्य सड़क के निर्माण कार्य में अनियमितता की शिकायत पर शुक्रवार को ग्रामीण कार्य विभाग पटना से गठित टीम द्वारा सड़क की जांच की गई। इस जांच टीम में जांच पदाधिकारी के रूप में सेवानिवृत मुख्य अभियंता ई. रवि शंकर एवं ई. शशि सिंह के साथ अधीक्षण अभियंता अमल प्रकाश, कार्यपालक अभियंता अजय कुमार सिंह के अलावा गुणवत्ता एवं लैब के सहायक अभियंता व उनकी टीम शामिल थी। जांच टीम ने शिकायतकर्ता की उपस्थिति में बरवा, मठिया एवं बैतापुर गांव के समीप उक्त सड़क में निर्माण कार्य की गुणवत्ता और मोटाई की जांच की। इसके साथ अधिकारियो ने गुणवत्ता की जांच के लिए सामग्रियो का सैंपल भी लिया गया। जांच पदाधिकारी ने बताया कि सड़क निर्माण में गुणवक्ता को लेकर शिकायत मिली थी। जिसके आलोक में सड़क का हर लेयर का जांच किया गया है। इसमें एसडीबीसी लेयर, बीएम, डब्ल्यूएमएम तथा जीएसबी लेयर का थिकनेस जांच किया गया। वहीं निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री के गुणवत्ता की जांच के लिए लैब टेस्ट करवाया जा रहा है। इसके जांच के बाद हीं आगे की कार्रवाई की जाएगी। सड़क जांच के दौरान सहायक अभियंता रोहित कुमार, कनीय अभियंता नवीन गौरव समेत निर्माण एजेंसी की पूरी टीम आदि उपस्थित रहे। बता दें कि मठिया के घनश्याम मिश्र ने ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव को सड़क के निर्माण कार्य में अनियमितता समेत अन्य कई बिंदुओं पर शिकायत करते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की थी। जिसके आलोक में पटना की टीम जांच करने पहुंची थी। इससे पहले भी बेलवा व भसुरारी में उक्त सड़क निर्माण कार्य मे अनिमितता व घटिया मेटेरियल का उपयोग करने को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया है।

## ज्ञान निकेतन में संस्कृत सप्ताह सम्पन्न

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय गोला रोड दानापुर में स्थित ज्ञान निकेतन विद्यालय में संस्कृत सप्ताह' अत्यंत धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। विद्यालय के निदेशक श्री सायण कुणाल ने छात्रों को संस्कृत पढ़ने की अनिवार्यता बताते हुए कहा कि देववाणी संस्कृत हमारे राष्ट्र की अस्मिता है। इसकी रक्षा हमारा परम कर्तव्य है। प्राचार्य श्री एस. एम. झा ने संस्कृत के विश्वव्यापी पहलू को सामने रखते हुए कहा कि विज्ञान को मानव कल्याण से जोड़ने के लिए संस्कृत पढ़ने की आवश्यकता है। संस्कृत के वरीय शिक्षक डॉ० सुनील कुमार प्रधान ने दैनिक जीवन में उपयोगी एवं स्वस्थ जीवन के लिए संस्कृत की महत्ता को उजागर किया तो वहीं उप-प्राचार्या श्रीमती रंजना कुमार एवं उपाचार्य श्री अमित कुमार ने आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त करने के लिए संस्कृत को ही एकमात्र विकल्प माना। 'संस्कृत सप्ताह' में विद्यालय की सभी प्रमुख क्रियाविधि एवं प्रार्थनासभा संस्कृत में संचालित हुई। अन्तरसदनीय गीता श्लोकपाठ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें वरीय वर्ग में -

प्रथम-कृति कुमारी, गुरुगोविन्द सिंह सदन
द्वितीय-उज्जवल कुमार तिवारी, छत्रपति शिवाजी सदन
तृतीय- आशुतोष आनन्द, टीपू सुल्तान सदन
कनीय वर्ग में - प्रथम- केशव मिश्र, गुरुगोविन्द सिंह सदन
द्वितीय- अंकुर कुमार सिंह, टीपू सुल्तान सदन
तृतीय- राजवीर यादव, छत्रपति शिवाजी सदन एवं गोविंद कुमार झा, महाराणा प्रताप सदन



## सीसीआरटी उदयपुर में प्रशिक्षण लेकर लौटे सारण के दो शिक्षक

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत राजस्थान के उदयपुर स्थित सीसीआरटी में आयोजित 21 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में सारण जिले के दो शिक्षकों ने भाग लिया। इनमें उच्च माध्यमिक विद्यालय धवरी, बनियापुर के पिंटू रंजन प्रसाद और उच्च माध्यमिक विद्यालय बनपुरा, लहलादपुर के राजेश्वर प्रसाद राजीव शामिल हैं। प्रशिक्षण के दौरान दोनों शिक्षकों ने बिहार की संस्कृति, लोककला, खानपान, पर्व-त्योहार और ऐतिहासिक धरोहरों को देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों से साझा किया। पिंटू रंजन प्रसाद ने छठ महापर्व, लिट्टी-चोखा, झिझिया, समा-चकेबा, मिथिला पेंटिंग, पटना कलम आदि पर विस्तृत पावर प्वॉइंट प्रस्तुति दी। इसके अलावा, बिहार का राज्यगीत ह्लमेरे भारत के कंठहारङ्घ तुझको शत-शत वंदन बिहारह्व सभी ने मिलकर गाया। प्रशिक्षण में एनईपी-2020, निपुण भारत, निष्ठा, आईसीटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहित कई शैक्षिक मॉड्यूल, कला से जुड़ी शिक्षण विधियां, टेराकोटा, फर पेंटिंग, टाई एंड डाई, शास्त्रीय नृत्य और संगीत जैसे विषय शामिल रहे। प्रतिभागियों को राजस्थान के शिल्पग्राम, चित्तौड़गढ़, कुंभलगढ़, हल्दीघाटी, दिलवाड़ा जैन मंदिर आदि का भी दौरा कराया गया। समापन समारोह में सीसीआरटी अध्यक्ष डॉ. विनोद नारायण इंदुरकर ने शिक्षकों के कार्यों की सराहना करते हुए विद्यालय व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद जताई।



### हरगुण उच्चतर विद्यालय में जितेन्द्र प्रसाद ने संभाला प्रधानाध्यापक का पद

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शुक्रवार को हरगुण उच्चतर विद्यालय, सरिसवा में प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में जितेन्द्र प्रसाद ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में सादे लेकिन गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के शिक्षक, शिक्षाकर्मी और सम्मानित लोग उपस्थित रहे।माध्यमिक शिक्षक संघ बेतिया के सचिव, अध्यक्ष तथा राज्य कार्यकारिणी के अध्यक्ष ने नए प्रभारी प्रधानाध्यापक को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में विद्यालय का सर्वांगीण विकास होगा और शिक्षा की गुणवत्ता में सकारात्मक बदलाव आएगा।विद्यालय के सभी शिक्षकों ने पुष्पगुच्छ और सम्मान के साथ उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर वरीय शिक्षक आचार्य मृत्युंजय पाण्डेय, मनीष कुमार, सुभाष प्रसाद, राकेश कुमार, हरिशंकर मिश्रा, प्रिया सिंह, जितेन्द्र कुमार आर्या, सुमन सिन्हा, सतेन्द्र राव और कृष्णा पाण्डेय समेत सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।जितेन्द्र प्रसाद ने पदभार ग्रहण करते हुए कहा कि वे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और विद्यालय की शैक्षणिक प्रगति को अपनी पहली प्राथमिकता बनाएंगे। समारोह का समापन आपसी सौहार्द और भविष्य में बेहतर कार्य की शुभकामनाओं के साथ हुआ।

## सड़क दुर्घटना में एक नाबालिग की हुई मौके पर मौत

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के कोलडीहा में शुक्रवार की सुबह हुई सड़क दुर्घटना में एक नाबालिक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए मृतक की पहचान पहाड़ीडीह निवासी कुर्बान अंसारी के रूप में की गई है ।घटना के बाबत बताया गया कि स्कूटी पर सवार तीन नाबालिक गिरिडीह मॉर्निंग वॉक करने के लिए कोलडीहा के रास्ते से गिरिडीह स्टेडियम जा रहे थे। इसी दरमियान कोलडीहा पेट्रोल पंप के पहले एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी को ठोकर मार दी टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी पर सवार एक नाबालिक युवक की मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए । वहीं वहां के लोगों ने आनन फानन में सभी को सदर अस्पताल पहुंचाया गया । जहां चिकित्सकों ने कुर्बान को मृत घोषित कर दिया जब ठीक है हेलो का इलाज कराया जा रहा है। इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने शव को कोलडीहा मस्जिद के पास रखकर सड़क जामकर विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया । इधर घटना की सूचना मिलने के बाद नगर थाना प्रभारी ज्ञान रंजन दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझने का प्रयास किया। वंही इस मामले की जानकारी मिलने के बाद गिरिडीहबी.डी.ओ गणेश रजक भी मौके पर पहुंचे तथा लोगों को समझाया गया इसके बाद लोगों ने जाम को हटाया।



## ट्रंप ने मृत अर्थव्यवस्था से 10 वर्षों में कमाए 1800 करोड़

### मुंबई से कोलकाता तक हैं ट्रंप टावर प्रोजेक्ट्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस भारतीय अर्थव्यवस्था को मृत (डेड इकोनामी) अर्थव्यवस्था बताया, उसी बाजार से उनकी की कंपनी मोटा मुनाफा कमा रही है। ट्रंप की एक दिग्गज उद्योगपति के रूप में भी पहचान है। उनकी कंपनी द ट्रंप ऑर्गनाइजेशन दुनिया भर में रियल एस्टेट, होटलों और लग्जरी गोल्फ कोर्स के कारोबार में बड़े पैमाने पर सक्रिय है। भारत में भी उनकी कारोबारी



मौजूदगी लगातार मजबूत हुई है, जहां पिछले एक दशक में कंपनी ने करीब 1,800 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया है।
द ट्रंप ऑर्गनाइजेशन की स्थापना डोनाल्ड ट्रंप के दादा फ्रेडरिक ट्रंप ने 1927 में की थी। ब्लूमबर्ग के अनुसार न्यूयॉर्क, फ्लोरिडा, शिकागो और वर्जीनिया के अलावा कंपनी के व्यापारिक परियोजनाएं स्कॉटलैंड, आयरलैंड, तुर्की, फिलीपींस, कनाडा और भारत तक फैली हैं। रियल एस्टेट ब्रांडिंग और प्रबंधन के मॉडल पर काम करने वाली इस कंपनी की वार्षिक वैश्विक राजस्व क्षमता करीब 3 अरब डॉलर (लगभग 25,000 करोड़ रुपये) आंकी जाती है।

## खुलते ही इस सस्ते आईपीओ पर टूट पड़े निवेशक

### 4 गुना से अधिक भरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्राइमरी मार्केट में तीन कंपनियों का आईपीओ खुला है। इन तीन कंपनियों में मेडीस्टेप हेल्थकेयर आईपीओ की हैवी डिमांड है। खुलते ही यह एसएमई आईपीओ पूरी तरह से भर गया है। कंपनी के आईपीओ का साइज 16.10 करोड़ रुपये का है। आईपीओ के जरिए कंपनी 37.44 लाख फ्रेश शेयर जारी करेगी। दोपहर 12.45




मिनट तक के डाटा के अनुसार इस आईपीओ को अबतक 4 गुना से अधिक सब्सक्राइब किया जा चुका है। रिटेल कैटगरी में आईपीओ को सबसे अधिक 6.92 गुना सब्सक्रिप्शन मिला है। वहीं, एनआईआई कैटगरी में आईपीओ को 1.34 गुना सब्सक्राइब किया जा चुका है। हालांकि, क्यूआईबी में अभी तक कोई भी बोली प्राप्त नहीं हुई है।

**12 अगस्त तक खुला रहेगा आईपीओ–** मेडीस्टेप हेल्थकेयर आईपीओ निवेशकों के लिए 12 अगस्त तक खुला रहेगा। शेयरों का अलॉटमेंट 13 अगस्त 2025 को प्रस्तावित है। वहीं, एनएसई एसएमई में कंपनी की लिस्टिंग 18 अगस्त 2025 को प्रस्तावित है।

**43 रुपये है प्राइस बैंड–** मेडीस्टेप हेल्थकेयर आईपीओ का प्राइस बैंड 43 रुपये है। कंपनी ने 3000 शेयरों का एक लॉट बनाया है। रिटेल निवेशकों को एक साथ 2 लॉट पर दांव लगाना होगा। जिसकी वजह से एक रिटेल निवेशक को कम से कम 2,58,000 रुपये का निवेश करना होगा।

### अर्थशास्त्रियों का दावा

### मनमाने टैरिफ से जीडीपी में 0.4 फीसदी की आएगी गिरावट

# निर्यातकों को भारी नुकसान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने से चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर में 0.4 फीसदी की गिरावट आ सकती है। इस टैरिफ का असर वस्त्र, कीमती पत्थर, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा, ऑटो पार्ट्स और एमएसएमई क्षेत्र पर पड़ सकता है। ट्रंप के इस कदम से न सिर्फ भारत का निर्यात प्रभावित होगा, बल्कि श्रम आधारित क्षेत्रों में बड़ी संख्या में रोजगार संकट उत्पन्न होगा।

6.4-6.6 प्रतिशत वृद्धि दर जोखिम = बैंक ऑफ बड़ौदा की अर्थशास्त्र विशेषज्ञ सोनल बधान का कहना है, हमने भारतीय वस्तुओं पर 25 फीसदी टैरिफ से जीडीपी में 0.2 फीसदी की गिरावट का अनुमान लगाया था। अब 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया गया है। अगर भारत व्यापार वार्ता में टैरिफ दर कम कराने में नाकाम रहता है, तो इससे चालू वित्त वर्ष में 6.4-6.6 फीसदी की वृद्धि दर हासिल करने पर जोखिम उत्पन्न हो जाएगा।



### अब व्यापार संभव नहीं

बैंकिंग एवं बाजार विशेषज्ञ अजय बग्गा ने कहा, 50 फीसदी का भारी टैरिफ भारत के लिए बड़ा झटका है। लेकिन, सच कहूं तो एक बार जब यह 25 फीसदी के पार कर गया, तो टैरिफ 1,000 फीसदी हो या 5,000 फीसदी, अब व्यापार संभव नहीं है। उन्होंने कहा, क्रिसमस के ऑर्डर तैयार हैं। शिपमेंट तैयार है। ऐसे में निर्यातकों को भारी नुकसान पहुंचेगा। अगर एक अरब डॉलर के कपड़ा निर्यात को रोका जाता है, तो सीधा असर एक लाख श्रमिकों पर पड़ेगा।

### संतुलित समाधान की जरूरत

वैश्विक पेशेवर सेवा संगठन ईवाई इंडिया में व्यापार नीति प्रमुख अग्निश्वर सेन ने अतिरिक्त टैरिफ को अनावश्यक बताया। उन्होंने कहा, राजनीतिक मतभेदों को बातचीत और स्थापित मंचों के जरिये सुलझाया जा सकता है, न कि ऐसे उपायों से। उम्मीद है कि भारत सरकार अमेरिका के साथ बातचीत जारी रखेगी और संतुलित समाधान की कोशिश करेगी।

- **अब निर्यात ऑर्डर रोकने लगे हैं खरीदार** : भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ फियो ने कहा, भारतीय वस्तुओं पर अतिरिक्त 25 फीसदी टैरिफ लगाने का अमेरिका का फैसला बेहद चौंकाने वाला है। इस कदम से अमेरिका में 55 फीसदी निर्यात पर असर पड़ेगा। भारतीय निर्यातकों को कम जवाबी टैरिफ वाले देशों की तुलना में 30-35 फीसदी प्रतिस्पर्धात्मक नुकसान होगा। फियो अध्यक्ष एससी रल्हन ने कहा, उच्च टैरिफ के कारण कई खरीदार अब निर्यात ऑर्डर रोक रहे हैं। एमएसएमई के लिए उच्च लागत को वहन करना आसान नहीं है। इससे उद्योगों को पुराने ग्राहक खोने पड़ सकते हैं।
- **75 प्रतिशत घट सकता है निर्यात 1.25 लाख रोजगार पर संकट :** अखिल भारतीय र प्रतिशत एवं आभूषण घरेलू परिषद (जीजेसी) के अध्यक्ष राजेश रोकड़े ने कहा, 27 अगस्त से लागू होने वाला अतिरिक्त 25 टैरिफ स्वर्ण आभूषण निर्यात के लिए बड़ा झटका है।

## अगस्त में नीतिगत दरों स्थिर रखना रिजर्व बैंक का तकनीकी कदम

### एसबीआई ने कहा- 2025 में कटौती की उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आरबीआई के रेपो दरों को तटस्थ रखाने के फैसले को तकनीकी कदम के रूप में देखा जा रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार यह निर्णय मुद्रास्फीति अनुमानों और विकास की गतिशीलता से प्रेरित है। रिपोर्ट में यह कहा गया कि वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही तक मुद्रास्फीति तीन प्रतिशत से नीचे रहने की उम्मीद है। लेकिन वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही में यह तेजी से बढ़कर 4.9 प्रतिशत हो सकती है। ऐसी स्थिति में मजबूत जीडीपी वृद्धि की उम्मीदों के साथ, वर्तमान 5.5 प्रतिशत रेपो दर टर्मिनल दर साबित हो सकती है।




**5.5 प्रतिशत रेपो रेट अंतिम दर हो सकती है–** एसबीआई ने कहा कि हमारा मानना है कि अगर वित्त वर्ष 2026 के लिए आरबीआई के मुद्रास्फीति अनुमान सही रहते हैं तो 5.5 प्रतिशत रेपो दर अंतिम दर हो सकती है। रिपोर्ट के अनुसार 2025 में ब्याज दरों में कटौती की गुंजाइश सीमित है, क्योंकि नीतिगत कदम पहले ही उठाए जा चुके हैं और साल की पहली छमाही में जीडीपी वृद्धि दर मजबूत रहने की उम्मीद है। इससे ब्याज दरों कटौती की संभावना और बढ़ गई है।

**महांगाई कम रही तो और कटौती की उम्मीद–** हालांकि, अगर महंगाई कम रहती है, तो ब्याज दरों में अधिकतम 25 आधार अंकों की कटौती की गुंजाइश हो सकती है।

### एक्सपर्ट ने सेट किया 1080 का टारगेट प्राइस

## इंश्योरेंस कंपनी के शेयरों का भाव 4 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी एलआईसी का चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 5 प्रतिशत बढ़कर 10,987 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने एक साल पहले की समान तिमाही में 10,461 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट कमाया था। सरकारी कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने गुरुवार को शेयर बाजारों को अप्रैल-जून, 2025 तिमाही के इस वित्तीय नतीजे की सूचना दी थी। बता दें, आज कंपनी के शेयरों में तेजी देखने को मिली है। एलआईसी के शेयर बीएसई में शुक्रवार की सुबह 905 रुपये के लेवल पर खुले थे। लेकिन इसके बाद गुरुवार की क्लोजिंग के मुकाबले 4.60 प्रतिशत से अधिक की छलांग लगाते हुए 927 रुपये के लेवल पर पहुंच गया। एलआईसी के शेयरों के प्रदर्शन को लेकर एक्सपर्ट बुलिश हैं। ब्रोकरेज हाउस मोतीलाल ओसवाल ने 1080 रुपये का टारगेट प्राइस के साथ रेटिंग दी है।

**शेयरों में तेजी का सिलसिला जारी–** पिछले एक साल में एलआईसी के शेयरों का भाव 19 प्रतिशत गिरा है। हालांकि, अच्छी बात यह है कि कंपनी के शेयरों की कीमतों में 3 महीने के दौरान 16 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है।

- **रेवन्यू के मोर्चे पर कितनी सफलता** – एलआईसी ने कहा कि जून तिमाही के दौरान उसकी कुल इनक बढ़कर 2,22,864 करोड़ रुपये हो गई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 2,10,910 करोड़ रुपये थी। जून तिमाही में नई पॉलिसी का प्रीमियम बढ़कर 7,525 करोड़ रुपये हो गया, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 7,470 करोड़ रुपये था। बीमा कंपनी ने पुरानी पॉलिसी के नवीकरण प्रीमियम से 59,885 करोड़ रुपये कमाये, जबकि साल भर पहले यह 56,429 करोड़ रुपये था। जून तिमाही में एलआईसी की निवेश से नेट इनकम बढ़कर 1,02,930 करोड़ रुपये हो गई जबकि पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल-जून अवधि में यह 96,183 करोड़ रुपये थी।

## टमाटर-प्याज और आलू की कीमतें घटने से शाकाहारी थाली 14 प्रतिशत सस्ती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टमाटर, प्याज और आलू की कीमतें घटने से जुलाई में घर में पकने वाली शाकाहारी थाली सालाना आधार पर 14 फीसदी सस्ती होकर 28.1 रुपये पर आ गई। जुलाई, 2024 में यह 32.6 रुपये थी। हालांकि, मासिक आधार पर जून के 27.1 रुपये की तुलना में कीमत 4 फीसदी बढ़ी है। क्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक, चिकन सस्ता होने से सालाना आधार पर मांसाहारी थाली 61.4 रुपये से 13 प्रतिशत घटकर 53.5 रुपये पर आ गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सालाना आधार पर भले टमाटर, प्याज और आलू के दाम घटे हैं, लेकिन मासिक आधार पर इनके दाम तेजी से बढ़े हैं। उदाहरण के तौर पर जुलाई में कुछ शहरों में टमाटर 100 रुपये किलो पहुंच गया। प्याज का भाव 50 रुपये के करीब है। टमाटर की कीमतें सालाना आधार पर 36 प्रतिशत गिरकर जुलाई में 66 रुपये प्रति किलोग्राम से 42 रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं। आलू और प्याज की कीमतों में पिछले साल की तुलना में क्रमशः 30 प्रतिशत और 36 प्रतिशत की गिरावट आई है।



### वनस्पति तेल 20 फीसदी महंगा

कच्चे खाद्य तेलों पर मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) में कमी के बावजूद, वनस्पति तेल की कीमतों में पिछले साल की तुलना में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है क्योंकि कम बीसीडी का लाभ अभी तक पूरी तरह से ग्राहकों तक नहीं पहुंचा है। इसके अतिरिक्त, तरलीकृत पेट्रोलियम गैस सिलेंडर की कीमतों में पिछले साल की तुलना में 6 प्रतिशत की वृद्धि ने थाली की कुल लागत में गिरावट को सीमित कर दिया है। मांसाहारी थाली की कीमत में गिरावट सब्जियों जैसे प्याज और टमाटर की कम कीमतों के कारण हुई। ब्रॉयलर की कीमतों में 12 प्रतिशत की वार्षिक गिरावट आई। मांसाहारी थाली की कुल लागत में चिकन का योगदान 50 फीसदी है।

### छोटी सी दुकान से हर कोई चौंका...

# अब हो रही पैसों की बारिश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बेंगलुरु के पंकज खाबिया ने अपनी मेहनत और सूझबूझ से कुछ ही सालों में एक सफल कारोबार खड़ा कर दिया है। 2013 में उन्होंने एक बड़ा कदम उठाया। पंकज ने वीगन फुटवियर ब्रांड एथिक की नींव डाली। तब उनकी उम्र सिर्फ 23 साल थी। एक छोटे से स्टोर से इसे शुरू किया गया था। लेकिन, दिसंबर 2019 में एथिक ने सिर्फ ऑनलाइन मॉडल अपना लिया। यह पंकज और उनके बिजनेस के लिए महत्वपूर्ण मोड़ था। इस बदलाव से बिक्री में चार चांद लग गए। कंपनी ने तब से 1.5 करोड़ रुपये से ज्यादा की बिक्री की है। एथिक ऐसे जूते और एक्सेसरीज बनाती है जो चमड़े जैसे दिखते हैं। लेकिन, इन्हें बनाने में माइक्रोफाइबर और प्लांट सेलुलोज जैसे गैर-चमड़े के मटेरियल का इस्तेमाल होता है। यह हिंसा-मुक्त प्रोडक्ट बनाने के मकसद को पूरा करता है। आइए, यहां पंकज खाबिया की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।



पंकज बेंगलुरु के रहने वाले हैं। उन्होंने 2008 में श्री भगवान महावीर जैन कॉलेज, बेंगलुरु से कॉमर्स में ग्रेजुएशन किया। इसके बाद वह अपने परिवार के थोक कपड़ों के व्यवसाय में शामिल हो गए। पंकज का जैन धर्म में पालन-पोषण हुआ। उनकी आध्यात्मिक मान्यताओं ने उन्हें फॉर्मल फुटवियर का वीगन ब्रांड बनाने के लिए प्रेरित किया।

### रणनीति बदलने का हुआ फायदा

दिसंबर 2019 में पंकज ने अपने सह-संस्थापक भरत रांका के साथ मिलकर एक बड़ा फैसला लिया। उन्होंने अपना फिजिकल स्टोर बंद कर दिया। इसकी जगह पूरी तरह से ऑनलाइन-ओनली मॉडल पर चले गए। भरत ने 95 लाख रुपये का निवेश किया और ब्रांड की मार्केटिंग को पूरी तरह से बदल दिया। इस बदलाव के बाद कंपनी की बिक्री में जबरदस्त उछाल आया। रणनीति में बदलाव के एक साल बाद ही एथकि ने 40 लाख रुपये का रेवेन्यू कमाया। इस ऑनलाइन बदलाव के बाद से अब तक कुल 1.3 करोड़ रुपये से ज्यादा की बिक्री हो चुकी है।

### शुरुआत में आईं काफी मुश्किलें

पंकज ने 2013 में 25 लाख रुपये के शुरुआती निवेश के साथ बेंगलुरु की चर्च स्ट्रीट पर 450 वर्ग फीट की दुकान में एथिक की शुरुआत की थी। उनकी रणनीति प्रीमियम गैर-चमड़े के जूते बनाने की थी। उन्हें विश्वास था कि भारत में भी वीगन फैशन की मांग बढ़ेगी। शुरुआती वर्षों में एथिक ने धीमी रफ्तार से विकास किया।

**तेजी से हो रहा है विस्तार–** एथिक अब सिर्फ भारत तक ही सीमित नहीं है। उसके उत्पाद वेबसाइट के जरिये ब्रिटेन में भी बिकते हैं। ग्राहकों के सीधे संपर्क से दुनिया भर में उत्पादों की शिपिंग होती है। ब्रांड अमेरिका और यूरोप जैसे अंतरराष्ट्रीय बाजारों में डिजिटल रूप से विस्तार करने की योजना बना रहा है। इसके अलावा, एथिक के उत्पाद मिंत्रा, आजियो और अमेजन जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध हैं।

### आरबीआई का सर्वे: परिवारों को महंगाई और घटने की उम्मीद

# कम ब्याज दर से उपभोक्ता भरोसे में सुधार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लगातार कम होती लगातार महंगाई में और गिरावट आने की उम्मीद है। भारत के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जुलाई में उपभोक्ता विश्वास में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है। यह अर्थव्यवस्था को लेकर बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। इस सकारात्मक बदलाव के पीछे मुख्य रूप से खुदरा महंगाई में गिरावट और अधिक अनुकूल ब्याज दरें हैं, जिनके चलते घर-परिवारों की धारणा बेहतर हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई के बृहस्पतिवार को जारी सर्वेक्षण के मुताबिक, शहरी उपभोक्ताओं के विश्वास में भी बढ़ोतरी आई है। 1 से 12 जुलाई के बीच 19 प्रमुख शहरों में किए गए इस सर्वेक्षण में 5,197 लोगों को शामिल किया गया। वर्तमान मुद्रास्फीति की औसत धारणा मई, 2025 के 7.7 प्रतिशत से 0.50 फीसदी घटकर जुलाई में 7.2 प्रतिशत रह गई। सर्वेक्षण के मुताबिक, अगले तीन महीनों और एक साल के लिए मुद्रास्फीति की उम्मीदें क्रमशः 0.60 और 0.50 फीसदी घटकर 8.3 प्रतिशत और 9.0 प्रतिशत रह गईं। तीन महीने की अवधि के लिए, 79.5 प्रतिशत परिवारों को कीमतों में वृद्धि की उम्मीद है। यह मई में 80.5 प्रतिशत से कम है। एक साल की अवधि के लिए यह संख्या 88.1 प्रतिशत रही, जबकि मई, 2025 में यह 89.2 प्रतिशत थी।



### सेवानिवृत्त लोगों को ज्यादा महंगाई बढ़ने की उम्मीद

सेवानिवृत्त व्यक्तियों और वृद्ध लोगों की मुद्रास्फीति संबंधी धारणा और अपेक्षाएं सबसे अधिक रहीं। 60 वर्ष से ऊपर के लोगों ने अनुमान लगाया कि मुद्रास्फीति एक वर्ष में बढ़कर 9.6 प्रतिशत हो जाएगी। दिहाड़ी मजदूरों ने सबसे कम 8.1 फीसदी की औसत अपेक्षा व्यक्त की। हालांकि, आरबीआई इन विचारों का समर्थन नहीं करता है। यह उत्तरदाताओं के मुद्रास्फीति दबावों पर जानकारी देने का बस एक सर्वे है।

- **सीएसआई में आई तेजी–** इस द्विमासिक सर्वेक्षण के अनुसार, वर्तमान स्थिति सूचकांक (सीएसआई) मई के 95.4 से बढ़कर जुलाई में 96.5 हो गया। रोजगार और मूल्य को लेकर बनी चिंताओं के बावजूद, आय, खर्च और सामान्य आर्थिक स्थितियों के बारे में उपभोक्ताओं की बेहतर धारणाओं के कारण यह सुधार हुआ। भविष्य प्रत्याशा सूचकांक (एफईआई) भी पिछले दौर के 123.4 से 1.3 अंक बढ़कर 124.7 हो गया। यह आर्थिक दृष्टिकोण, आय वृद्धि और भविष्य के खर्च के बारे में आशावाद को दर्शाता है।
- **रोजगार की धारणा में आई गिरावट–** रोजगार के मोर्चे पर मौजूदा धारणा में गिरावट आई। यह मई के -5.9 से जुलाई में घटकर -6.7 रह गई। हालांकि, अगले एक साल में रोजगार की उम्मीदों में शुद्ध प्रतिक्रिया पहले के 29.8 से बढ़कर 31.0 हो गई। वर्तमान खर्च के लिए शुद्ध प्रतिक्रिया बढ़कर 78.0 हो गई, जबकि भविष्य के खर्च के लिए उम्मीदें बढ़कर 80.0 हो गईं। इसे गैर जरूरी खर्च में बढ़ोतरी से भी मदद मिली।

# एलन मस्क की टेस्ला की दिल्ली में एंट्री, मिलेगा टेस्ट ड्राइव का मौका



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई में टेस्ला के शौकीनों को तोहफा देने के बाद अब दिल्ली में भी टेस्ला अपना शोरूम खोलने जा रही है। दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले टेस्ला के शौकीनों के लिए यह एक अच्छी खबर है।

यह शोरूम दिल्ली के एरोसिटी इलाके में Worldmark 3 बिल्डिंग में लगभग तैयार हो चुका है और 11 अगस्त 2025 को इसकी औपचारिक शुरुआत होने जा रही है। सबसे पहले टेस्ला ने भारत में अपना पहला शोरूम मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स इलाके में खोला था। अब दिल्ली में यह नया एक्सपीरियंस सेंटर खुलने से उत्तर भारत के ग्राहकों के लिए टेस्ला की कारों तक पहुंच आसान हो जाएगी।

दिल्ली का यह शोरूम सिर्फ गाड़ियों की डिस्प्ले और बुकिंग के लिए नहीं होगा, बल्कि यहां टेस्ट ड्राइव, चार्जिंग फैसिलिटी और डिलिवरी का ऑप्शन भी दिया जाएगा।

यह एक एक्सपीरियंस सेंटर होगा, जहां ग्राहक गाड़ियों को नजदीक से देख और चला सकेंगे।

### टेस्ट ड्राइव की सुविधा

टेस्ला भारत में अपनी पॉपुलर कार स्न्स्न्द्द्य ङ्क के साथ आई है और भविष्य में स्न्स्न्द्द्य 3 समेत दूसरी गाड़ियां भी ला सकती है। दिल्ली के इस सेंटर से बुकिंग और टेस्ट ड्राइव की सुविधा मिलने की उम्मीद है। टेस्ला ऐसे दौर में भारत में एंट्री कर रही है जब भारत का ईवी मार्केट काफी मैच्योर हो चुका है। महिंद्रा के पास ड्ढ्ढ6, ङ्खद्बङ्क 9द्ग, टाटा के पास हैरियर ईवी जैसे गाड़ियां आ चुकी हैं जो फीचर्स और परफॉर्मेंस के मामले में अपने से दोगुनी महंगी गाड़ियों को टक्कर दे रही हैं। एमजी मोटर्स, ह्यूंदै और किआ के पास भी कई ऐसी इलेक्ट्रिक गाड़ियां मौजूद हैं जो दुनियाभर में अपना लोहा मनवा चुकी हैं।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 08-08-2025 21:56 Page 1



# डेंगू के डंक से मचा हाहाकार

## मरीजों की संख्या बढ़कर हुई 29

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में डेंगू का डंक लगातार बढ़ रहा है। गुरुवार को दो नए डेंगू मरीज मिले हैं। नए मरीज में एक 14 साल का बच्चा तथा 49 साल की एक महिला शामिल है। बच्चा छोटा गोविंदपुर और महिला टेल्को की रहने वाली है। दोनों मरीजों का इलाज टाटा मोटर्स अस्पताल में चल रहा है जहां उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है।

गुरुवार को डेंगू के दो नए मरीज मिलने से अब तक जिले में डेंगू मरीजों की कुल संख्या 29 हो गई है। सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल ने बताया कि जिन क्षेत्रों में डेंगू मिले रहे हैं, वहां विशेष अभियान चलाकर एंटी लार्वा का छिड़काव व फोगिंग कराया जा रहा है।

जिले के सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल ने जिलेवासियों से अपील किया है कि सजग रहें और आसपास जल जमाव नहीं होने दें। परेशानी होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाएं तथा जांच के साथ डॉक्टरी सलाह पर ही दवाई खाएं।




सिविल सर्जन ने बताया कि डेंगू फैलाने वाले एडीज मच्छर साफ पानी में पैदा होते हैं।

लोगों को जागरूक करते हुए बताया जा रहा है कि घर के बागान, कूलर, ड्रम, फूलदान, गमले में जमा पानी में एडीज मच्छर पनपते हैं। अगर किसी के घर में इस तरह के मच्छर मिलते हैं, तो तुरंत पानी को गिरा दें। अगर किसी में डेंगू के लक्षण दिखायी दे, तो तुरंत अस्पताल जाकर जांच कराएं।

स्वास्थ्य विभाग जहां मच्छरों को जड़ से खत्म करने के लिए एंटी लार्वा का छिड़काव कर रहा है। वहीं, शहर के तीनों ही नगर निकाय अपने-अपने क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान के साथ ही ब्लीचिंग का छिड़काव कर रहे हैं। इसके अलावा संध्या के समय फोगिंग करने का काम कर रही है।

## बार में फायरिंग करने वाला गार्ड धराया

**रांची।** कोतवाली इलाके में स्थित ग्रेविटी लांज एंड बार में बुधवार की रात फायरिंग करने के आरोप में पुलिस ने एक निजी गार्ड राहुल कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपित डोरंडा का रहने वाला है और कुछ महीने पहले तक एक नेता का अंगरक्षक रह चुका था।

पुलिस का कहना है कि राहुल कुमार बुधवार की देर रात नशे की हालत में ग्रेविटी लांज एंड बार पहुंचा था। वहां पहले से कई ग्राहक मौजूद थे। नशे में धुत राहुल ने बार कर्मचारियों से भोजपुरी गाना बजाने की मांग की। कर्मचारियों द्वारा मना करने पर वह गाली गलौज और हंगामा करने लगा। अन्य ग्राहकों को भी धमकाने लगा।

स्थिति को बिगड़ता देख किसी ने कोतवाली थाना को सूचना दी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तब तक राहुल ने बार के अंदर गोली चला दी। इस घटना को लेकर आशीष कुमार के बयान पर कोतवाली थाना में केस हुआ है।

आशीष ने पुलिस को बताया कि गोली अगर थोड़ी भी इधर-उधर लग जाती तो किसी भी ग्राहक की जान जा सकती थी।

# पुत्र धर्म के साथ ही राजधर्म भी निभा रहे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने जीवन के सबसे कठिन दौर से गुजर रहे हैं। उनके पिता दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन ने उन्हें गहरे शोक में डुबो दिया है। फिर भी, व्यक्तिगत दुख को दरकिनार कर वे रामगढ़ के नेमरा स्थित अपने पैतृक आवास से राजधर्म का निर्वहन कर रहे हैं। यह उनके दृढ़ संकल्प और जिम्मेदारी के प्रति समर्पण को दशार्ता है। मुख्यमंत्री के लिए यह समय अत्यंत दुखदायी है। उनके दिल-दिमाग में बेचैनी और पीड़ा है, आंसुओं का सिलसिला थम नहीं रहा। इसके बावजूद वे पुत्रधर्म के साथ-साथ राजधर्म को भी पूरी निष्ठा से निभा रहे हैं। नेमरा में पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए वे शासन-प्रशासन को सुचारू रूप से चलाने में जुटे हैं। उनका यह प्रयास सुनिश्चित करता है कि झारखंड के विकास की गति में कोई रुकावट न आए। मुख्यमंत्री शोक की इस घड़ी में भी राज्य के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील हैं। वे व्यक्तिगत भावनाओं को दबाकर सरकारी कार्यों को प्राथमिकता दे रहे हैं। जरूरी फाइलों का निष्पादन, वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नियमित संवाद और सरकार की गतिविधियों पर नजर रखना उनकी दिनचर्या का हिस्सा है।



उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे कार्यों में तत्परता बनाए रखें और आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करें। किसी भी कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही, वे हर पल अद्यतन सूचनाओं से अवगत रहते हैं और आवश्यकतानुसार निर्देश देते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिबू सोरेन के निधन के बाद जनता का अपार समर्थन उनके परिवार के लिए ढाल बना। इस कठिन समय में जनता की संवेदनशीलता और साथ ने उन्हें अपने कर्तव्यों को निभाने की हिम्मत दी।

उन्होंने कहा कि जिस तरह राज्य की जनता मेरे परिवार के साथ खड़ी रही, उसने मुझे इन विषम परिस्थितियों में भी राज्य के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने की शक्ति दी।

शिबू सोरेन झारखंड के लिए एक प्रेरणास्त्रोत थे। वे हमेशा जनता के हितों के लिए लड़े और व्यक्तिगत स्वार्थों को कभी तरजीह नहीं दी। मुख्यमंत्री ने कहा - बाबा कहते थे कि सार्वजनिक जीवन में जनता के लिए हमेशा खड़ा रहना चाहिए। उन्होंने कभी झुकना नहीं सीखा। झारखंड का अस्तित्व उनकी देन है। वे हमेशा उनके लिए मार्गदर्शक रहेंगे, भले ही उनका साया अब न हो।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का यह समर्पण झारखंड की जनता के लिए एक मिसाल है। व्यक्तिगत दुख को पीछे छोड़कर वे राजधर्म का पालन कर रहे हैं, जो उनकी नेतृत्व क्षमता और जनता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। शिबू सोरेन के आदर्शों को जीवित रखते हुए वे झारखंड को विकास और समृद्धि की राह पर ले जाने के लिए कटिबद्ध हैं।

# चार की हत्या के आरोपित पूर्व विधायक को मिली जमानत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** अपने चचेरे भाई पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार की हत्या के षड्यंत्र में आठ साल से जेल में बंद झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह को शुक्रवार को सर्वोच्च न्यायालय से बड़ी राहत मिली है।

संजीव सिंह के अधिवक्ता मो. जावेद ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एनबी अंजारिया की खंडपीठ ने वरीय अधिवक्ता सन्नी चौधरी की दलीलें सुनने के बाद संजीव सिंह को जमानत पर मुक्त करने का आदेश दिया है।

सर्वोच्च न्यायालय का आदेश ट्रायल कोर्ट पहुंचते ही वह जमानत पर मुक्त हो जाएंगे। संजीव सिंह 11 अप्रैल 2017 से न्यायिक हिरासत में जेल में हैं। इसके पूर्व संजीव सिंह की जमानत अर्जी तीन बार निचली अदालत से व तीन बार उच्च न्यायालय से खारिज हो चुकी थी।

अधिवक्ता मो. जावेद ने बताया कि उनकी ओर से यह तर्क दिया गया कि इस मामले के आरोपित पिंटू सिंह, संजय सिंह, धनजी सिंह, चंदन सिंह और कुर्बान की जमानत सर्वोच्च न्यायालय से एवं रिंकू सिंह तथा डबलू मिश्रा की जमानत उच्च न्यायालय से हो चुकी है।

अधिवक्ता की दलील थी कि संजीव सिंह सात विभिन्न प्रकार की बीमारियों से गसित हैं। अभी तक मामले की सुनवाई पूरी नहीं हो पाई है, यह उनके संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन है। जेल में संजीव की स्थिति लगातार बिगड़ रही है।

उन्होंने बताया कि संजीव के विरुद्ध पुलिस ने 28 जून 2017 को आरोपपत्र दायर किया था। तीन जनवरी 19 को अदालत ने संजीव समेत छह के विरूद्ध आरोप का गठन कर दिया था। वर्तमान समय में मुकदमे में बचाव पक्ष की ओर से बहस चल रही है।

21 मार्च 2017 की शाम करीब सात बजे नीरज सिंह, अशोक यादव, निजी अंगरक्षक मुन्ना तिवारी एवं ड्राइवर घोल्टू की हत्या अंधाधुंध गोलियां चलाकर स्टील गेट में की गई थी।

# गवाई बराज परियोजना की नहर टूटी

- विभाग ने एजेंसी को भेजा नोटिस
- आधे पानी का भी नहीं सह सकी दबाव
- लोग घटिया निर्माण की कर रहे चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** जल संसाधन विभाग ने तेनुघाट बांध अंचल के इंजीनियरों और गवाई बराज परियोजना में काम करने वाली एजेंसी को नोटिस जारी किया है।

नोटिस के माध्यम से पूछा गया है कि गवाई बराज परियोजना की नहर कैसे क्षतिग्रस्त हो गई। नहर में पानी छोड़ने के बाद दो मीटर हिस्सा टूटकर बह गया। साथ ही नहर क्षतिग्रस्त क्यों हुआ? इसके लिए विशेष टीम जांच करेगी।



तेनुघाट बांध अंचल के तहत 131 करोड़ रुपये की लागत से बहुप्रतीक्षित गवाई बराज परियोजना का निर्माण किया गया है। ट्रायल के लिए गत सप्ताह 30 जुलाई को केनाल से नहर में आधा पानी छोड़ा गया था।

नहर में पानी पहुंचते ही कई जगह दरारें उभर गईं। चास प्रखंड के सिलफोर व डाबरबहाल गांव के बीच सियालगड़ा के नजदीक नहर का करीब दो मीटर हिस्सा टूट गया। जो हिस्सा टूटा है, वह मुख्य नहर से करीब 500 मीटर दूर है।

जल संसाधन विभाग की ओर से चास व चंदनकियारी की 12 पंचायतों के 54 गांवों के 80 हजार किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने के उद्देश्य से गवाई बराज परियोजना का तैयार करवाया गया है। अब तक इस परियोजना पर 131 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। इसके बाद भी परियोजना के तहत घटिया निर्माण कार्य की बात सामने आ रही है। घटिया निर्माण की वजह से ही मुख्य नहर से जुड़ी शाखा नहर तेज बहाव में टूट गई। जबकि कैनाल से शतप्रतिशत पानी नहीं छोड़ा गया था। आधा ही पानी छोड़ा गया था।

# 50 वर्षों से अटकी मंगल डैम निर्माण की सुगबुगाहट तेज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची ।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने गुरुवार को शहीद नीलांबर पीतांबर उत्तर कोयल परियोजना (मंडल डैम) की निर्धारित कार्ययोजना के अनुपालन की समीक्षा की। उन्होंने कार्ययोजना को धरातल पर उतारने के लिए मूलभूत कार्य यथाशीघ्र शुरू करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विस्थापित होनेवाले रैयतों को विश्वास में लेकर उनके पुनर्वास की अड़चनों को दूर करें।

इस परियोजना के लिए गढ़वा और लातेहार जिले के सात गांवों खैरा, भजना, सनैया, कुटकू, खुरा, चेमो और मेराल के लगभग 750 परिवारों को पुनर्वासित करने का निर्णय लिया गया है। डैम का काम पूरा होने से बिहार एवं झारखंड के बड़े एरिया को सिंचित किया जा सकेगा।

पुनर्वास के दौरान सभी परिवारों को दो किस्तों में 15 लाख रुपये और एक एकड़ जमीन देने पर पूर्व में ही रैयतों के साथ सहमति बन चुकी है। इन्हें रंका प्रखंड में पुनर्वासित करने की योजना है। मुख्य सचिव ने निर्देश दिया है कि पुनर्वासित होने से पहले रैयतों को उस स्थान पर मूलभूत सुविधा उपलब्ध करायें। विस्थापित संघर्ष समिति से वार्ता का क्रम जारी रखने और स्थानीय विधायकों से भी पूरे मामले में जनहित के दृष्टिकोण से सहयोग लेने पर बल दिया। डैम का निर्माण कार्य 50 वर्षों से अधूरा है।

मुख्य सचिव ने मंडल डैम के अधूरे काम को पूरा करने वाली चयनित एजेंसी वापकोस को पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था देने का निर्देश दिया है।

उन्होंने गढ़वा और लातेहार जिला प्रशासन को आपसी समन्वय से इसके यथाशीघ्र अनुपालन पर बल दिया। एजेंसी ने सुरक्षा व्यवस्था मिलने के दो दिन के भीतर कार्य शुरू करने पर हामी भरी । इस दौरान मुख्य सचिव ने विस्थापितों को मुआवजा भुगतान करने के लिए रिजर्व बैंक में स्पर्श अकाउंट खोलने, सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली के तहत विस्थापितों की मैपिंग की प्रगति की भी समीक्षा की।वहीं परियोजना की दाईं मुख्य नहर के दोनों किनारे पर स्थित विद्युत पोलों तथा ट्रांसफार्मर को वहां से हटाने की प्रगति की समीक्षा के दौरान इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया।

# मांग में सिंदूर, कागज पर विधवा बन उठा रही सरकारी पेंशन

## समय से पहले हो गए वृद्ध, कई दिवंगत भी उठा रहे योजना का लाभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** शायद ही ऐसी कोई महिला होगी, जो आजीवन सुहागन रहने की चाहत न रखती हो। हर किसी की यही इच्छा रहती है कि उसकी अर्थी एक सुहागन के रूप में उठे। इसके लिए वे कई तरह के व्रत कर पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं, लेकिन इससे इतर कई महिलाएं पति के जीवित रहते भी विधवा बन गई हैं, वह भी सरकार से पेंशन के रूप में मिलने वाले महज एक हजार रुपये के लिए।

जी हां, पति के जीवित रहते हुए भी महिलाएं खुद को विधवा बताकर लंबे समय से पेंशन ले रही हैं। मामला गिरिडीह जिला के बेंगाबाद प्रखंड अंतर्गत मोतीलेदा पंचायत का है। इस पूरे मामले का खुलासा सामाजिक अंकेक्षण के दौरान हुआ है। मोतीलेदा की सकुना देवी, जीतनी देवी, सुमित्रा देवी अपनी मांग में सिंदूर लगाती हैं। सिंदूर लगाना भी लाजिमी है, क्योंकि उनके पति जीवित जो हैं, लेकिन सरकार के रिकॉर्ड में ये सभी कई वर्ष पहले ही विधवा हो चुकी हैं।

ऐसा इसलिए लिख रहे हैं, क्योंकि इन महिलाओं को नियमित रूप से विधवा पेंशन मिल रही है। पति के रहने के बावजूद ये विधवा पेंशन का लाभ लेने में कोई गुरेज नहीं कर रही हैं। सभी खुशी-खुशी विधवा पेंशन उठा रही हैं।

इसी पंचायत में दिवंगत हो चुके लोगों के नाम से भी वृद्धा पेंशन का भुगतान हो रहा है। ऐसे लाभुकों में प्रसादी महतो, पुरन महतो, शनिचर महतो, बिंदली देवी, हेमलाल महतो, सुंदरी देवी, इदरा देवी, सोमरी, बालो भोगता, ईश्वर महतो, सोमरी देवी, बंधु राणा, गोपाल ठाकुर, पार्वती देवी, भगिया, सुंदरी देवी और ईशर महतो शामिल हैं। इन सभी की मौत हो चुकी है। इसके बावजूद उन्हें पेंशन मिल रही है।

पंचायत में कई ऐसे लोग भी हैं, जिन्होंने पेंशन पाने के लिए समय से पहले ही खुद को वृद्ध घोषित कर दिया है। इनमें शनिचर महतो वर्ष 2015 से वृद्धा पेंशन ले रहा है, जबकि उस समय उनकी उम्र 57 साल थी। बद्री तुरी 56 वर्ष की उम्र में वर्ष 2018 से वृद्धा पेंशन का लाभ ले रहे हैं। लखिया देवी भी 56 वर्ष की उम्र से ही वृद्धा पेंशन ले रही हैं। वह वर्ष 2028 में वृद्धा पेंशन की लाभुक बनी है।

बीते माह मोतीलेदा पंचायत भवन में पायलट प्रोजेक्ट के तहत पेंशन योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण किया गया। इस दौरान पंचायत के कुल 346 लाभुकों का सत्यापन किया जाना था, लेकिन 280 लाभुकों का ही सत्यापन किया जा सका। शेष लाभुक सामाजिक अंकेक्षण में नहीं पहुंचे। इसी सामाजिक अंकेक्षण के क्रम में उक्त मामले सामने आए हैं।सवाल उठता है कि मृतकों के नाम से आ रही पेंशन की राशि की निकासी कौन और कैसे कर रहा है। इस संबंध में सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र में एक गिरोह है, जो लाभुकों के संबंध में गलत एंट्री कर राशि की निकासी कर रहा है। जानकारों का यह भी कहना है कि न केवल मोतीलेदा पंचायत बल्कि बेंगाबाद सहित जिले के अन्य प्रखंडों में भी पेंशन योजनाओं में इस तरह की गड़बड़ी हो रही है।

## लोगों ने की सड़क जाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चक्रधरपुर।** रांची में एनएच 75 पर लंबा जाम लग गया। इसके पीछे कारण 50 लाख रुपये और सरकारी नौकरी देने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे लोग थे। दरअसल, यह मामला एक बिजली मिस्त्री की मौत से जुड़ा हुआ है। आइए जानते हैं क्या है पूरा मामला।

बिजली मिस्त्री स्वर्गीय श्यामसुंदर रजक के परिजन और ग्रामीणों ने 50 लाख मुआवजा और सरकारी नौकरी की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। लोगों ने चक्रधरपुर रांची एनएच 75 ई मुख्य सड़क मार्ग के चेकनाका के समीप सड़क जाम लगा दिया। सड़क पर जाम शुक्रवार की दोपहर तीन बजे से लगा और अब तक जारी है। ज्ञात हो कि पश्चिमी सिंहभूम के चक्रधरपुर में ट्रांसफार्मर का फ्यूज बांधते समय 11 हजार वोल्ट के करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलसे बिजली मिस्त्री की गुरुवार को इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मृतक की पहचान लोटापहाड़ गांव निवासी श्यामसुंदर रजक के रूप में हुई है, जो बिजली विभाग में लाइनमेन के पद पर अनुबंध पर कार्यरत था।

# डाकघरों में सस्ता मिलेगा तिरंगा

## आनलाइन भी कर सकते हैं आर्डर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोड्डा।** आगामी रक्षाबंधन और स्वतंत्रता दिवस पर्व को देखते हुये गोड्डा डाकघर में वाटरप्रूफ लिफाफा, खादी का तिरंगा व पूजा पाठ के लिये गंगाजल आदि भी मुहैया कराया रहा है, वह भी महज कुछ रुपए में। डाक घर के ओर से पहली बार इस प्रकार की पहल की गई है, ताकि आम जनमानस को इन चीजो को लेकर भटकना नहीं पड़े।

डाकघर में बहनें मात्र 10 रुपए में लिफाफा ले सकती हैं, जिसमें राखी डालकर अपने भाई को भेज सकती हैं। मालुम हो कि इस बार रक्षाबंधन का पर्व 9 अगस्त को है । ऐसे में डाकघर की यह पहल काबिले तारीफ है। इस लिफाफे की खासियत यह है कि यह वाटरप्रुफ हैं, जिसको डाकघर मात्र 10 रुपए में लोगो के बीच मुहैया करा रहा है। कई लोगों ने इसका लाभ भी उठाया है।

इतना ही नहीं आगामी पंद्रह अगस्त को देखते हुए डाकघर में तिरंगा की बिक्री महज कुछ रुपए में की जा रही हैं। डाकघर महज 25 रुपए में तीन फीट तक तिरंगा मुहैया करा रहा है, ताकि आम लोग प्लास्टिक आदि तिरंगा की खरीद-बिक्री से बचें।

बता दें कि यह तिरंगा खादी से निर्मित किया गया है। वैसे इस वर्ष प्रधानमंत्री ने हर घर तिरंगे का ऐलान किया है तो जिन्हें भी अपने घरों या प्रतिष्ठानों के लिए तिरंगे की आवश्यकता हो वो अपने नजदीकी डाकघर से जाकर ले सकते हैं। तिरंगा अलग-अलग साइज व दर का भी हैं।



इसके अलावा अब गंगाजल भी डाकघर में उपलब्ध कराया गया है। विभाग की ये सोच है कि जो लोग अपने घरों में पूजा पाठ करते हैं, उन्हें गंगा जल की आवश्यकता पड़ती है, लेकिन गंगाजल हर जगह उपलब्ध नहीं होता या फिर वो जाकर नहीं ला सकते। ऐसे में लोग अपने नजदीकी डाकघर से जाकर 250 मिली की बोतल महज 30 रुपये में ला सकते हैं।

यह गंगाजल सावन तक उपलब्ध है जबकि लिफाफा रक्षाबंधन तक उपलब्ध है। इसके साथ डाकघर में यह भी सुविधा प्रदान की गई है कि लोग अब निजी कूरियर की तरह रजिस्ट्री या स्पीडपोस्ट करने का पेमेंट आनलाइन कर सकते हैं।

# देवघर को जल्द मिलेगी कालेज की सौगात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**देवघर।** आने वाले साल में देवघर जिला को स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक और बड़ी सौगात मेडिकल कॉलेज के रूप में मिलने जा रही है। यहां ना केवल 100 सीट वाला मेडिकल कॉलेज का निर्माण होगा बल्कि वर्तमान में संचालित सदर अस्पताल को जोड़कर 420 बेड की सुविधा युक्त अस्पताल का भी निर्माण कराया जाएगा। मोहनपुर अंचल के मेदनीडीह पंचायत के डहुआ मौजा में मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल का निर्माण के स्थल का निरीक्षण करने के दौरान राज्य के अपर मुख्य स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह ने यह बातें कही। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य के लिए कुल 13 एकड़ जमीन चिह्नित की गई है। मेडिकल कॉलेज का निर्माण पीपीपी (प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप) मोड पर कराया जाएगा। बताया कि प्रारंभिक चरण में अस्पताल का निर्माण कराया जाएगा। अस्पताल का निर्माण कार्य दो सालों में पूरा कर लिए जाने की उम्मीद है।

इसके बाद दूसरे चरण में मेडिकल कॉलेज का निर्माण कराया जाएगा, जिसे पूरा होने में तीन साल का समय लग सकता है। कुल मिलाकर पांच साल में मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल का निर्माण कराया लिया जाएगा। इस मेडिकल कॉलेज में 100 सीट पर एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए नामांकन होगा। बताया कि निर्माण कार्य को लेकर केंद्र सरकार के पास प्रस्ताव भेजा जा चुका है। केंद्र सरकार से सहमति मिलने के बाद इसे मंत्री परिषद के पास भेजा जाएगा। इसके बाद प्राइवेट पार्टी की चयन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। चयन प्रक्रिया इस साल के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। चयनित प्राइवेट एजेंसी द्वारा इसका निर्माण कार्य करेगी। संभवतः नए साल से निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। मौके पर सिविल सर्जन डॉ. युगल किशोर चौधरी, अपर समाहर्ता हीरा कुमार, डॉ. दिग्विजय भारद्वाज, अंचल निरीक्षक तरुण कुमार, अमीन अविनाश कुमार व कर्मचारी जगदीश उरांव सहित अन्य मौजूद थे।

## थम नहीं रही बालू की तस्करी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोड्डा।** जिले में सरकार के आदेश का कोई असर नहीं दिख रहा है। यहां की अमूमन सभी नदियों से मानसून सीजन में भी बालू का अवैध खनन और ढुलाई धड़ल्ले से हो रही है। प्रशासन के कई प्रयासों के बाद भी माफियाओं के हौंसले बुलंद हैं।

दरअसल, अधिवक्ता अमित कुमार मीत की ओर से एनजीटी में याचिका दायर की गई थी। इसमें गोड्डा जिले के हनवारा, पथरगामा, बसंतराय आदि प्रखंड की प्रमुख नदियों के पुलों के आसपास बालू खनन से पुल धंसने के खतरे को इंगित करते हुए कार्रवाई की मांग की गई थी। वहीं, एनजीटी की ओर से बीते दो अप्रैल 2025 को बालू खनन पर रोक लगाने का आदेश दिया था। नदी पुलों के संरक्षण को लेकर जिला प्रशासन ने जगह-जगह बोर्ड भी लगाया था। यहीं नहीं कालांतर में जिला प्रशासन ने शपथ पत्र देकर एनजीटी को आश्वस्त किया था कि नदी पुलों के आसपास बालू खनन पर रोक लगाने के लिए सख्त कार्रवाई की जा रही है।

# मास्को में गूंजेंगें भोजपुरी और झारखण्ड के लोक गीतों के सुर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चतरा।** आशीष दुबे रूस के मास्को में शास्त्रीय संगीत के साथ मगही, भोजपुरी और झारखंड के लोक गीतों की खुशबू बिखेरेंगे।

उनका चयन बतौर प्रशिक्षक हुआ है। इस महीने के अंत रूस के लिए रवाना होंगे। तबला पर संगत के लिए मध्य प्रदेश के उज्जैन के अरुण कुशवाहा तथा कथक के लिए पुणे की कल्याणी का चयन हुआ है।

दरअसल भारतीय संस्कृति से मित्र देशों को रूबरू कराने के लिए विदेश मंत्रालय ने 37 देशों में गीत-संगीत, नृत्य एवं नाट्य का प्रशिक्षण देने के लिए कुल 96 चुनिंदा शिक्षकों का चयन किया है।

इनमें इंग्लैंड, अमेरिका, रूस, आस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, भूटान, नेपाल आदि देशों में इन चुनिंदा प्रशिक्षकों को भेजा जा रहा है। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने कल्चरल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत भारतीय संगीत के प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की है।

भारतीय संस्कृति संबंध परिषद (आइसीसीआर) विदेश मंत्रालय द्वारा जवाहर लाल नेहरू संस्कृति केंद्र को मास्को में संगीत प्रशिक्षण देने के लिए भेज रहा है।

आशीष दुबे ने बताया कि गायन के क्षेत्र में बारह शिक्षकों का चयन हुआ है। इसी तरह तबला संगत, कथक, भारत



नाट्य आदि के लिए 84 शिक्षक चयनित हुए हैं।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण तीस से पांच साल तक का है। आशीष दुबे गायन विद्या में पारंगत हैं। पूरा परिवार गीत और संगीत को समर्पित है, बल्कि यूं कहें कि उनकी छह पीढियां संगीत के पुजारी रही है।

आशीष जिले के हंटरगंज प्रखंड के बारा गांव के रहने वाले हैं। पिता जितेंद्र दुबे संगीत शिक्षक हैं। माता संगीता डूबे व बड़े भाई प्रभात दुबे भी गीत और संगीत की विद्या में माहिर हैं। आशीष इसका श्रेय अपने गुरु देश के प्रख्यात कलाकार पंडित कैवल्य कुमार गुरुव (किराना घराना) और प्रोफेसर जयंत खोत (ग्वालियर घराना) को देते हैं।

# श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाये गये बेलपत्र से बनेगी जैविक खाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**देवघर।** द्वादश ज्योतिलिंगों में से एक बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग के स्पर्श मात्र से ही व्यक्ति निरोगी हो जाता है। बाबा वैद्यों के वैद्य हैं। उन पर चढ़ाए गए जल का सेवन करने से रोग दूर हो जाते हैं। वह निरोगी हो जाता है। उसके सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। यह कोई पौराणिक कथा नहीं है। दरबार में करोड़ों लोगों की आस्था इसे सिद्ध करती है।

इसलिए उन्हें चढ़ाए गए बिल्वपत्र से बनी जैविक खाद खेत की उर्वरा शक्ति बढ़ाकर उसे बंजर होने से बचाएगी। उसके लिए संजीवनी का काम करेगी। आस्था का यह बिल्वपत्र इधर-उधर बर्बाद न हो, इसे ध्यान में रखते हुए बाबा बैद्यनाथ मंदिर प्रबंधन ने इस दिशा में पहल की है।

बिल्वपत्र बाबा को अत्यंत प्रिय है। लाखों भक्त गंगाजल के साथ बिल्वपत्र चढ़ाते हैं। बिल्वपत्र आस्था का प्रतीक है। यह बर्बाद न हो, इसके लिए मंदिर प्रबंधन ने बिल्वपत्र से जैविक खाद बनाने की योजना बनाई है।इसके प्रसंस्करण के लिए मंदिर के पास एक छोटा सा प्लांट है। यहां बिल्वपत्र की कुटाई और ग्रेडिंग की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सावन के पवित्र महीने में यह काम शुरू हो गया है। योजना के मुताबिक केंचुओं से प्रोसेसिंग कर वर्मी कंपोस्ट भी तैयार किया जाना है। बाबा को चढ़ाया जाने वाला बिल्वपत्र खास होता है, प्रोसेसिंग में किसी लिक्विड की जरूरत नहीं होती।

सावन के बाद इस प्रोजेक्ट में और तेजी आएगी। अभी श्रावणी मेला चल रहा है। नगर विकास विभाग भी इस प्रोजेक्ट को करने में रुचि ले रहा है। मंदिर में चढ़ाए जाने वाले बिल्वपत्र की खासियत यह है कि इससे खाद तैयार करने के लिए प्रोसेसिंग के लिए अलग से लिक्विड मिलाने की जरूरत नहीं होती।

जानकार बताते हैं कि मंदिर में चढ़ाए जाने वाले बिल्वपत्र पर शहद, दूध, घी, गन्ने के रस का लेप होता है। इसलिए 24 घंटे बाद इसमें बैक्टीरिया बन जाता है।

CMYK

# आईपीएल 2026 की नीलामी से पहले राजस्थान रॉयल्स छोड़ना चाहते हैं संजू सैमसनः रिपोर्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 से पहले संजू सैमसन सुर्खियों में आ गए हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो के मुताबिक राजस्थान रॉयल्स के कप्तान आगामी सीजन के लिए नीलामी से पहले टीम से रिलीज होना चाहते हैं। संजू इसकी जानकारी आईपीएल-2025 की समाप्ति के तुरंत बाद फ्रेंचाइजी को दे चुके थे। राजस्थान रॉयल्स के 2025 सीजन की समीक्षा बैठक जून में हुई थी। फ्रेंचाइजी ने अभी तक संजू सैमसन को कोई निश्चित जवाब नहीं दिया है। संजू को मनाने का विकल्प अभी भी खुला है। फ्रेंचाइजी के मालिक मनोज बडाले इस मामले पर अंतिम निर्णय हेड कोच राहुल द्रविड़ के साथ मिलकर लेंगे। अगर फ्रेंचाइजी सैमसन को रिलीज करने का फैसला करती है, तो उन्हें किसी अन्य फ्रेंचाइजी को ट्रेड किया जा सकता है, या फिर संजू नीलामी में उतर सकते हैं। आईपीएल अनुबंध के अनुसार, ऐसे मामलों में अंतिम निर्णय फ्रेंचाइजी का होता है। विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन ने साल 2013 में आईपीएल डेब्यू किया था। उन्होंने राजस्थान की ओर से साल 2015 तक खेला, जिसके बाद दिल्ली ने उन्हें अपने साथ जोड़ा। दिल्ली के साथ दो सीजन बिताने के बाद संजू साल 2018 में एक बार फिर राजस्थान रॉयल्स लौटे और इसके बाद से अब तक उन्होंने इसी फ्रेंचाइजी की ओर से खेला। संजू सैमसन की कप्तानी में राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल-2025 में 14 मुकाबले खेले, जिसमें महज चार ही जीते। टीम को 10 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा। महज आठ अंकों के साथ राजस्थान रॉयल्स की टीम प्वाइंट्स टेबल में नौवें स्थान पर रही।

**चेन्नई ग्रांड मास्टर्स शतरंजः**

## अर्जुन की जीत से शुरुआत , निहाल जर्मनी के विन्सेंट से हारे




**चेन्नई, एजेंसी।** भारत के अब तक के सबसे मजबूत ग्रांड मास्टर्स क्लासिकल शतरंज टूर्नामेंट क्वांटबॉक्स चेन्नई ग्रांड मास्टर्स शतरंज के पहले दिन पहले राउंड के पाँच मुकाबलों मे दो परिणाम जीत और हार के तौर पर सामने आए । प्रतियोगिता के टॉप सीड ग्रांड मास्टर भारत के अर्जुन एरीगैसी नें एक बार फिर अपने अभियान आरंभ जीत के साथ किया है , अर्जुन नें यूएसए के आवोण्डर लियांग के खिलाफ सफेद मोहरो से राय लोपेज ओपनिंग मे एक प्यादा कुर्बान करते हुए रोचक बाजी खेली और 49 चालों मे जीत दर्ज की । वहीं भारत के निहाल सरीन को जर्मनी के विन्सेंट केमर के खिलाफ एक करेबी हार का सामना करना पड़ा , काले मोहरो से ओपनिंग मे अंत तक चले मुकाबले मे लगभग ड्रॉ होती बाजी मे पराजय का सामना करना पड़ा ।

## राष्ट्रमंडल खेल टीम ने गुजरात के खेल राज्य मंत्री से मुलाकात की, 2030 की मेजबानी हासिल करने की कवायद

**अहमदाबाद, एजेंसी।** सूत्रों ने बताया कि हाल और उनकी टीम अहमदाबाद में विभिन्न वेन्यू का दौरा करने आई थी और राज्य सरकार के अधिकारियों से भी मुलाकात की। भारत की राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी की आकांक्षा के बीच राष्ट्मंडल खेल की एक टीम ने इसके निदेशक ( खेल ) डेरेन हाल की अगुवाई में गुजरात के खेल राज्य मंत्री हर्ष सांघवी से मुलाकात की। राष्ट्रमंडल खेल की टीम तीन दिन से अहमदाबाद में थी और विभिन्न स्टेडियमों का दौरा किया। इसके साथ ही गुजरात सरकार के अधिकारियों से भी मुलाकात की। भारत ने 2030 राष्ट्मंडल खेलों की मेजबानी की इच्छा जताने वाला आशय पत्र पहले ही जमा कर दिया है। तीन दिन पहले राष्ट्मंडल खेल (पूर्व नाम राष्ट्रमंडल खेल महासंघ) की टीम अहमदाबाद पहुंची थी। भारत को अगर मेजबानी मिलती है तो खेल इसी शहर में होंगे।

# दलीप ट्रॉफीः शुभमन गिल को सौंपी गई नॉर्थ जोन टीम की कमान




**नई दिल्ली, एजेंसी।** शुभमन गिल की कप्तानी में भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज 2-2 से बराबरी पर खत्म की। अब गिल को आगामी दलीप ट्रॉफी के लिए नॉर्थ जोन टीम की कमान सौंपी गई है। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 28 अगस्त से होने जा रही है। शुभमन गिल ने इंग्लैंड दौरे पर पांच मुकाबलों में 65.57 की औसत के साथ 754 रन बनाए। शानदार प्रदर्शन के चलते उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज खिताब से नवाजा गया। शुभमन गिल के अलावा, इस 15 सदस्यीय टीम में अर्शदीप सिंह, अंशुल कंबोज और हर्षित राणा शामिल हैं। अंशुल कंबोज ने मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच में अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया था। राणा इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए की ओर से खेले, लेकिन अर्शदीप को इंग्लैंड के विरुद्ध टेस्ट सीरीज में खेलने का मौका नहीं मिल सका।इ गुरुवार को जोनल सेलेक्शन कमेटी ने घोषणा करते हुए बताया कि अगर गिल, अर्शदीप और राणा में से किसी को भी दलीप ट्रॉफी के साथ होने वाले मैचों के लिए भारतीय टीम में चुना जाता है, तो सर्विसेज के शुभम रोहिल्ला, पंजाब के गुरनूर बरार और हरियाणा के अनुज ठकराल को मुख्य टीम में शामिल किया जाएगा। टीम इंडिया 9-28 सितंबर के बीच टी20 एशिया कप खेलेगी।

नॉर्थ जोन की टीम के अन्य प्रमुख सदस्यों में दिल्ली के ऑलराउंडर आयुष बडोनी और बल्लेबाज यश ढुल शामिल हैं, जिन्होंने 2022 अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप में भारत की कप्तानी की थी।

दलीप ट्रॉफी छह टीमों वाले जोनल फॉर्मेट में खेली जाएगी, जिसके साथ 2025/26 घरेलू क्रिकेट सीजन की शुरुआत होगी। नॉर्थ जोन अपने अभियान की शुरुआत ईशान किशन की अगुवाई वाले ईस्ट जोन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मुकाबले से करेगा। विजेता टीम सेमीफाइनल में साउथ जोन से भिड़ेगी।

**नॉर्थ जोन की टीमः**

शुभमन गिल (कप्तान), शुभम खजूरिया, अंकित कुमार (उप-कप्तान), आयुष बडोनी, यश ढुल, अंकित कलसी, निशांत सिंधु, साहिल लोत्रा, मयंक डागर, युद्धवीर सिंह चरक, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज, औकिब नबी और कन्हैया वधावन (विकेटकीपर)।

**स्टैंडबायः** शुभम अरोड़ा (विकेटकीपर), जसकरनवीर सिंह पॉल, रवि चौहान, आबिद मुश्ताक, निशंक बिड़ला, उमर नजीर और दिवेश शर्मा।

**नेशनल बैंक ओपन**

# पुरुष एकल में अमेरिका के बेन शेल्टन बने चैंपियन, महिलाओं में विक्टोरिया एमबोको को खिताब




**टोरंटो, एजेंसी।** शेल्टन ने 2023 में टोक्यो में हार्ड कोर्ट पर और पिछले साल ह्यूस्टन में क्ले कोर्ट पर भी जीत हासिल की थी। इस जीत से शेल्टन विश्व रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंच जाएंगे। अमेरिका के बेन शेल्टन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के रूप में अपने करियर का तीसरा और सबसे बड़ा खिताब जीता। उन्होंने फाइनल में रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त करेन खाचानोव को 6-7 (5), 6-4, 7-6 (3) से हराया। चौथी वरीयता प्राप्त 22 वर्षीय शेल्टन 2003 में एंडी रोडिक के बाद मास्टर्स 1000 हार्ड-कोर्ट प्रतियोगिता जीतने वाले अमेरिका के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। शेल्टन ने 2023 में टोक्यो में हार्ड कोर्ट पर और पिछले साल ह्यूस्टन में क्ले कोर्ट पर भी जीत हासिल की थी। इस जीत से शेल्टन विश्व रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंच जाएंगे। पुरुष युगल के फाइनल में जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल ने जो सैलिसबरी और नील स्कुप्स्की को 6-3, 6-7 (5), 13-11 से हराया।

**एमबोको ने अपना पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीता** – कनाडा की किशोरी विक्टोरिया एमबोको ने अपना स्वप्निल अभियान जारी रखते हुए फाइनल में नाओमी ओसाका को तीन सेट तक चले मुकाबले में पराजित करके नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। इस 18 वर्षीय खिलाड़ी ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ओसाका को 2-6, 6-4, 6-1 से हराकर अपना पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीता। इस जीत से वह विश्व रैंकिंग में 85वें से 25वें स्थान पर पहुंच जाएंगी। विक्टोरिया ओपन युग में यह खिताब जीतने वाली कनाडा की तीसरी खिलाड़ी बन गई हैं। उनसे पहले 1969 में फेय अर्बन और 2019 में बियांका एंड्रीस्कू ने यह उपलब्धि हासिल की थी। इस टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली विक्टोरिया को पूरे मैच के दौरान दर्शकों का भरपूर समर्थन मिला। ओसाका ने मैच प्वांइट पर जैसे ही नेट में शॉट मारा विक्टोरिया घुटनों के बल बैठ गई और दर्शक खुशी से झूमने लगे। विक्टोरिया वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली तीसरी ऐसी खिलाड़ी बन गई हैं जिन्होंने डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीता। उनसे पहले 2011 में सिनसिनाटी में मारिया शारापोवा और 2019 में इंडियन वेल्स में एंड्रीस्कू ने खिताब जीता था।

**बॉक्सिंगः**

# अंडर 19 एशियाई चैंपियनशिप में पांच पदक पक्के, पांच भारतीय मुक्केबाज सेमीफाइनल में




**बैंकॉक, एजेंसी।** भारत के पांच पुरूष मुक्केबाज भी अंडर 19 एशियाई चैम्पियनशिप में अपने-अपने भारवर्ग के मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में पहुंच गए जिससे उनका पदक पक्का हो गया है। शिवम (55 किलो ), मौसम सुहाग (65 किलो ), राहुल कुंडू (75 किलो), गौरव (85 किलो) और हेमंत सांगवान (90 किलो ) ने अंतिम चार में जगह बनाई। इससे पहले सात महिला मुक्केबाज भी सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं। अंडर 19 और अंडर 22 एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप साथ में हो रही है। भारत के अंडर 22 वर्ग में भी 13 पदक पक्के हो गए हैं। शिवम ने उजबेकिस्तान के अब्दुलअजीज अब्दुनाजारोव को 5-0 से हराया, जबकि मौसम ने किर्गीस्तान के मुखम्मद अलीमबेकोव को 3-2 से मात दी। राहुल ने दक्षिण कोरिया के ऊंजो जियोंग को हराया जब रैफरी ने मुकाबला रोक दिया। गौरव ने चीनी ताइपै के कुआंग याओ चेंग को मात दी। हेमंत ने उजबेकिस्तान के मुहम्मदरिजो सिद्दीकोव को हराया। कृष हालांकि 90 प्लस वर्ग में ईरान के अब्बास घर्शास्बी से हार गए।

**इंडिया अंडर-19 से भिड़ने के लिए**

# ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम का ऐलान, आर्यन शर्मा और यश देशमुख को मिला मौका



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडिया अंडर-19 के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए शुक्रवार (8 अगस्त) को ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के 15 सदस्यीय स्क्वाड का ऐलान हो गया। अगले महीने होने वाली भिड़ंत के लिए कंगारू टीम में भारतीय मूल के 2 खिलाड़ियों आर्यन शर्मा और यश देशमुख का चयन हुआ है। आर्यन शर्मा जहां विक्टोरिया के बल्लेबाज हैं,वहीं ऑलराउंडर यश देशमुख न्यू साउथ वेल्स के उन पांच खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें टीम में चुना गया है। इस टीम को ऑस्ट्रेलिया के पूर्व मुख्य कोच टिम नीलसन कोचिंग देंगे। इंडिया अंडर-19 और ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के बीच 3 मैचों की यूथ वनडे सीरीज 21 से 26 सितंबर के बीच ब्रिस्बेन में खेली जाएगी। 2 मैचों की यूथ टेस्ट सीरीज 30 सितंबर से 10 अक्टूबर के बीच ब्रिस्बेन और मैके में खेली जाएगी। दौरे के लिए आयुष म्हात्रे की अगुआई वाली इंडिया अंडर-19 टीम का पहले ही ऐलान हो चुका है।


साइमन बज, एलेक्स टर्नर, स्टीव होगन, विल मालजचुक, यश देशमुख, टॉम होगन, आर्यन शर्मा, जॉन जेम्स, हेडन शिलर, चार्ल्स लैचमंड, बेन गॉर्डन, विल बायरोम, केसी बार्टन, एलेक्स ली यंग, जेडन ड्रेपर।

**रिजर्व-** जेड हॉलिक, टॉम पैडिंगटन, जूलियन ओसबोर्न।

**इंडिया अंडर-19 टीम** - आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा (उपकप्तान), वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, राहुल कुमार, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), आर एस अंबरीश, कनिष्क चौहान, नमन पुष्पक, हेनिल पटेल, डी दीपेश, किशन कुमार, अनमोलजीत सिंह, खिलान पटेल, उधव मोहन, अमन चौहान।

# पाकिस्तानी क्रिकेटर हैदर अली को होगी उम्र कैद?

**गंभीर अपराध के आरोप में इंग्लैंड में गिरफ्तार**




**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान की क्रिकेट पर एक और दाग तब लग गया, जब उसके एक खिलाड़ी के इंग्लैंड में गिरफ्तार होने की खबर आई. गिरफ्तार हुए खिलाड़ी हैदर अली हैं. 24 साल के हैदर अली की जिस अपराध में गिरफ्तारी हुई है, अगर वो सही साबित होती है, तो उन्हें उम्र कैद भी हो सकती है. ऐसा इसलिए क्योंकि इंग्लैंड और वेल्स में उस अपराध के लिए कोई जगह नहीं है. उसे वहां गंभीर अपराध माना जाता है. अब आप सोच रहे होंगे कि हैदर अली ने अपराध क्या किया है? ऐसी खबर है कि गिरफ्तार पाकिस्तानी क्रिकेटर पर बलात्कार का आरोप है.

**इंग्लैंड में रेप गंभीर अपराध, उम्र कैद भी हो सकती है** – इंग्लैंड और वेल्स में बलात्कार एक गंभीर अपराध है. और, इस गंभीर क्राइम के लिए वहां सजा भी कठोर है. बलात्कार के आरोपी पर अगर दोष सिद्ध होता है तो जो सबसे बड़ी सजा वहां के कानून के हिसाब से उसे मिलती दिखेगी वो उम्र कैद की हो सकती है. ऐसे में मामलों में वहां औसतन 15 साल तक की सजा का प्रावधान है.

**23 जुलाई की घटना, हैदर अली हुए गिरफ्तार** – ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस ने बलात्कार की रिपोर्ट कन्फर्म करते हुए उसमें 24 साल के एक शख्स की गिरफ्तारी की बात कही. पुलिस ने हालांकि अपने बयान में गिरफ्तार हुए हैदर अली का नाम नहीं लिया था. पुलिस ने बताया कि रेप की ये घटना 23 जुलाई 2025 की है, जिसमें गिरफ्तारी हुई. अगली पूछताछ तक हैदर अली को जमानत पर रिहा कर दिया गया है.

### ● पीसीबी अपने लेवल पर करेगी जांच, हैदर को किया सस्पेंड

हैदर अली पर लगे रेप के आरोप की जांच मैनचेस्टर पुलिस तो कर ही रही है. इधर पीसीबी ने बताया कि वो भी अपने लेवल पर घटना की जांच करेगी. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने जांच जारी रहने तक हैदर अली को सस्पेंड कर दिया है. वो घटना की कानूनी कार्रवाई में पूरा सहयोग देगी. साथ ही हैदर अली को भी कानूनी मदद दी जाएगी.

### ● इस ग्राउंड से हुई हैदर अली की गिरफ्तारी

दाएं हाथ के बल्लेबाज हैदर अली कुछ दिनों पहले पाकिस्तान शाहीन टीम के साथ इंग्लैंड दौरे पर थे, जहां वो इंग्लैंड लायंस के खिलाफ मुकाबला खेल रहे थे. ऐसी रिपोर्ट है कि केंट काउंटी के बैकेनहेम ग्राउंड में मैच खेला जा रहा था, जब ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस आई और हैदर अली को उठाकर ले गई थी.

# हम सभी को उसका समर्थन करना चाहिए, एशिया कप टीम में इस सीनियर बल्लेबाज को चाहते हैं अकरम



**इस्लामाबाद (पाकिस्तान),** एजेंसी। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए देश के शीर्ष बल्लेबाज बाबर आजम की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में वापसी की मांग की है और टीम में एक अनुभवी खिलाड़ी की आवश्यकता पर जोर दिया है। दिसंबर 2024 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आखिरी मैच के बाद से पाकिस्तान ने बाबर को टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूप से बाहर कर दिया है। उनके औसत दर्जे के स्कोर और निराशाजनक स्ट्राइक रेट के बाद यह स्पष्ट हो गया कि बाबर अब प्रबंधन की योजनाओं में नहीं हैं।

एशिया कप के करीब आने और पाकिस्तान अभी भी इस रोमांचक टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए अपने सर्वश्रेष्ठ संयोजन की तलाश में है, ऐसे में अकरम ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से बाबर को टीम में फिर से शामिल करने का आग्रह किया है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर उनके पास अधिकार होता, तो वह यह फैसला लेते। अकरम ने एक इंटरव्यू में कहा, अगर मेरे पास अधिकार होता, तो मैं बाबर आजम को राष्ट्रीय टी20 टीम में जरूर शामिल करता। एशिया कप और फिर विश्व कप नजदीक आ रहे हैं, और हमें एक सीनियर बल्लेबाज की जरूरत है। प्रशंसकों को याद होगा कि जब उन्होंने 2019 में समरसेट के लिए खेला था, तब उन्होंने लगभग 150 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए थे। उनमें परिस्थिति के अनुसार अपनी बल्लेबाजी को ढालने की क्षमता है।

पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा कि स्विंग के सुल्तान ने परिस्थिति के अनुसार अपनी बल्लेबाजी शैली को ढालने की बाबर की क्षमता पर जोर देकर अपनी बात रखी। अकरम का मानना है कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक होने के नाते बाबर जिम्मेदारी उठा सकते हैं और बाकी टीम को अपने साथ ले जा सकते हैं। अकरम ने बाबर की वापसी की उम्मीद जताई, क्योंकि उनमें अभी भी बहुत कुछ बाकी है और विभिन्न पदों पर खेलने की उनकी बहुमुखी प्रतिभा उन्हें मुख्य कोच माइक हेसन के लिए एक अहम खिलाड़ी बनाती है।

उन्होंने कहा, जब हम 140 या 160 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रहे होते हैं, खासकर बड़ी टीमों के खिलाफ तो हमें किसी ऐसे खिलाड़ी की जरूरत होती है जो जिम्मेदारी ले सके और बाकी 10 खिलाड़ियों को अपने साथ लेकर चल सके। बाबर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक है। वह अपने खेल को प्रारूप और मैच की स्थिति के अनुसार ढाल लेता है - उसने पहले भी ऐसा किया है और भविष्य में भी कर सकता है। अकरम ने कहा, बाबर में अभी भी बहुत क्रिकेट बाकी है और वह पाकिस्तान के लिए बहुत कुछ हासिल कर सकता है। हम सभी को उसका समर्थन करना चाहिए। कोच बाबर को अपनी इच्छानुसार किसी भी स्थान पर खिला सकता है। मेरे विचार से तीसरा नंबर उसके लिए आदर्श है, लेकिन यह स्थिति पर निर्भर करेगा। अगर ज्यादा ओवर बचे हैं, तो कोई और भी पहले बल्लेबाजी के लिए उतर सकता है। एशिया कप 9 सितंबर से शुरू होगा और पाकिस्तान अपना अभियान 12 सितंबर को दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में ओमान के खिलाफ शुरू करेगा।

## मैग्नस कार्लसन बने पहले शतरंज ई–स्पोर्ट्स विश्व कप 2025 चैंपियन




**रियाद, सऊदी अरब, एजेंसी।** विश्व नंबर एक नॉर्वे के ग्रांडमास्टर मैग्नस कार्लसन (टीम लिक्विड) ने ईरान के ग्रांडमास्टर अलीरेज़ा फिरौज़जा (टीम फाल्कन्स) को फाइनल में लगातार दो सेटों में 3–1, 3–1 से हराकर पहले शतरंज ई–स्पोर्ट्स विश्व कप 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ कार्लसन ने न केवल इतिहास रच दिया बल्कि 2,50,000 डॉलर की पुरस्कार राशि और अपनी टीम के लिए 1000 अंक भी अर्जित किए। फाइनल मुकाबला टेनिस की तरह तीन सेटों का था, जिसमें प्रत्येक सेट चार बाजियों का था। अगर ज़रूरत पड़ती तो तीसरा सेट दो बाजियों का होता। कार्लसन ने पहला सेट दो जीत और दो ड्रॉ से 3–1 से जीता। दूसरा सेट फिरौज़जा ने एक जीत से शुरू किया, पर अगले तीनों बाजियाँ हारकर मैच भी गँवा दिया। तीसरे स्थान का मुकाबला-अमेरिका के ग्रांडमास्टर हिकारू नाकामुरा (टीम फाल्कन्स) ने भारत के ग्रांडमास्टर अर्जुन एरिगैसी (टीम जेन.जी) को 3.5–2.5 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। अर्जुन ने पहली बाजी में जीत दर्ज की थी, इसके बाद मुकाबला बराबरी पर चलता रहा लेकिन निर्णायक बाजी नाकामुरा ने जीतकर कांस्य पदक पर कब्जा जमाया।

## संक्षिप्त समाचार

### वोट चोरी के दावों पर राहुल गांधी के समर्थन में आए शशि थरूर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस पार्टी के साथ अपनी अनबन के चलते सुर्खियां बटोरने वाले सांसद शशि थरूर ने राहुल गांधी के वोट चोरी संबंधी दावों का समर्थन किया है। उन्होंने शुक्रवार को राहुल के दावों को लेकर कहा कि यह एक गंभीर प्रश्न है, निर्वाचन आयोग को इसका समाधान करने के लिए तत्काल ही कोई कदम उठाना चाहिए। पिछले काफी समय में यह पहली बार है, जब शशि थरूर राहुल गांधी द्वारा उठाए गए किसी सवाल या दावे के समर्थन में आए हैं। सोशल मीडिया साइट एक्स पर राहुल गांधी की प्रेस कॉन्फ्रेंस से जुड़ी एक वीडियो रिपोस्ट करते हुए थरूर ने इसका समर्थन किया। थरूर ने लिखा, यह गंभीर प्रश्न हैं, जिनका सभी दलों और सभी मतदाताओं के हित में गंभीरता से समाधान किया जाना चाहिए। हमारा लोकतंत्र इतना मूल्यवान है कि इसकी विश्वसनीयता को अक्षमता, लापरवाही या जानबूझकर छेड़छाड़ से नष्ट नहीं होने दिया जा सकता।केरल से कांग्रेस सांसद थरूर ने आगे कहा, निर्वाचन आयोग को तत्काल कदम उठाना चाहिए और आयोग के प्रवक्ता को देश को इस बारे में सूचित करते रहना चाहिए। गौरतलब है कि कल इंडिया ब्लॉक की डिनर मीटिंग के दौरान राहुल गांधी ने अपने आवास पर वोट चोरी से जुड़ी एक प्रजेंटेशन दी थी। इससे पहले उन्होंने दावा किया था कि कर्नाटक की महादेवपुरा विधानसभा में 1 लाख से ज्यादा वोटों की चोरी की गई है। उन्होंने चुनाव आयोग से सीधा सवाल करते हुए कहा कि वह भाजपा के साथ मिला हुआ नहीं है तो वह इस बात को साबित करे। राहुल ने महादेव पुरा सीट का हवाला देते हुए कहा कि हमारी तरफ से बार-बार वोटरों का इलेक्ट्रॉनिक डेटा मांगे जाने के बाद भी चुनाव आयोग उसे उपलब्ध कराने में असमर्थ रहा है न ही हमें सीसीटीवी फुटेज दिए जा रहे हैं। इन बातों से स्पष्ट है कि दाल में कुछ काला जरूर है।

### आनंद विहार टर्मिनल पर बनेंगे 4 नए प्लैटफॉर्म, स्टेशन के बाहर भी किए जा रहे बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के प्रमुख रेलवे स्टेशनों में शामिल आनंद विहार टर्मिनल को आगामी कुछ महीनों में चार नए प्लैटफॉर्म मिल जाएंगे। इनमें से दो प्लैटफॉर्म (8 और 9) को तैयार करने का कार्य तेजी से चल रहा है। इस वर्ष के अंत तक यहां से रेलगाड़ियों का परिचालन भी शुरू हो जाएगा। वहीं, दो अन्य प्लैटफॉर्म बनाने के लिए आनंद विहार हॉल्ट के दूसरी तरफ जमीन चिह्नित कर ली गई है। यहां अगले कुछ समय में नए प्लैटफॉर्म बनाने का काम शुरू हो जाएगा। इसके बाद आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर प्लैटफॉर्मों की संख्या 7 से बढ़कर 11 हो जाएगी। इसके अलावा स्टेशन के बाहर भी कई बदलाव किए जा रहे हैं। दिल्ली से यूपी-बिहार के लिए चलने वाली अधिकांश रेलगाड़ियों का परिचालन आनंद विहार रेलवे टर्मिनल से किया जाता है। यह एक बड़ा ट्रांसपोर्ट हब बन चुका है। यहां पर दिल्ली मेट्रो, बसअड्डा, नमो भारत, ऑटो-टैक्सी आदि परिवहन सुविधा उपलब्ध है। यहां से न केवल दिल्ली, बल्कि गाजियाबाद और नोएडा के भी लाखों लोग प्रत्येक माह सफर करते हैं। अधिकारियों का मानना है कि आनंद विहार रेलवे टर्मिनल पर आने वाले दिनों में रेलगाड़ियों की संख्या बढ़ानी होगी और इसके लिए उसकी क्षमता का विस्तार करना होगा। अफसरों के मुताबिक, आनंद विहार टर्मिनल पर प्लैटफॉर्म संख्या 10 और 11 को तैयार होने में लगभग एक साल का समय लग सकता है। फिलहाल जगह चिह्नित कर इसके लिए योजना तैयार कर ली गई है। यहां पहले जगह को खाली कर मैदान बनाया जाएगा और इसके बाद प्लैटफॉर्म बनाने का काम शुरू होगा। रेलवे अधिकारियों द्वारा स्टेशन के बाहर जाम की समस्या से निपटने के लिए भी कई बदलाव किए जा रहे हैं। यहां नाले पर एक अतिरिक्त पुल बनाकर स्टेशन से बाहर निकलने के लिए दूसरा रास्ता बनाया जाएगा। मेट्रो से स्टेशन तक आने के लिए इस्तेमाल होने वाले एफओबी की चौड़ाई को दोगुना किया जाएगा।

# दिल्ली में उफान मार रही यमुना

### खतरे वाली सीमा पार बाढ़ का डर



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर अब खतरे के निशान को पार कर गया गया है। लोहे के पुल के पास आज यमुना के जलस्तर में लगातार इजाफा देखा जा रहा है। आज दोपहर यमुना का जलस्तर 205.33 मीटर को पार कर गया। राजधानी में संभावित बाढ़ जैसे हालात से निपटने सभी संबंधित एजेंसियां अलर्ट पर हैं। बता दें कि, दिल्ली के लिए चेतावनी चिह्न 204.5 मीटर है, जबकि खतरे का निशान 205.33 मीटर है और निकासी 206 मीटर पर शुरू होती है। पुराना रेलवे पुल नदी के प्रवाह और संभावित बाढ़ के खतरों पर नजर रखने के लिए एक प्रमुख अवलोकन बिंदु के रूप में काम करता है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार सुबह 8 बजे यमुना का जलस्तर 205.10 मीटर तक पहुंच गया था, जो पुराने रेलवे पुल पर खतरे के निशान 205.33 मीटर से बस कुछ ही दूर है। एक दिन पहले, जलस्तर 204.88 मीटर दर्ज किया गया था, जो 204.50 मीटर के चेतावनी स्तर को पार कर गया था। उसके बाद से जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। अधिकारियों के अनुसार, संभावित बाढ़ जैसी स्थिति से निपटने के लिए एहतियाती कदम उठाने को सभी संबंधित एजेंसियों को अलर्ट जारी कर दिया गया है। नदी के किनारों पर घोषणाएं की जा रही हैं। डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट ईस्ट के ऑफिस से जारी बाढ़ नियंत्रण बुलेटिन में बताया गया है, शुक्रवार सुबह 8 बजे हथनीकुंड बैराज पर पानी का डिस्चार्ज 24,613 क्यूसेक और वजीराबाद बैराज पर 46,290 क्यूसेक दर्ज किया गया। सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के अनुसार, निचले इलाकों में रहने वाले लगभग 12,000 निवासियों को अलर्ट किया जा रहा है और संबंधित एसडीएम हालात पर सक्रिय रूप से नजर बनाए हुए हैं। अधिकारी ने कहा, यदि आवश्यक होगा तो लोगों को सुरक्षित क्षेत्रों में शिफ्ट करने की योजनाएं तैयार हैं। गौरतलब है कि हथिनीकुंड बैराज से छोड़े गए पानी को दिल्ली पहुंचने में आमतौर पर 48 से 50 घंटे लगते हैं। 2023 में यमुना का जलस्तर अभूतपूर्व रूप से 208.66 मीटर तक पहुंच गया था। केंद्रीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष के एक अधिकारी ने कहा कि जलस्तर में वृद्धि का मुख्य कारण हथिनीकुंड बैराज से हर घंटे बड़ी मात्रा में पानी छोड़ा जाना है। सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के मंत्री प्रवेश वर्मा ने गुरुवार को इंद्रप्रस्थ एस्टेट के नजदीक निरीक्षण के बाद कहा, ''यमुना का जलस्तर आमतौर पर इस समय बढ़ जाता है। विभाग पूरी तरह अलर्ट और एक्टिव है। इस बार महत्वपूर्ण अंतर यह है कि आईटीओ बैराज के सभी गेट खुले हैं। 2023 के विपरीत, कोई भी गेट बंद नहीं है, इसलिए पानी का प्रवाह निर्बाध बना हुआ है। स्थिति पूरी तरह कंट्रोल में है।''

## झारखंड शिक्षा मंत्री की हालत गंभीर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की हालत दिल्ली के एक अस्पताल में अब भी नाजुक बनी हुई है। अस्पताल सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पिछले सप्ताह गिरने के कारण मस्तिष्क में गंभीर चोट आने के बाद उन्हें अस्पताल में जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया है। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन को इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। अस्पताल द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, वरिष्ठ चिकित्सकों की एक टीम सोरेन के स्वास्थ्य की निगरानी कर रही है। उन्हें शनिवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में उनकी हालत अब नाजुक बनी हुई है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता 62 वर्षीय सोरेन को जमशेदपुर स्थित अपने आवास के शौचालय में गिरने के कारण मस्तिष्क में गंभीर चोट लगने के बाद शनिवार को हवाई जहाज से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली लाया गया था। अस्पताल ने बयान में कहा कि सोरेन को लगातार निगरानी में और जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया है। उनकी हालत लगातार नाजुक बनी हुई है। इस दौरान उनके स्वास्थ्य को लेकर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

## राज्यसभा सांसद कमल हासन ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तमिलनाडु के राज्यसभा सांसद और अभिनेता-राजनेता कमल हासन ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। सांसद बनने के बाद यह उनकी पहली मुलाकात थी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बातचीत का विवरण साझा करते हुए, कमल हासन ने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री से मिलने का सौभाग्य मिला और उन्होंने इस अवसर का उपयोग तमिलनाडु के लोगों की ओर से प्रमुख चिंताओं को प्रस्तुत करने के लिए किया।

कमल हासन ने लिखा कि आज मुझे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। तमिलनाडु की जनता के प्रतिनिधि और एक कलाकार के रूप में, मैंने उनके समक्ष कुछ अनुरोध रखे, जिनमें सबसे प्रमुख था कीलाडी की प्राचीनता को मान्यता दिलाने में तेज़ी लाने का अनुरोध है। मैंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि वे तमिल सभ्यता की भव्यता और तमिल भाषा के शाश्वत गौरव को दुनिया के सामने लाने में तमिल लोगों का सहयोग करें।हासन ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री से तमिल सभ्यता की भव्यता और तमिल भाषा की शाश्वत विरासत की ओर वैश्विक ध्यान आकर्षित करने में पूर्ण सहयोग देने का आग्रह किया। सांकेतिक रूप से, सांसद ने प्रधानमंत्री मोदी को कीझाड़ी थीम पर आधारित एक स्मृति चिन्ह भी भेंट किया, जिसमें कीलाड़ी उत्खनन के सांस्कृतिक और पुरातात्विक महत्व को रेखांकित किया गया - एक प्राचीन स्थल जिसके बारे में माना जाता है कि वह वैगई नदी के किनारे संगम युग से चली आ रही एक शहरी सभ्यता के पुख्ता प्रमाण प्रस्तुत करता है। हालाँकि, कीझाड़ी उत्खनन को लेकर केंद्र और द्रमुक के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के बीच टकराव चल रहा है।



## सूट-सलवार पहना था तो दिल्ली के रेस्टोरेंट में घुसने नहीं दिया ! ऐक्शन में सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सूट-सलवार में हैं तो रेस्टोरेंट में एंट्री नहीं मिलेगी ! दिल्ली में एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है। एक कपल का आरोप है कि सूट-सलवार और पैंट टीशर्ट में होने की वजह से उन्हें पीतमपुरा के एक रेस्टोरेंट में घुसने से रोक दिया गया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद दिल्ली सरकार ने घटना का संज्ञान लिया और जांच का आदेश दिया है।

दिल्ली के कानून और संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा ने एक्स पर कहा कि यह अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने घटना की जांच का आदेश दिया है। उन्होंने कहा, दिल्ली में यह अस्वीकार्य है। पीतमपुरा के एक रेस्टोरेंट में भारतीय परिधानों पर रोक का वीडियो सामने आया है। यह अस्वीकार्य है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी ने घटना का गंभीरता से संज्ञान लिया है। अधिकारियों को इस घटना की जांच और तुरंत कार्यवाही का निर्देश दिया गया है।

एक्स पर वायरल हो रहे वीडियो में एक कपल रेस्टोरेंट के बाहर खड़े होकर बता रहा है कि 3 अगस्त को उनके साथ यह घटना हुई थी। कपल का कहना है कि उनके कपड़ों की वजह से उन्हें रेस्टोरेंट में जाने नहीं दिया गया और अपमानित किया गया। उन्होंने दावा किया कि रेस्टोरेंट में सिर्फ छोटे कपड़े पहने लोगों को प्रवेश दिया जा रहा था और उनसे कहा गया कि एथनिक ड्रेस में जाने की अनुमति नहीं है।

रेस्टोरेंट के बाहर जब कपल यह आरोप लगा रहा था तो कोई शख्स इसका वीडियो बनाते हुए कहता है इस तरह के रेस्टोरेंट पर रोक लगनी चाहिए जहां सिर्फ छोटे कपड़ों में जाने की अनुमति दी जाती है। वीडियो में सवाल उठाया गया है कि राष्ट्रपति और दिल्ली की मुख्यमंत्री अभी महिला हैं, क्या वो आएंगी तो उन्हें एंट्री नहीं दी जाएगी।

## हुमा कुरैशी के भाई के मर्डर में हिंदू-मुस्लिम एंगल? पत्नी के दावे पर दिल्ली पुलिस ने क्या बताया

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के भोगल इलाके में एक मामूली पार्किंग विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी के चचेरे भाई आसिफ कुरैशी की जान चली गई। इस घटना के बाद खबरें आई कि मर्डर के पीछे सांप्रदायिक वजह थी। लेकिन दिल्ली पुलिस ने इस हत्याकांड को पड़ोसियों के बीच निजी विवाद का नतीजा बताया है और सांप्रदायिक दावों को सिरे से खारिज कर दिया है।

7 अगस्त की रात करीब 10:30 बजे, भोगल, जंगपुरा निवासी 42 वर्षीय आसिफ कुरैशी का पड़ोसियों के साथ पार्किंग को लेकर झगड़ा हो गया। दरअसल, पड़ोसी उज्ज्वल ने अपनी स्कूटी आसिफ के घर के सामने खड़ी कर दी थी, जिसका आसिफ ने विरोध किया। बात इतनी बढ़ गई कि उज्ज्वल का भाई गौतम भी वहां आ गया। गुस्से में आकर दोनों भाइयों में से एक ने आसिफ पर धारदार हथियार (पोकर) से हमला कर दिया। इस हमले में आसिफ की छाती पर गंभीर चोट लगी, जिसके बाद वह बेहोश हो गए। उन्हें तुरंत नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट, ईस्ट ऑफ कैलाश ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों, 19 वर्षीय उज्ज्वल और 18 वर्षीय गौतम, को गिरफ्तार कर लिया। हत्या में इस्तेमाल हथियार भी



बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1)/3(5) के तहत स्न्रढ्ढक्र नंबर 233/25 दर्ज की है।

दिल्ली पुलिस के डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस साउथ ईस्ट, हेमंत तिवारी ने साफ किया कि यह मामला पूरी तरह से दो पड़ोसियों के बीच का विवाद है। उन्होंने कहा, हमें रात 11:35 बजे नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट से पीसीआर कॉल मिली थी, जिसमें बताया गया कि 45 वर्षीय मोहम्मद आसिफ कुरैशी को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया।

आसिफ की पत्नी शाइना ने इस घटना को सुनियोजित हत्या करार दिया और सांप्रदायिक एंगल का दावा किया। उनका कहना है कि आसिफ मुस्लिम थे, जबकि आसपास के ज्यादातर निवासी हिंदू हैं। शाइना ने आरोप लगाया कि आरोपियों को आसिफ का हिंदू पड़ोसियों से दोस्ताना व्यवहार पसंद नहीं था। उन्होंने कहा, वे लोग आसिफ को लेकर जलते थे कि वह हिंदुओं से इतनी अच्छी तरह क्यों बात करता है। यही उनका असली मसला था।

शाइना ने यह भी दावा किया कि आरोपियों में से छोटे भाई का आपराधिक रिकॉर्ड है और वह नशे व चोरी जैसी गतिविधियों में लिप्त है। उन्होंने आगे कहा, यह हमला जानबूझकर किया गया। अगर झगड़ा था, तो बात कहकर खत्म की जा सकती थी। उनकी बहन भी हमें और आसिफ को गालियां दे रही थी। वह अपने भाइयों को उकसा रही थी और चिल्ला रही थी, मारो, मारो। यह पूरी तरह से एक सुनियोजित हत्या थी।

आसिफ कुरैशी, जिनके पिता का नाम इलियास कुरैशी है, दिल्ली के भोगल इलाके में एक कसाई की दुकान चलाते थे। वह बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी के रिश्तेदार थे, जिसके चलते इस मामले ने और ज्यादा सुर्खियां बटोरीं। उनकी हत्या ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया।

## अमेरिका ने फिर अलापा पुराना राग, विदेश मंत्री बोले- भारत-पाकिस्तान संघर्ष में हम सीधे तौर पर शामिल हुए

**वॉशिंगटन , एजेंसी।**
अमेरिका का ट्रंप प्रशासन कई बार दावा कर चुका है कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने में उनकी भूमिका है। हालांकि भारत सरकार की तरफ से इस दावे को खारिज कर दिया गया लेकिन फिर भी बार-बार राष्ट्रपति ट्रंप और उनके प्रशासन के मंत्री वही दावा कर रहे हैं। अब एक बार फिर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि जब भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष हुआ तो अमेरिका उसमें सीधे तौर पर शामिल हुआ था और राष्ट्रपति ट्रंप दोनों परमाणु संपन्न देशों के बीच शांति स्थापित करने में सफल रहे।

ट्रंप कई बार कर चुके हैं ऐसा दावा

10 मई को भारत-पाकिस्तान में



संघर्ष विराम के बाद से राष्ट्रपति ट्रंप 30 से ज्यादा बार दोनों देशों में संघर्ष विराम कराने का दावा कर चुके हैं। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के समाधान में मदद की और दोनों देशों से कहा कि अगर वे संघर्ष रोक दें तो अमेरिका उनके साथ व्यापार बढ़ाएगा। हालांकि भारत लगातार यह कहता रहा है कि पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम पर सहमति दोनों सेनाओं के सैन्य अभियान महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच सीधी बातचीत के बाद बनी थी।

**रुबियो ने ट्रंप को बताया शांति के राष्ट्रपतित्न** अब अमेरिका के रुबियो ने गुरुवार को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि ट्रंप शांति के लिए प्रतिबद्ध हैं और वे शांति के राष्ट्रपति हैं और इसलिए, जब भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष हुआ, तो हमने सीधे तौर पर इसमें भाग लिया और राष्ट्रपति ट्रंप शांति स्थापित करने में सफल रहे। इसके साथ ही रुबियो ने अन्य संघर्षों का भी जिक्र किया, जिनके बारे में उन्होंने कहा कि ट्रंप ने उन्हें सुलझाने में मदद की।

**कई अन्य संघर्षों का भी दिया हवाला:** रुबियो ने कहा, हाल ही में कंबोडिया और थाईलैंड, अजरबैजान और आर्मेनिया, उम्मीद है कि कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य-रवांडा के बीच भी संघर्ष विराम हो सकता है। रुबियो ने कहा कि कांगो और रवांडा के संघर्ष में बीते 30 वर्षों में करीब 70 लाख लोग मारे गए। उन्होंने कहा कि अमेरिका को इन प्रयासों पर गर्व है और हम और भी ऐसे प्रयासों की उम्मीद कर रहे हैं। रुबियो ने रूस और यूक्रेन के भी युद्धविराम कराने की उम्मीद जताई। रुबियो ने कहा, हम युद्धों को रोकने और उन्हें समाप्त करने में काफी समय लगाते हैं।

## वॉलमार्ट, अमेजन समेत कई कंपनियों ने होल्ड कर दिए भारत के ऑर्डर; ट्रंप टैरिफ का दिखा असर




**वाशिंगटन एजेंसी।**
अमेरिका द्वारा भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के बाद अब वॉलमार्ट, अमेजन, टारगेट और गैप सहित प्रमुख अमेरिकी खुदरा विक्रेताओं ने भारत से आने वाले ऑर्डर होल्ड कर दिए हैं। इंडियन एक्सपोर्टर्स को इस बात का डर पहले से ही सता रहा था कि टैरिफ के बढ़ने से उनके ऑर्डर प्रभावित हो सकते हैं।

एनडीटीवी ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि भारतीय एक्सपोर्टर्स को अमेरिकी खरीदारों की तरफ से लेटर और ईमेल मिले हैं, जिसमें कहा गया है कि भारतीय निर्यातक अगली सूचना तक कपड़ों की शिपमेंट रोक दें।

दरअसल अमेरिकी कंपनियां चाहती हैं कि टैरिफ से बढ़ी हुई लागत का भार भारतीय निर्यातक वहन करें। टैरिफ से अमेरिकी में बिकने वाले सामानों की लागत 30 से 35 फीसदी बढ़ने की संभावना है। भारत के वेलस्पन लिविंग, गोकलदास एक्सपोर्ट्स, इंडो काउंट और ट्राइडेंट जैसे प्रमुख निर्यातक हैं, जो अमेरिकी में 40 से 70 फीसदी तक बिक्री करते हैं। माना जा रहा है कि अब अमेरिका जाने वाले ऑर्डर के होल्ड होने से व्यापार में 40 से 50 फीसदी गिरावट दर्ज की जा सकती है। दरअसल भारत से सबसे ज्यादा मात्रा में कपड़े अमेरिका को एक्सपोर्ट किए जाते हैं। लेकिन टैरिफ से भारत का ऑर्डर बांग्लादेश और वियतनाम को मिल सकता है।

डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है, जबकि बांग्लादेश और वियतनाम पर यह महज 20 फीसदी है। भारत ने ट्रंप के इस फैसले को अतार्किक बताते हुए विरोध किया था, जबकि ट्रंप इस पर अड़े हुए हैं। ट्रेड डील होने तक इस समस्या के सुलझने के आसार फिलहाल तो दिखाई नहीं देते।

## अमेरिकी एफ-35 को फिर झटका: भारत के बाद स्पेन ने ठुकराया अमेरिका का एफ-35 प्लेन

**वाशिंगटन एजेंसी।**
अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी भरी नीति एक बार फिर उल्टी साबित हुई है। स्पेन ने 50 अमेरिकी एफ-35 फाइटर जेट खरीदने की योजना को खारिज कर दिया है और इसके बजाय क10.5 अरब यूरो (करीब 94 हजार करोड़ रुपये) की लागत से यूरोप में बनी फ्यूचर कॉम्बैट एयर सिस्टम पर भरोसा जताया है।

ट्रंप द्वारा नाटो देशों पर लगातार दबाव और धमकियों के बावजूद, स्पेन ने दिखा दिया कि वह किसी दबाव में नहीं आने वाला। यूरोपीय रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में यह एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है।

ट्रंप चाहते थे कि नाटो सदस्य देश अमेरिकी रक्षा उत्पादों पर निर्भर रहें। लेकिन उनकी पॉलिसी अब यूरोप को और ज्यादा एकजुट कर रही है। स्पेन का यह निर्णय केवल एक रक्षा डील नहीं, बल्कि यूरोपीय रणनीतिक संप्रभुता का ऐलान भी है। एफ-35 कार्यक्रम की सबसे बड़ी समस्याएं÷ सॉफ्टवेयर में



देरी और खामियां एक ब्रिटिश एफ-35क्च भारत में हाइड्रॉलिक फेल्योर के कारण 37 दिन तक जमीन पर पड़ा रहा, जिसे स्थानीय मीडिया ने ÷मानसून में फंसा स्टील्थ जेट÷ कहा। एक अमेरिकी एफ-35ष्ट कैलिफोर्निया में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसके अलावा, एफ-35 पूरी तरह से अमेरिका पर निर्भर है - सॉफ्टवेयर अपडेट, डेटा लोड, मेंटेनेंस, और स्पेयर पार्ट्स तक सब कुछ अमेरिकी नियंत्रण में है। इससे विदेशी ऑपरेटर्स को ऑपरेशनल स्वतंत्रता नहीं मिलती। 25 नए यूरोफाइटर जेट खरीदेगा (2026-2030 तक डिलीवरी) कुल 115 यूरोफाइटर का लक्ष्य एफसीएएस के तहत छठी पीढ़ी का फाइटर जेट 2040 तक विकसित करने की योजना स्पेन का फैसला यूरोपीय उद्योग और स्वायत्तता को प्राथमिकता देता है। एफ-35 को लेकर अन्य देशों में भी पुनर्विचार 16 एफ-35 खरीदे गए हैं, लेकिन बाकी डील की समीक्षा हो रही है। लागत, ट्रंप के टैरिफ, और सार्वजनिक दबाव मुख्य वजहें।

**स्विट्ज़रलैंड:** 36 एफ-35 ऑर्डर किए, लेकिन अब राजनीतिक विरोध बढ़ रहा है।
अमेरिकी प्रभाव और न्यूट्रल नीति पर बहस।
**भारत:** अमेरिका ने 2025 की शुरुआत में एफ-35 की पेशकश की थी, जिसे भारत ने ठुकरा दिया।
इसके बजाय रूसी एसयू-57 और देशी फाइटर विकास पर ध्यान।
**मुख्य संदेश:** एफ-35 सिर्फ एक फाइटर जेट नहीं है - यह एक कंप्यूटर है जिसे अमेरिका ऑपरेट करता है।
और जब कोई देश अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए किसी और की अनुमति का इंतजार करता है, तो वह रणनीतिक रूप से कमजोर हो जाता है।
**स्पेन का फैसला** - और अन्य देशों की सोच - दिखाता है कि अब अमेरिका पर आँख मूंदकर भरोसा करने का दौर खत्म हो रहा है। यूरोप अब अपनी शर्तों पर अपनी रक्षा करना चाहता है।

# सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आए फरियादियों की उपायुक्त ने सुनी समस्याएं, कई शिकायतों का मौके पर समाधान

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त अजय नाथ झा ने शुक्रवार को साप्ताहिक जनता दरबार लगाकर आमजनों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए फरियादियों ने व्यक्तिगत, सामाजिक एवं प्रशासनिक मुद्दे सामने आए। जनता दरबार में जमीन पर अवैध कब्जा, अबुआ आवास योजना, मईया सम्मान की राशि भुगतान नहीं से संबंधित मामले, पेंशन, लंबित मानदेय का भुगतान, अंचल कार्यालय से संबंधित मामले, दाखिल खारिज, भूमि अतिक्रमण, जमीन पर अवैध कब्जा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सिविल सर्जन कार्यालय, डीसीएलआर चास, जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं अन्य मामले की समस्या से संबंधित मामले आए, जिसमें उपायुक्त अजय नाथ झा ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया की जनता दरबार में मिले आवेदनों की प्राथमिकता के आधार पर जांच कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक शिकायत पर समयबद्ध कार्रवाई होनी चाहिए और शिकायतकर्ता को इसकी जानकारी भी दी जाए। जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग 60 से ज्यादा लोगों ने अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को मामलों के निष्पादन हेतु त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी आवेदनों को संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया। मौके पर निदेशक डीपीएलआर मेनका, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा पीयूष कुमार, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।





# स्कूल अस्पताल एवं सरकारी कार्यालय के आसपास तम्बाकू की बिक्री प्रतिबन्धित : सिविल सर्जन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त के आदेशानुसार सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद के निर्देशन एवं चास थाना प्रभारी के सहयोग से तम्बाकू उत्पाद अधिनियम-2003 की धारा 4, व 6ए, 6बी, 6सी के तहत विशेष जांच अभियान चलाया, जिसमें जिला छापामारी दल के सदस्य मो असलम के द्वारा चास थाना क्षेत्र के आई0टी0आई मोड़, प्रखण्ड कार्यालय एरिया, धर्मशाला मोड, तेलीडीह मोड, चास चेकपोस्ट एवं स्कूल व अस्पताल के आसपास के कुल 87 दुकानों की जांच की गई, जिसमें 19 दुकानों/व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून उल्लघंग करते हुये पाया गया जिनसे अर्थदण्ड के रूप में कुल 8600 रुपए की वसूली की गई। जिला परामर्शी मो असलम ने बताया कि कोटपा संशोधन अधिनियम 2021 तहत कोटपा कानून व अर्थदण्ड में बदलाव किया गया है जो निम्न है।

1. धारा-4 - सार्वजनिक स्थान पर धुम्रपान पर प्रतिबंध। उल्लंघनकर्ता को 1000 (एक हजार रुपए) तक का जुर्माना।
2. धारा-4ए - हुक्काबार पर पूर्ण प्रतिबंध। उल्लंघनकर्ता को 3 वर्ष तक का कारावास जोकि 1 वर्ष से कम नही होगी तथा एक लाख रुपए तक का जुर्माना जोकि पचास हजार रुपए से कम नही होगी।
3. धारा-5 - सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पादों के विज्ञापन पर प्रतिबंध। प्रथम अपराध की दशा में 2 वर्ष तक का कारावास या एक हजार रुपए तक का जुमार्ना अथवा दोनो। द्वितीय अपराध की दशा में 5 वर्ष तक का कारावास या पांच हजार रुपए तक का जुमार्ना अथवा दोनो।
4. धारा-6ए - 21 वर्ष से कम आयु के अवयस्को को तम्बाकू पदार्थ बेचने पर प्रतिबंध। उल्लंघनकर्ता को एक हजार रुपए तक का जुर्माना।
5. धारा-6बी - शैक्षणिक संस्थान, अस्पताल एवं सरकारी कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में सिगरेट या अन्य तम्बाकू उत्पादों के विक्रय पर प्रतिबंध। उल्लंघनकर्ता को एक हजार रुपए तक का जुर्माना।
6. धारा-6सी खुला सिगरेट बेचने पर प्रतिबंध। उल्लंघनकर्ता को एक हजार रुपए तक का जुर्माना।
7. धारा-7 - बिना विशिष्ट स्वास्थ्य चेतावनियों के सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध। (उत्पादक/विनिमार्ता को) प्रथम अपराध की दशा में 2 वर्ष तक का कारावास या 5000 (पांच हजार रुपए) तक का जुमार्ना अथवा दोनो। द्वितीय अपराध की दशा में 5 वर्ष तक का कारावास एवं 10000 (दस हजार रुपए) तक का जुमार्ना। (विक्रेता/वितरक) प्रथम अपराध की दशा में 1 वर्ष तक का कारावास या 1000.(एक हजार रुपए) तक का जुमार्ना अथवा दोनो। द्वितीय अपराध की दशा में 2 वर्ष तक का कारावास एवं 3000 (तीन हजार रुपए) तक का जुर्माना।

सभी दुकानदार से अनुरोध है कि उक्त कोटपा कानून का अनुपालन अवश्य करें साथ ही तम्बाकू उत्पाद के प्रचार प्रसार से सम्बन्धित कोई भी पोस्टर, बैनर, टैग अपने दुकानों के सामने न लगायें क्योकि तम्बाकू उत्पाद का प्रचार प्रसार प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से करना कोटपा 2003 की धारा 5 का उल्लंघन है। मौके पर स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम मो असलम व चास थाना के एस0आई0 के साथ छापामारी दस्ता उपस्थित थे।



## संक्षिप्त समाचार

### रंग बिरंगी राखियों से सजीं दुकानें

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आज सावन पूर्णिमा है। इस दिन रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाता है। रक्षाबंधन को लेकर बोकारो में रंग बिरंगी फैशन वाली राखियों की बिक्री हो रही है। बहने अपने भाइयों की कलाई में राखी बांधने को लेकर राखी की खरीदारी कर रही है। दुकानदार ऑनलाइन खरीदारी को लेकर परेशान नजर आ रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि ऑनलाइन बिक्री इस बार राखी की अधिक हुई है ।जिस कारण दुकान में राखी पूरी तरह से बचा हुआ है। पहले की तरह भीड़ भी नहीं देखी जा रही है। सोने की दुकानों में चांदी के बने राखियों की मांग अधिक देखी जा रही है। मुंबई से बने चांदी के राखी लोगों की पसंद बनी हुई है। दुकानदारों का कहना है कि जिन बहनों के भाई बॉर्डर में है, वह अगर चांदी की राखी खरीदनी है तो उन पर विशेष छूट भी दी जा रही है। वही रखी खरीदने आई महिलाओं का कहना है कि भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व रक्षाबंधन होता है जिसका इंतजार हम लोग करते हैं। हम लोग अपने मायके भाइयों को राखी बांधने भी जाते हैं। हम लोग चाहते हैं कि भाई हमारा हमेशा आगे बढ़े और जो भाई बॉर्डर में हमारी रक्षा में तैनात है। उनके लिए भी हम लोग कामना करते हैं। क्योंकि उन्हें के बदौलत आज हम लोग सुरक्षित जिंदगी जी रहे हैं।



### भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी व जिला यक्ष्मा विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शुक्रवार को भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद एवं जिला यक्ष्मा विभाग धनबाद द्वारा लॉ कालेज दामोदर पुर धनबाद में जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें कालेज के प्राचार्य डाक्टर कमल किशोर एवं जीतेन्द्र कुमार राय, डाक्टर अमरेश चौधरी, श्रद्धा श्रीवास्तव ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। साथ ही साथ अपने विचार व्यक्त किए । इस कार्यक्रम में भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद से चेयरमैन कौशलेंद्र कुमार सिंह, कार्यकारिणी सदस्य सह चेयरमैन सलाहकार कुमार मधुरेन्द्र सिंह एवं आजीवन सदस्य सह वरीय यक्ष्मा प्रयोगशाला पर्यवेक्षक वीरचंद ठाकुर यक्ष्मा से संबंधित विषय पर सभी को जागरूक किया एवं उसके बचाव एवं जागरूकता हेतु विस्तार से अपनी बातों को सभी छात्रों एवं छात्राओं के बीच रखी। छात्र छात्राओं ने भी गंभीरता व उत्सुकता से सवाल पूछे। कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र,-छात्राओं की संख्या करीब 120 थी।



### बरोरा थाना में पुलिस जन सहयोग समिति की बैठक

**बरोरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बरोरा थाना परिसर में पुलिस जन सहयोग समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानेदार साधन कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी 14 अगस्त को थाना परिसर में निःशुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन करने के साथ ही स्वतंत्रता दिवस पर जेपीएससी परीक्षा में सफल हुए क्षेत्र के मेधावी छात्रों को सम्मानित करने का भी निर्णय लिया गया है।इसके अलावा सड़क सुरक्षा जागरूकता को लेकर विशेष अभियान चलाने और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की योजना भी बनाई गई, ताकि आम जनता में यातायात नियमों के प्रति सजगता लाई जा सके। रक्तदान में जागरूकता लाने वाले समिति सदस्य डा सौरभ को याद करते हुए सराहना की गई। मौके पर समिति के सचिव मिथिलेश कुमार, जे के झा,रविन्द्र पाण्डेय, डा मुकेश कुमार राय,राजेश राम, डा टी टी सिंह,गौतम मंडल, गोपाल सिंह,वीणा देवी,महेंद्र सिंह, बिनय पांडेय, दयाल महतो, देवानंद राजभर,शशि यादव,छोटन रवानी, गोकुल रवानी, नागेश्वर सिंह , बलिराम चौहान, बाटुल महतो, गौतम सिंह, भीमलाल रवानी, प्रदीप रवानी,सुधीर चौहान आदि उपस्थित थे ।



### पुटकी में अंचल स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। अंचल स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक पुटकी के अंचल अधिकारी विकास आनंद की अध्यक्षता में पी.बी. एरिया स्थित गेस्ट हाउस सम्पन्न हुई। बीसीसीएल के महाप्रबंधक व पदाधिकारी, सीआईएसएफ के पदाधिकारी, थाना व ओ.पी प्रभारी अंचल स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक में शामिल हुए। इसमें कोयला, बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण की रोकथाम पर विस्तृत चर्चा की गई। वहीं अंचल अधिकारी ने बीसीसीएल के पदाधिकारियों को छोड़ दी गई माइंस को सही तरीके से बंद करने, अवैध खनन के हॉट स्पॉट की ड्रोन से नियमित निगरानी करने, अवैध मुहाने की भराई करने का निदेश दिया। साथ ही पुलिस पदाधिकारियों को अवैध खनन की सूचना मिलते ही त्वरित करवाई व एफआईआर दर्ज करने, कोयला परिवहन मार्गों पर वाहनों की सघन जांच करने का निर्देश दिया।

# संस्कार भारती बोकारो जिला इकाई द्वारा गुरु सम्मान समारोह का आयोजन

## संगीतज्ञ नरेश कुमार सिन्हा, पं श्याम गोस्वामी व अमरजीत सिन्हा हुए सम्मानित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संस्कार भारती, बोकारो जिला इकाई द्वारा सेक्टर 1 स्थित श्रीराम मंदिर में वार्षिक गुरु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संस्कार भारती बोकारो जिला इकाई के महामंत्री स्वरुप शेखर पांडेय ने स्वागत भाषण में संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्था द्वारा हर वर्ष गुरु सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम की शुरूआत संस्कार भारती, बोकारो जिला के अध्यक्ष अमर जी सिन्हा, साहित्य प्रमुख अरुण पाठक, नृत्य प्रमुख रजनी पाढ़ी व अन्य सदस्यों द्वारा संस्कार भारती के ध्येय गीत साधयति संस्कार भारती भारते नवजीवनम् के समवेत गायन से हुई। तबले पर रेवंत पाढ़ी ने संगति की। आदित्य कुमार ने राम सिया राम व सत्यम् शिवम् सुन्दरम्... गीत की सुमधुर प्रस्तुति की। आरआर नृत्यशाला के विद्यार्थियों रेवंत पाढ़ी, दीपिका कुमारी, अरण्या श्री, अनुषा घोष, जिज्ञासा राउत, परी कुमारी व ऋषभ चौबे ने गुरु श्लोक व पुष्पांजली पर आधारित भरतनाट्यम नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति से सभी को आनंदित किया। संक्षिप्त सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बाद गुरु सम्मान कार्यक्रम हुआ। बोकारो के प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक व संगीत गुरु नरेश कुमार सिन्हा, पं. श्याम गोस्वामी व अमर जी सिन्हा को संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए संस्कार भारती द्वारा गुरु सम्मान से सम्मानित किया गया। संस्कार भारती की ओर से संस्था के संरक्षक व वरीय भाजपा नेता इंदु शेखर मिश्रा, श्रीराम मंदिर के वरीय पुजारी पं. शिवजी शास्त्री एवं जाने माने गायक व संस्कार भारती के साहित्य प्रमुख अरुण पाठक ने शॉल व सम्मान पत्र भेंट कर गुरुओं को सम्मानित किया। श्री मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु को बहुत ऊंचा स्थान प्राप्त है। व्यक्ति को जीवन में आगे बढ़ाने में गुरु का महत्वपूर्ण योगदान होता है। संस्कार भारती द्वारा गुरु सम्मान समारोह का आयोजन प्रशंसनीय है। मंच संचालन महामंत्री स्वरूप शेखर पांडेय व धन्यवाद ज्ञापन अरुण पाठक ने किया। समारोह का समापन वंदे मातरम गीत के समवेत गायन से हुआ।



# रोटरी क्लब ने विशेष बच्चों के साथ मनाया रक्षाबंधन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोटरी क्लब चास द्वारा मानव सेवा आश्रम के विशेष बच्चों के साथ रक्षा बंधन मना कर एक भावनात्मक और सामाजिक रूप से संवेदनशील विषय पर समाज को बड़ा संदेश दिया। रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष डिंपल कौर ने कहा कि रक्षा बंधन भाई-बहन के प्रेम और सुरक्षा का प्रतीक पर्व है। डिंपल ने बताया कि इस वर्ष रोटरी सदस्यों ने यह त्योहार कुछ खास तरीके से मनाया और इन असामान्य बच्चों के साथ रक्षाबंधन पर्व मनाकर अपनी संवेदनशीलता का परिचय दिया है। रो.अर्चना सिंह ने कहा कि इन बच्चों की मासूम मुस्कान और स्नेह ने त्योहार को और भी यादगार बना दिया। रोटरी क्लब चास की सचिव श्वेता रस्तोगी ने कहा कि रोटरी ने एक छोटे से आयोजन मे बच्चों को राखी बाँधी, मिठाइयाँ बाँटी, और खेल खेले। श्वेता ने कहा समाज में अक्सर इन बच्चों को उपेक्षित कर दिया जाता है, लेकिन वास्तव में ये बच्चे भी उतना ही प्यार, सम्मान और अपनापन पाने के हकदार हैं। रो. पूनम अग्रवाल ने कहा कि अनुभव ने हमें सिखाया कि त्योहारों का असली अर्थ केवल परंपराओं में नहीं, बल्कि प्यार और अपनत्व बाँटने में छिपा होता है। मानव सेवा आश्रम के संचालक राजेश प्रसाद ने बच्चों के साथ रक्षाबंधन मनाने पर रोटरी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ललिता चोपड़ा, कुमार अमरदीप, बिनोद चोपड़ा, प्रेम शंकर सिंह, लावण्या रस्तोगी आदि भी उपस्थित रहे।



# बोकारो में चोरी की घटना को अंजाम देने वाला शातिर चोर रांची से गिरफ्तार

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रांची से आकर बोकारो स्टील सिटी के सिटी थाना क्षेत्र में मई से जुलाई माह के बीच आठ घरों में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले विनोद सोरेंग को एसआईटी की टीम ने गिरफ्तार किया है। बोकारो एसपी हरविंदर सिंह के द्वारा गठित एसआईटी की टीम ने रांची के बरियातू थाना क्षेत्र के देशवाली मोहल्ले से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार विनोद के घर से चोरी के सोना चांदी के जेवरात समेत मोबाइल एवं अन्य सामान को भी बरामद किया गया है। चोरी की घटना को अंजाम देने में मदद करने एवं चोरी का सामान खरीदने वाले माराफारी थाना क्षेत्र के रहने वाले महेश कुमार उर्फ लल्ला को भी पुलिस में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महेश के पास से भी उसके घर से विभिन्न घरों में चुराया गया सोना चांदी के जेवरात पीतल का बर्तन सहित अन्य सामान को भी बरामद किया है। इसकी जानकारी एसपी हरविंदर सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार विनोद वर्तमान में रांची के बरियातू थाना क्षेत्र के देशवाली मोहल्ले में रहता है। उसने बोकारो स्टील सिटी थाना क्षेत्र में लगातार आठ चोरी की घटना को अंजाम देने का काम किया और उसको चोरी में मदद महेश करता था। घरों से चुराया गया सोना चांदी के जेवरात पीतल का बर्तन मोबाइल चांदी का सिक्का समेत चोरी की घटना को अंजाम देने का औजार भी बरामद किया है। विनोद पूर्व में बोकारो में रहता था 2005 में बीएसटी थाने में इसके खिलाफ चोरी का एक मुकदमा भी दर्ज है। यह उड़ीसा के सुंदर गढ़ का रहने वाला है। इसकी गिरफ्तारी होने से बोकारो स्टील सिटी एरिया में हो रही चोरी की घटना पर लगाम लगेगी।



# अधिवक्ता के निधन पर शोक सभा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिला अधिवक्ता संघ के नियमित सदस्य अधिवक्ता एस पी दरद का आकस्मिक निधन बंगलोर मे 5 अगस्त को इलाज के दौरान हो गया। आज उनके सम्मान मे बोकारो कोर्ट मे शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा को संबोधित करते हुए इंडियन एसोशिएशन ऑफ लॉयर्स के नेसनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने कहा की अधिवक्ता संत प्रसाद दरद पूर्व मे बोकारो स्टील प्लांट के लीगल चीफ रह चुके थे। उनके पत्नी का पूर्व मे ही निधन हो चुका था। वे अपने पीछे दो लड़का और एक लड़की छोड़ गए है। उनका जन्म 11 नवम्बर 1944 को हुआ था। वे बोकारो कोर्ट मे 2001 से वकालत कर रहे थे। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स की ओर से अधिवक्ता संत प्रसाद दरद को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बोकारो के सिविल कोर्ट परिसर में आयोजित एक शोक सभा में वकीलों ने उनके योगदान को याद किया और उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। इस अवसर पर शोक सभा में अधिवक्ता रंजन कुमार मिश्रा, फटीक चंद्र सिंह, संजय कुमार प्रसाद, सुनील चांडक, हसनैन आलम, वंशिका सहाय, इंद्रनील चटर्जी, विष्णु चरण महाराज समेत सैकड़ो अधिवक्ता मौजूद थे।

# सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की ग्रामीणों ने लगाई गुहार

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में टुंडी, पूर्वी टुंडी, राजगंज, निचितपुर, भेलाटांड़, गोविंदपुर, बाघमारा सहित अन्य क्षेत्र से आए लोगों ने विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। इसमें पूर्वी टुंडी, शंकरडीह के ग्रामवासियों ने बताया कि शंकरडीह में 7 एकड़ 94 डिसमिल सरकारी जमीन (गोचर भूमि) है। इसको अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए पूर्व में आवेदन दिया था। जिसमें से लगभग 35 से 40 डिसमिल जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। जबकि वहां सरकारी जमीन का बोर्ड भी है। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त सरकारी भूमि की खरीद बिक्री की जा रही है। इसे रोकने का प्रयास करने पर दबंगों द्वारा ग्रामवासियों को धमकी मिलती है। ग्रामवासियों ने उपायुक्त से सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की गुहार लगाई। वहीं पूर्वी टुंडी के एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि उनकी एकमात्र मकान सह दुकान की जमीन का राष्ट्रीय राजमार्ग 419 में अधिग्रहण किया जा रहा है। इसमें उनका 2 डिसमिल रैयती जमीन बचा हुआ है। परंतु पंजी 2 में जमीन का रकवा 0 हो गया है। सुधार के लिए अंचल कार्यालय में 21 मार्च 2025 और 24 जुलाई 2025 को ऑनलाइन और ऑफलाइन सुधार के लिए आवेदन दिया है। लेकिन अब तक पंजी 2 में सुधार नहीं हुआ है। इसके अलावा जनता दरबार में बाघमारा के खोनाठी में पीसीसी सड़क बनाने, अबुआ आवास की द्वितीय किस्त का भुगतान करने, दबंगों द्वारा निजी जमीन पर मकान बनाने में बाधा उत्पन्न करने, गलत कुसीर्नामा बनाकर मुआवजा की राशि लेने, एनएच 2 चौड़ीकरण के लिए तोपचांची में अधिग्रहित भूमि का मुआवजा नहीं मिलने, प्रोजेक्ट अफेक्टेड पर्सन का प्रमाण पत्र के बाद भी बीसीसीएल द्वारा नियोजन नहीं देने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने आमजनों की समस्या का समाधान करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया। जनता दरबार में जन शिकायत कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी नियाज अहमद भी मौजूद थे।



# रक्षाबंधन पर बहनों को झारखंड सरकार का उपहार

## 3 लाख 53 हजार 199 बहनों को मिली जुलाई महीने की सम्मान राशि

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत जुलाई 2025 में धनबाद जिले की कुल 3,53,199 बहनों को सम्मान राशि (2500 रुपए प्रति लाभुक) का सीधे उनके बैंक खातों में आधार-बेस्ड भुगतान कर दिया गया है। इस संबंध में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने बताया कि इसमें कुल 88 करोड़ 29 लाख 97 हजार 500 रुपए की राशि अंतरण की गई है। साथ ही योजना अंतर्गत जिला के लाभुकों को जून महीने में सम्मान राशि का भी भुगतान किया गया है। उन्होंने बताया कि यह योजना राज्य सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी और सम्मानित जीवन देने के उद्देश्य से शुरू की गई है, जिसके अंतर्गत लाभुक महिलाओं को हर माह 2500 रुपये की सम्मान राशि प्रदान की जाती है। प्रखंड एवं शहरी क्षेत्र के लाभुकों की संख्या (जुलाई 2025 माह के लिए) निम्न है। प्रखण्ड कार्यालय, बाघमारा - 46032,अंचल कार्यालय, बाघमारा - 7395, प्रखण्ड कार्यालय, बलियापुर - 21917,अंचल कार्यालय, बलियापुर - 1159, प्रखण्ड कार्यालय, धनबाद - 7237, अंचल कार्यालय, धनबाद - 35011 प्रखण्ड कार्यालय, एग्यारकुण्ड - 16904,अंचल कार्यालय, एग्यारकुण्ड - 5251, प्रखण्ड कार्यालय, गोविन्दपुर - 50976, अंचल कार्यालय, गोविन्दपुर - 848,अंचल कार्यालय, झरिया - 44733, प्रखण्ड कार्यालय, कलियासोल - 20123, प्रखण्ड कार्यालय, निरसा - 24272, प्रखण्ड कार्यालय, पूर्वी टुण्डी - 9860, अंचल कार्यालय, पुटकी - 17792,प्रखण्ड कार्यालय, तोपचाँची - 26976,प्रखण्ड कार्यालय, टुण्डी - 16713 । कुल लाभुकों की संख्या 3,53,199 कुल राशि 88,29,97,500 ।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK